रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 07, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 194 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.0 | 22.8 |
| जमशेदपुर | 32.4 | 22.0 |
| डालटनगंज | 32.6 | 21.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 73,200 |
| चांदी (किलो) | 1,00,000 |

- झामुमो ने बिहार विधानसभा चुनाव 2020 का लिया बदला मांगने के बाद भी झामुमो को नहीं दी गई थी एक भी सीट



- झामुमो में नए ट्विस्ट के संकेत, फंस सकता है लुईस मरांडी का टिकट, सीता की बड़ी बेटी गुरुजी से मिली, मांगी जामा सीट

## झारखंड का रण 2024 : इंडिया गठबंधन में नथिंग वेल

# क्या राजधनवार में होगा दोस्ताना संघर्ष, तेजस्वी कांग्रेस से नाराज

कौशल आनंद। रांची

इंडिया ब्लॉक में सबकुछ ठीक नहीं है. माले ने आखिरकार राजधनवार से राजकुमार यादव को चुनाव मैदान में उतार दिया है. वहीं बीती देर रात झामुमो ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी की जिसमें उसने इस सीट से निजामुद्दीन अंसारी को टिकट दे कर उतार दिया है. माले ने झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आग्रह पर हालांकि जमुआ सीट की जिद छोड़ दी है, मगर राजधनवार से प्रत्याशी उतार कर स्पष्ट संकेत दे दिया है कि वह अधिक समझौता करने की मूड में नहीं है. अब माले के हिस्से आयी एक और सीट बगोदर से सिटिंग विधायक विनोद के नाम का आधकारिक एलान होना बस शेष है. यानी कि अब माले निरसा, सिंदरी, राजधनवार और बगोदर सीट पर चुनाव लड़ने को पूरी तरह तैयार है. हालांकि राजधनवार में चुनाव 20 अक्टूबर को है, इसलिए अभी समय है कि अंतिम स्थिति तक क्या होता है. अगर नाम वापसी के अंतिम तिथि तक दोनों में कोई एक नाम वापस नहीं लेता है, तो यह तय है कि इस सीट पर इंडिया गठबंधन में दोस्ताना संघर्ष होगा.

### कांग्रेस-राजद में ठनी, झामुमो से भी नाराजगी

इंडिया गठबंधन के दो अन्य प्रमुख पार्टियां कांग्रेस और राजद में ठन गयी है. राजद के विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव बहुत ही भारी मन से छह सीट पर लड़ने को राजी हुए हैं. पिछली बार की तुलना में भी एक सीट कम ही मिली. राजद के सूत्र बताते हैं कि तेजस्वी यादव इसका बदला अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में लेंगे. बिहार में राजद और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारा इतना आसान नहीं होगा. कांग्रेस को बिहार में राजद से सीट लेने में एड़ी-चोटी एक करनी पड़ सकती है. हालांकि कांग्रेस ने छत्तरपुर की जगह राजद को विश्रामपुर दे दिया है मगर अब भी राजद को पिछली बार की चुनाव से एक सीट कम ही मिली है. 2019 के विधानसभा चुनाव में राजद को सात सीट देवघर, चतरा, छतरपुर, गोड्डा, हुसैनाबाद, कोडरमा, और बरकट्ठा सीट मिली थी. राजद की नाराजगी केवल कांग्रेस से ही नहीं बल्कि झामुमो से भी है. मगर झामुमो ने राजद पहले से दुखी रहा है. 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो ने राजद से झारखंड-बिहार से सटे सीटें मांगी थी मगर राजद ने एक सीट भी नहीं दिया. जिसका बदला झामुमो ने इस चुनाव में ले लिया.

### तो क्या मां-बेटी अलग-अलग पार्टी से आजमांएगी किस्मत



सीता सोरेन

मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा सोरेन और सीता सोरेन की बेटी जयश्री सोरेन गुरुजी के आवास पर बुधवार को सुबह पहुंची थीं. वह करीब डेढ़ से दो घंटे गुरुजी और दादी रूपी सोरेन के साथ रहीं. ऐस माना जा रहा है उनकी बेटी अपने पिता की सीट जामा से चुनाव लड़ना चाहती है. अब क्या गुरुजी और रूपी सोरेन का आशीर्वाद उसे मिला है या नहीं तो झामुमो की तीसरी लिस्ट जारी होने के बाद पता चलेगा. क्योंकि जामा से भाजपा की पूर्व विधायक लुईस मरांडी चुनाव लड़ा जाना तय माना जा रहा है. बतातें चलें कि भाजपा ने सीता सोरेन को जामताड़ा सामान्य सीट से उतारा है. क्योंकि दूसरी स्टेट की महिला यहां झारखंड में आरक्षण का लाभ नहीं उठा सकती हैं. इसलिए कल्पना सोरेन भी गांडेय समान्य सीट से चुनाव लड़ कर विधायक बनी और इस बार वे गांडेय से प्रत्याशी बनायी गयी हैं. सीता सोरेन और कल्पना दोनों ओडिशा निवासी हैं.

### झामुमो ने रांची से डॉ. महुआ माजी को उतारा



झामुमो ने बुधवार को अपनी दूसरी सूची जारी कर दी. जिसमें पार्टी ने तीसरी बार राज्यसभा सांसद डा महुआ माजी को अपना उम्मीदवार बनाया है. गत विधानसभा चुनाव में महुआ माजी बहुत ही कम अंतर से भाजपा के सीपी सिंह से चुनाव हार गयी थीं. इस बार भी रांची में कड़ा मुकाबला दिखने की उम्मीद की जा रही है.

## इधर, हेमंत सोरेन ने जेल में लगे ठप्पे की तस्वीर जारी कर कहा-

# जेल का जवाब जीत से




**रांची।** झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर से जेल में हाथ में लगे ठप्पे की तस्वीर जारी करते हुए पोस्ट किया है. उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि जेल का जवाब जीत से. भाजपा की हर एक साजिश का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा. जीतेगा झारखंड ! इससे पहले उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर भी हेमंत सोरेन ने हाथ में लगे कैदी वाले निशान की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी. बाद में फिर इसे बार और साझा किया. जिसमें लिखा कि भाजपा द्वारा प्रायोजित मेरी जेल यात्रा के दौरान झारखंड की जनता ने जो समर्थन दिया, उसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगा. अब चुनाव के ठीक-बीचों बीच इसे जारी करते हुए जनता को संदेश देने का काम किया.

## भाजपा के 32 उम्मीदवार करेंगे आज नामांकन, कई बड़े नेता रहेंगे मौजूद

**रांची।** भाजपा के 32 प्रत्याशी गुरुवार को अपनी-अपनी सीटों से नामांकन दाखिल करेंगे. इसमें कई राष्ट्रीय नेता और विभिन्न प्रदेशों के सीएम भी शामिल होंगे. कोडरमा से डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा से अमित कुमार यादव और बरही से मनोज यादव नामांकन करेंगे. इनके नामांकन में बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मौजूद रहेंगे. चंदनक्यारी से अमर बाउरी नामांकन दाखिल करेंगे. मौके पर असम के सीएम हिमंता विस्वा सरमा मौजूद रहेंगे. हजारीबाग से प्रदीप साहू, सिमरिया से उज्ज्वल दास और भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही नामांकन करेंगे. इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान मौजूद रहेंगे. बहरागोड़ा से डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, घाटशिला से बाबूलाल सोरेन, पोटका से मीरा मुंडा और जमशेदपुर पूर्वी से पूर्णिमा दास साहू नामांकन दाखिल करेंगी. इस अवसर पर हिमंता विस्वा सरमा मौजूद रहेंगे. चाईबासा से गीता बालमुचू, मझगांव से बड़कुंवर गगराई, चक्रधरपुर से शशि भूषण शामड नामांकन करेंगे.

## न्यूज इन ब्रीफ



### पंत ने टेस्ट रैंकिंग में कोहली को छोड़ा पीछे

**दुबई।** आईसीसी ने टेस्ट रैंकिंग जारी की है. ताजा टेस्ट रैंकिंग में ऋषभ पंत और सरफराज खान को काफी फायदा हुआ है. सरफराज ने लंबी छलांग लगाई है. वहीं ऋषभ पंत ने टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में जगह बना ली है. उन्होंने टीम इंडिया के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है. यशस्वी जयसवाल टॉप पांच की लिस्ट में शामिल हैं. -पूरी खबर पेज 10 पर

### एमवीए के तीनों दल 85-85 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शिवसेना (यूबीटी) ने पहली लिस्ट जारी कर दी है. इसमें 65 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है. आदित्य ठाकरे वर्ली से चुनाव लड़ेंगे, जबकि ठाणे सीट से राजन विचारे को टिकट दिया गया है. बता दें कि महा विकास अघाड़ी के बीच सीटों को लेकर लंबे समय से घमासान चल रहा था. लेकिन अब इस पर सहमति बन गई है. उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कांग्रेस, शरद गुट और उद्धव गुट यानी तीनों दल अब 85-85 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे. बाकी बची सीटों पर जल्द फैसला होगा.

### छोटा राजन को बेल सजा हुई निलंबित

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2001 के जया शेट्टी हत्या मामले में गैंगस्टर छोटा राजन को जमानत दे दी. उसे इस साल की शुरुआत में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी. हालांकि अब कोर्ट ने सजा निलंबित कर दी. न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने उसे एक लाख रुपए के मुचलके पर जमानत दी है. बहरहाल, राजन अन्य आपराधिक मामले के संबंध में अभी जेल में ही रहेगा.

### शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स भी गिरा

**मुंबई।** शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी दिन लाल निशान में बंद हुआ. सेंसेक्स 138.74 अंक की गिरावट के बाद 80,081.98 पर बंद हुआ. वहीं, निफ्टी 36.60 अंक गिरने के बाद 24,435.50 पर बंद हुआ. निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 359.50 अंक या 0.64 प्रतिशत चढ़ने के बाद 56,533.55 पर बंद हुआ.वहीं, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विसेज, एफएमसीजी सेक्टर और मीडिया में खरीदारी हुई.

### अब हर किसान जान सकेगा मौसम का हाल

**नयी दिल्ली।** ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर आपदा से जूझने की तैयारी को बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार रविवार से देश भर में ग्राम पंचायत स्तर पर रियल टाइम मौसम पूर्वानुमान व्यवस्था शुरू करने जा रही है. इस बारे में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जानकारी दी गई है. पंचायती राज मंत्रालय, मौसम विज्ञान विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग ने गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम पूर्वानुमान प्रणाली शुरू करने जा रहा है.

## प्रियंका ने वायनाड से किया नामांकन, साथ दिखा पूरा परिवार, बोलीं

# पहली बार सपोर्ट मांगने आई हूं

एजेंसियां। वायनाड

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को वायनाड उपचुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया. प्रियंका मंगलवार रात ही अपनी मां एवं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ यहां पर पहुंच गई थी. इस दौरान उनके साथ पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राबर्ट वाड्रा भी मौजूद थे. इसके अलावा कांग्रेस के तमाम बड़े नेता और मुख्यमंत्री भी मौजूद थे. नामांकन से पहले प्रियंका गांधी ने लोगों को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि वो यहां पर उनके परिवार की सदस्य बनाने आई हूं. गौरतलब है कि वायनाड उपचुनाव से प्रियंका गांधी का चुनावी सफर शुरू हो रहा है.

**यह मेरी नई शुरुआत है :** प्रियंका गांधी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं पहली बार 35 साल में अपने लिए सर्पोट मांगने आई हूं. मुझे मौका दीजिए, मेरी जिम्मेदारी है आपको पहचान दिलाने की. आपदा में सभी ने आप का बहुत साथ दिया है. मैं आपके परिवार का सदस्य बनने आई हूं. मेरे भाई ने 8 हजार किलोमीटर पैदल यात्रा की है. ये हमारे संस्कार हैं. आप मुझे बताएं कि आप की समस्या क्या है. मैं आप की समस्या को जानने के लिए आप के घर तक आऊंगी. मेरी ये नई शुरुआत है और आप मेरे गाइड हैं. यह एक बहुत ही अलग एहसास है. मैं कांग्रेस अध्यक्ष की बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे वायनाड से उम्मीदवार बनने का सौभाग्य दिया. जब पूरी दुनिया राहुल गांधी के खिलाफ थी, तब आप उनके साथ खड़े थे. मेरे भाई को लड़ने के लिए आपलोगों ने साहस दिया. मेरा पूरा परिवार आपका कर्जदार है. मुझे मालूम है कि उसे (राहुल गांधी) आपलोगों को छोड़ना पड़ा और मैं आपसे वादा करती हूं कि मैं आपके और उसके बीच के संबंधों को मजबूत करूंगी. प्रियंका ने कहा कि उन्हें 35 वर्षों का राजनीतिक प्रचार करने का अनुभव हासिल है. मैंने अपने पिता राजीव गांधी, मां सोनिया गांधी, भाई राहुल गांधी और अन्य पार्टी सहयोगियों के लिए चुनाव प्रचार किया है. उन्होंने दावा किया कि 1989 में जब मैं 17 साल की थीं, तभी से राजनीतिक प्रचार में भाग लेना शुरू कर दिया था. बकौल प्रियंका, तब उन्होंने अपने पिता और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के लिए वोट मांगे थे.- शेष पेज 7 पर



वायनाड में रोड-शो करतीं प्रियंका गांधी. साथ में राहुल गांधी भी मौजूद रहे.

### बहन के लिए वोट मांगते भावुक हुए राहुल गांधी

राहुल गांधी ने वायनाड में प्रचार के दौरान कहा कि आपके पास दो लोकसभा सांसद होंगे. एक आधिकारिक तौर पर प्रियंका गांधी होंगी और दूसरा मैं भी आपका ही सांसद हूं. राहुल गांधी ने कहा, मैं समझता हूं कि आप लोग इस रिश्ते को अच्छे से समझते होंगे. वायनाड के लोगों से मेरा खास रिश्ता रहा है. वायनाड ने मेरे लिए जो किया, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता. जब भावनाएं बहुत अधिक होती हैं, तो फिर उन्हें किसी ऐक्शन से ही व्यक्त किया जा सकता है.

**भाजपा की नव्या हरिदास भी हैं मैदान :** प्रियंका का मुकाबला एलडीएफ के सत्यन मोकेरी और भाजपा की नव्या हरिदास से है. लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को वायनाड और यूपी की रायबरेली सीट से जीत मिली थी, जिसके बाद राहुल ने वायनाड सीट छोड़ दी थी. राहुल के वायनाड सीट छोड़ने के कारण यहां उपचुनाव हो रहा है.

## जेल रिफॉर्म पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# कैदी सुधार पर दिए कई बड़े निर्देश

एजेंसियां। नयी दिल्ली

जेल रिफॉर्म पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है. जिसमें कैदी सुधार और कानूनी सहायता समेत बड़े निर्देश दिए गए हैं. कोर्ट ने कहा कि कैदी सुधार और कानूनी सहायता की पहुंच पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. साथ ही केवल आरोपी ही नहीं, पीड़ितों के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए.

कोर्ट ने सुहास चकमा बनाम भारत संघ मामले में फैसला सुनाया. ये फैसला जस्टिस बीआर गवई, केवी विश्वनाथन और प्रशांत मिश्रा की पीठ ने सुनाया. सुप्रीम कोर्ट ने सुधार गृहों, जेलों और जेल में बंद विचाराधीन कैदियों की दुर्दशा पर गंभीर चिंताएं जताई. बेहतर कानूनी सेवाओं पर जोर दिया. कोर्ट ने कानूनी सहायता के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने के महत्व को रेखांकित किया और निर्देश दिया कि कानूनी सहायता की जानकारी सब जगह यहां तक कि उच्च न्यायालय के मामले के दस्तावेजों के कवर पर भी प्रमुखता से प्रदर्शित की जानी चाहिए.

### कैदियों की स्थिति में सुधार की जरूरत

अपने फैसले में, कोर्ट ने जेलों और सुधार गृहों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए कई सिफारिशें कीं, ताकि कैदियों की स्थिति में सुधार हो सके और उन्हें समाज में पुनः एकीकृत किया जा सके. ये उपाय कैदियों को सुधारात्मक रास्ते पर लाने के उद्देश्य से हैं. देश में सबसे अधिक खुली जेलों वाले राज्य राजस्थान का इस मामले में विशेष रूप से उल्लेख किया गया. पीठ ने राज्य के सुधारात्मक प्रयासों की सराहना की और सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान की खुली जेल प्रणाली का कई बार दौरा किया है.

## आतंकी हमले से दहला तुर्किए

### राजधानी अंकारा में भीषण विस्फोट, कई लोगों की मौत

**अंकारा।** मुस्लिम देश तुर्किए की राजधानी अंकारा में बुधवार को आतंकी हमला हुआ है. आंतरिक मंत्री अली येर्लिकाया ने बताया कि राजधानी अंकारा में तुर्किए एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के हेडक्वार्टर पर हुए भीषण विस्फोट और गोलीबारी में कई लोगों की मौत हो गई है. सरकार ने अभी मौतों के आंकड़े जारी नहीं किए हैं. हमले का अभी तक किसी ने दावा नहीं किया है. सरकारी एजेंसी ने बताया कि मौके परएंबुलेंस और आपातकालीन सेवाएं भेज दी गई हैं. तुसास तुर्किए की सबसे महत्वपूर्ण रक्षा और विमानन कंपनियों में से एक है. यह अन्य परियोजनाओं के अलावा देश का पहला राष्ट्रीय लड़ाकू विमान केएएएन बनाती है.



## शिखर बैठक | चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ लंबी मुलाकात के बाद बोले पीएम मोदी

# एलएसी पर शांति और स्थिरता हमारी प्राथमिकता...

एजेंसियां। कजान

पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को रूस में ब्रिक्सा शिखर सम्मेलन के दौरान अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक की, जो पिछले पांच सालों बाद हुई है. ये बैठक करीब 50 मिनट तक चली है. यह बैठक उस वक्त हुई है, जब भारत और चीन ने देपसांग मैदानी क्षेत्र और डोमचाक क्षेत्र में एक-दूसरे को गश्त करने के अधिकार बहाल करने पर सहमति जताई है.

यह पूर्वी लद्दाख में एलएसी के संघर्ष को सुलझाने की कोशिशों को दिखाता है. द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए हमारी बैठक अहम है. सीमा पर सहमति का स्वागत है. मुझे विश्वास है कि हम खुले मन से बातचीत करेंगे और हमारी चर्चा कंस्ट्रक्टिव होगी. बैठक में पीएम मोदी ने भारत-चीन संबंधों के महत्व को स्वीकार किया. हमारा मानना है कि भारत-चीन संबंध न केवल हमारे लोगों के लिए, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं. मीटिंग के दौरान दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त की कि भारत-चीन सीमा के सवाल पर विशेष प्रतिनिधि सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन की देखरेख करेंगे. साथ ही इस मुद्दे का निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तलाशने के लिए जल्द ही बैठक करेंगे. दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि दो पड़ोसी और दुनिया के दो सबसे बड़े राष्ट्रों के रूप में भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का क्षेत्रीय वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. यह मल्टीपोलर एशिया और मल्टीपोलर वर्ल्ड में भी योगदान देगा. इससे पहले मोदी और जिनपिंग के बीच आखिरी बार 2019 में द्विपक्षीय मुलाकात हुई थी. फिर 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हो गए. हालांकि, मोदी और जिनपिंग के बीच आखिरी बार 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी20 समिट के दौरान मुलाकात हुई थी. -शेष पेज 7 पर



कजान में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलते पीएम नरेंद्र मोदी.

### अच्छी बातचीत

- दोनों नेताओं के बीच चली 50 मिनट तक बैठक, पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर विस्तार से जानकारी दी
- **मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि भारत और चीन के संबंधों का महत्व पूरी दुनिया के लिए है**

## केंद्र किफायती दरों पर अब चना व मसूर दाल भी बेचेगा

एजेंसी। नयी दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को सब्सिडी वाली दाल आम लोगों को उपलब्ध कराने के अपने कार्यक्रम का विस्तार करते हुए ''भारत'' ब्रांड के तहत साबूत चना और मसूर दाल को भी शामिल कर लिया. इनकी खुदरा बिक्री आम लोगों को बढ़ती कीमतों से राहत दिलाने के प्रयास के तहत होगी.

खाद्य व उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने बुधवार को भारत ब्रांड के दूसरे चरण का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि सहकारी नेटवर्क एनसीसीएफ, नेफेड और केन्द्रीय भंडार के माध्यम से साबूत चना 58 रुपये प्रति किलो और मसूर दाल 89 रुपये प्रति किलो की दर पर खुदरा रूप में बेची जाएगी. जोशी ने कहा, हम मूल्य स्थिरीकरण कोष के अंतर्गत रखे गए अपने बफर स्टॉक को सब्सिडी दरों पर बेच रहे हैं. सरकार ने सहकारी समितियों को 3 लाख टन चना और 68,000 टन मूंग आवंटित किया है. इस अवसर पर खाद्य व उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री बीएल वर्मा और निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया उपस्थित थे. एनसीसीएफ के प्रबंध निदेशक अनीस चंद्र जोसेफ ने कहा कि वितरण शुरू में दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में शुरू होगा. 10 दिनों के भीतर देशभर में इस योजना के तहत भारत ब्रांड के उत्पादों की खुदरा बिक्री की योजना है. उन्होंने कहा, साबुत चना को सब्सिडी वाले बिक्री कार्यक्रम के तहत शामिल किया गया है, क्योंकि इसकी भारी मांग है.

### ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म व खुदरा दुकानों पर मिलेंगे सस्ते अनाज




**राजद के 40 स्टार प्रचारक : चुनाव आयोग को भेजी गयी पूरी सूची, अनुमति कार्ड देने का आग्रह**

# राजद के लालू यादव, तेजस्वी, तेजप्रताप सहित होंगे 40 स्टार प्रचारक

संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड प्रदेश विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है. इसे मुख्य चुनाव आयोग को सूचनार्थ भेजा है और प्रचार प्रसार के लिए अनुमति कार्ड उपलब्ध कराने का आग्रह किया है. यादव ने बताया कि राजद झारखंड में काफी मजबूती से चुनाव लड़ रहा है और राजद का दावा है कि सभी उम्मीदवार प्रचंड वोटों से जीत दर्ज करें. स्टार प्रचारकों में लालू प्रसाद यादव सहित उनके पुत्र तेजस्वी और तेज प्रताप यादव भी शामिल हैं.

**स्टार प्रचारकों की सूची**





1.लालू प्रसाद यादव 2.तेजस्वी प्र यादव 3.अब्दुल बारी सिद्दीकी 4. मो.अली अशरफ फातमी 5.तेजप्रताप यादव 6.डॉ.रामानंद यादव 7.जयप्रकाश नारायण यादव 8.भोला यादव 9.ललित कु. यादव 10. प्रो.चंद्रशेखर 11.अर्जुन राय 12.रितु जायसवाल 13.आलोक कु. मेहता 14.भूदेव चौधरी 15.डॉ रामचंद्र पूर्वे 16.अभय कुशवाहा 17.शिवचंद्र राम 18.जितेन्द्र कु राय 19.संजय कु गुप्ता 20. कांति सिंह 21. जावेद इकबाल अंसारी 22.उदय नारायण चौधरी 23.स्वीटी सीमा हेंब्रम 24.तनवीर हसन 25.फैयाज अहमद 26.कारी सोहेब 27.शक्ति सिंह यादव 28.समीर कु महासेठ 29.मो.महबूब अली कैसर 30. सत्यानंद भोक्ता 31.गौतम सागर राणा 32.अभय सिंह 33.रंजन कु यादव 34.गिरधारी गोप 35.अनीता यादव 36.जमीरुद्दीन अंसारी 37.कुमार सर्वजीत 38. ममता भुइयां 39.आबिद अली और 40. रानी कुमारी.

## आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में राजनीतिक दलों का सहयोग अपेक्षित: के. रवि कुमार

**स्टार प्रचारकों के वाहनों के लिए जारी किए जा रहे हैं पास**

**रांची।** गुरुवार को निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल विधानसभा निर्वाचन में अपने स्टार प्रचारकों के लिए वाहनों की सूची उपलब्ध करते हुए उनके पास संग्रहित कर लें. उन्होंने कहा कि स्टार प्रचारकों द्वारा इस्तेमाल में लाए जाने वाले वाहनों की सूची भी अवश्य उपलब्ध करा दें. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं तक आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों की वृहत जानकारी उपलब्ध कराएं. स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग अपेक्षित है. उन्होंने कहा कि नामांकन के साथ ही प्रत्याशियों के द्वारा प्रचार- प्रसार में किए जाने वाले खर्च की गणना करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करना



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते सीईओ.

सुनिश्चित करें. बैठक में स्टार प्रचारकों द्वारा विमानों के इस्तेमाल से संबंधित सभी तरह के संशय के समाधान हेतु एयरपोर्ट आथोरिटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक में समन्वय स्थापित कराते हुए सभी आवश्यक दिशा निर्देशों से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया. बैठक में अगले मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक 30 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से की जाएगी इसका भी निर्णय लिया गया. इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

**जनसभा: गढ़वा के रामा साहू स्टेडियम में सभा का आयोजन**

# राजनीतिक लाभ के लिए जनता को हेमंत सरकार ने किया गुमराह: शिवराज

संवाददाता। गढ़वा

भाजपा के नामांकन कार्यक्रम के रामा साहू स्टेडियम में एक जनसभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद बीडी राम, कोयला खान मंत्री सतीश चंद्र दुबे, रॉबर्टगंज के विधायक भूपेश चौबे व पूर्व विधायक सतेन्द्र तिवारी ने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला किया. सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विपक्षी दलों के पास जनता के लिए कोई ठोस नीति या कार्यक्रम नहीं है. उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं. चौहान ने कहा, "विपक्ष विकास के मुद्दों पर बात करने से बच रहा है क्योंकि उनके पास दिखाने के लिए कोई काम नहीं है. लेकिन भाजपा ने विकास के हर पहलू पर काम किया है, और इसका परिणाम हमें इस चुनाव में दिखेगा.चौहान ने भाजपा की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र में सड़कें, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, जो आने वाले समय में भाजपा को और मजबूत बनाएंगी.



सभा को संबोधित करते शिवराज सिंह चौहान.

कोयला खान मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जनता के साथ धोखा कर रही है और राज्य के संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि जेएमएम सरकार के शासनकाल में कोयला खदानों का सही तरीके से प्रबंधन नहीं हो रहा है, जिससे राज्य को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और जनता के विकास से जुड़ी योजनाएं ठप पड़ी हैं.सांसद बीडी राम ने सभा में कहा कि भाजपा ने अपने हर वादे को पूरा किया है और राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दी है. उन्होंने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य की हर सीट पर जीत हासिल करेगी.रॉबर्टगंज के विधायक भूपेश चौबे ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सिर्फ राजनीति के लिए जनता को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता भाजपा के विकास कार्यों को देखकर पहले ही अपना मन बना चुकी है. उन्होंने कहा, "भाजपा ने जो विकास कार्य किए हैं, उसके बाद जनता को अब किसी और विकल्प की जरूरत नहीं है."

**जेएमएम के शासनकाल में कोयला खदानों का सही प्रबंधन नहीं हुआ: सतीश चंद्र दुबे**

पूर्व विधायक सतेन्द्र तिवारी ने कहा कि विपक्षी दल सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं. उन्होंने कहा, "विपक्ष के पास कोई ठोस एजेंडा नहीं है. वे सिर्फ जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता अब जागरूक हो चुकी है और वह भाजपा को ही अपना समर्थन देगी."

## तो पहली कैबिनेट में ही हुसैनाबाद को बनाएंगे जिला: हिमंता सरमा

**रांची।** असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्व सरमा ने कहा है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो पहली कैबिनेट में ही हुसैनाबाद को जिला बनाया जाएगा. साथ ही हुसैनाबाद का नाम रामकृष्ण या वीरों के नाम पर रखा जाएगा. वे बुधवार को हुसैनाबाद में भाजपा उम्मीदवार कमलेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य में बंटी और बबली की फिल्म बन रही है. हेमंत का कहना है कि कल्पना सोरेन काम कर रही हैं. कल्पना सोरेन कहती हैं कि हेमंत सोरेन काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि सोने का सिक्का सिर्फ बंटी-बबली के घर नहीं बल्कि आम लोगों के घर में भी जाना चाहिए.

**भाजपा की सरकार बनी तो लागू होगा एनआरसी :** हिमंता ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो एनआरसी लागू होगा. घुसपैठियों को कानून के जरीए लात मार कर बाहर किया जाएगा. असम की तरह झारखंड में भी डेमोग्राफी बदलने की साजिश है. यह चुनाव घुसपैठियों को बाहर करने का चुनाव है. भाजपा की सरकार बनी, तो पहली कैबिनेट में डेढ़ लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी.



- हुसैनाबाद का नाम भी बदलेगा, रामकृष्ण या वीरों के नाम पर होगा नामकरण
- हुसैनाबाद से कमलेश सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा में हेमंत सरकार को घेरा

## रांची बन गया भाजपा का अभेद्य किला 1990 से लगातार जीतती रही है भाजपा

प्रमुख संवाददाता। रांची


रांची विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी का अभेद्य किला बन गया है. वर्ष 1990 में इस सीट पर भाजपा ने कब्जा जमाया, तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा. 1990 से लगातार इस सीट से भाजपा प्रत्याशी जीतते रहे हैं. 1990 में भाजपा नेता गुलशन लाल आजमानी ने रांची सीट जीती थी. इससे पहले 1985 में कांग्रेस नेता जयप्रकाश गुप्ता ने रांची सीट पर जीत हासिल की थी. 1995 में भाजपा ने यशवंत सिन्हा को रांची सीट से प्रत्याशी बनाया था. लेकिन 1996 के लोकसभा चुनाव में यशवंत सिन्हा हजारीबाग संसदीय सीट से चुनाव जीत गये. 1997 में हुए उपचुनाव में सीपी सिंह ने पहली बार जीत दर्ज की. उसके बाद से वे लगातार इस सीट से जीतते रहे हैं. भाजपा ने सातवीं दफ उन पर भरोसा करते हुए उन्हें रांची विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है.

**2019 के चुनाव में कड़ी टक्कर के बावजूद करीब 6 हजार वोटों से पिछड़ गयी थीं महुआ**

**पार्टी नेतृत्व ने आखिर क्यों सीपी पर ही भरोसा जताया :** वर्ष 2000, 2005, 2009, 2014 और 2019 का चुनाव सीपी सिंह ने जीता था. सिंह भाजपा सरकार में मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं. हालांकि 2019 के विस चुनाव में उन्हें झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी ने कड़ी टक्कर दी थी. इस बार कयास लगाया जा रहा था कि उम्र की वजह से भाजपा सीपी सिंह की जगह किसी और को प्रत्याशी बना सकती है. भाजपा के अंदरखाने में भी प्रत्याशी बदले जाने की चर्चा हो रही थी. लेकिन भाजपा का शीर्ष नेतृत्व हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के साथ चुनाव मैदान में उतरा है. भाजपा के लिए एक-एक सीट की अहमियत है. इसे ध्यान में रखते हुए आखिरी वक्त पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने सीपी सिंह को मैदान में उतारने का निर्णय लिया. रांची सीट से प्रत्याशी बदल कर भाजपा नेतृत्व कोई रिस्क लेना नहीं चाहता था. चूंकि सीपी सिंह लगातार क्षेत्र की जनता से मिलते-जुलते रहते हैं और लोगों के बीतच उनकी अच्छी पकड़ है, इसलिए ही पार्टी नेतृत्व ने उनपर भरोसा किया. पार्टी नेतृत्व को यह भी आभास था सीपी सिंह को बदल कर किसी नए को प्रत्याशी बनाया जाता है, तो उसके लिए राह उतना आसान नहीं रह जाता. ऐसे में विपक्षी प्रत्याशी भाजपा पर भारी पड़ सकता था. नए प्रत्याशी को उतारने पर टिकट की दौड़ में शामिल दूसरे नेताओं के रूठने का भी अंदेशा था. इसलिए अंतिम समय में नेतृत्व ने सीपी पर ही दांव खेलना मुनासिब समझा.

**कई राउंड पिछड़ने के बाद सीपी 5904 वोटों से जीते थे :** वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के सीपी सिंह और महुआ माजी आमने-सामने होंगे. 2019 के चुनाव में कई राउंड में पिछड़ने के बाद सीपी सिंह ने महुआ माजी को 5904 वोटों के अंतर से पराजित किया था. सीपी सिंह को 79,646 वोट मिले थे, जबकि महुआ माजी को 73,742 वोट.

**भाजपा ने सातवीं बार सीपी सिंह को प्रत्याशी बनाया, झामुमो की महुआ माजी से होगी टक्कर**



*1985 में कांग्रेस नेता जयप्रकाश गुप्ता ने रांची सीट पर जीत हासिल की थी*

*1995 में भाजपा ने यशवंत सिन्हा को रांची सीट से प्रत्याशी बनाया था*

*1996 के लोकसभा चुनाव में यशवंत सिन्हा हजारीबाग संसदीय सीट से चुनाव जीत गये.*

## 'तेजस्वी की ब्रांड वैल्यू नहीं है' बयान पर जेएमएम ने हिमंता को दिया जवाब

संवाददाता। रांची

जेएमएम के प्रवक्ता मनोज पांडे ने बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें हिमंता ने तेजस्वी की ब्रांड वैल्यू पर कमेंट किया था. दरअसल, हिमंता विस्वा सरमा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया. वीडियो में वह कह रहे हैं कि तेजस्वी यादव का भयंकर अपमान हुआ. राहुल गांधी के फोन के बावजूद और तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे खटखटाने के बाद भी हेमंत सोरेन उनसे मिल नहीं रहे हैं. उन्होंने कहा, राजनीति का एक तरीका है कि अगर मैं किसी से मिलने के लिए गया हूं तो अगली बार वो मुझसे मिलने के लिए आएंगे. लेकिन, यहां तो तेजस्वी यादव से मिलने के लिए हेमंत सोरेन नहीं आए. बिहार की जनता के सामने वह एक्सपोज हो चुके हैं. जेएमएम नेता मनोज पांडे ने हिमंता विस्वा सरमा को जवाब देते हुए कहा, इसका मतलब यह है कि तेजस्वी यादव की ब्रांड वैल्यू बहुत बड़ी थी. मैं बस उन्हें यह कहना चाहता हूं कि आप नहीं तय करेंगे कि किसकी कितनी ब्रांड वैल्यू है.

## कल नामांकन करेंगे सपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह

संवाददाता। लातेहार

मनिका विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रत्याशी रघुपाल सिंह आगामी 25 अक्टूबर को अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल करेंगे. श्री सिंह महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन करेगें. इससे पहले श्री सिंह के आवासीय परिसर में समाजवादी पार्टी के मनिका प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजित की गयी. बैठक में उक्त निर्णय लिया गया. कहा गया कि इस नामांकन में मनिका से हजारों कार्यकर्ता भाग लेगें. समाजवादी पार्टी के नेता बलि यादव एवं देवांश यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रघुपाल सिंह को सभी जाति सभी धर्म के लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है और इस विधानसभा क्षेत्र से सपा का विजय हासिल होगा. बैठक में भारदुल सिंह, आनंद कुमार राय, प्रमोद कुमार यादव, उमेश यादव , कुंदन कुमार, रासबिहारी प्रसाद यादव, दामोदर यादव, अनिल विश्वकर्मा, संजीत कुमार यादव, अरविंद कुमार यादव समेत काफी की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे. मंगलवार को मनिका पहुंचने पर रघुपाल सिंह का स्वागत किया गया था.



बैठक के बाद कार्यकर्ताओं के साथ सपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह.

**मनिका में त्रिकोणीय चुनाव के आसार :** सपा के रघुपाल सिंह के चुनावी मैदान में कूद जाने से मनिका में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार दिखायी पड़ रहे हैं. मनिका में भाजपा से रघुपाल सिंह अपना नामांकन कर चुके हैं और कांग्रेस से रामचंद्र सिंह 24 अक्टूबर को अपना नामांकन करेगें. पहले तो संघर्ष भाजपा और कांग्रेस में थी, लेकिन अब सपा से रघुपाल सिंह के मैदान में हैं.

## जीतनराम मांझी की पार्टी हम ने उतारे आठ उम्मीदवार

**रांची।** जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तान अवाम मोरचा(हम) ने झारखंड विधानसभा चुनाव में आठ उम्मीदवारों को चुनावी अखाड़े में उतारा है. उम्मीदवारों की सूची पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार ने जारी कर दी.

- मनोज भुइयां चतरा से होंगे उम्मीदवार

| नाम | सीट | नाम | सीट |
|---|---|---|---|
| मनोज भुईंया | चतरा | विनित कुमार | विश्रामपुर |
| अतुल कुमार सिंह | मनिका | अनिल मांझी | छत्तरपुर |
| उपेंद्र भुईंया | लातेहार | सुभद्रा देवी | हुसैनाबाद |
| अजीमउद्दीन अंसारी | डालटनगंज | सुभाष कुमार | पांकी |

## जयराम महतो की पार्टी ने नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की

रांची। जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक मोरचा ने नौ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है. पार्टी अब तक 58 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में उतार चुकी है.

- अब तक झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा उतार चुका है 58 उम्मीदवार

| नाम | सीट | | |
|---|---|---|---|
| चतरा | अशोक भारती | बाघमापा | दीपक कुमार रवानी |
| तोरपा | विल्सन भेंगरा | गिरिडीह | नवीन आनंद चौरसिया |
| कोलेबिरा | पुनित कुमार | बगोदर | डॉ सलीम अंसारी |
| जमशेदपुर प. | तपन कुमार | गुमला | निशा कुमारी भगत |
| | | लोहरदगा | किशकोर उरांव |

### पूर्व आईपीएस राजीव रंजन ने भाजपा से किया किनारा

**रांची।** पूर्व आइपीएस राजीव रंजन ने भाजपा से किनारा कर लिया है. उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने भाजपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि टिकट बंटवारे में परिवारवाद हावी रहा. उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को सौंप दिया है.

**दिनेश विलियम मरांडी भी नाराज :** इधर, झामुमो विधायक दिनेश विलियम मरांडी का टिकट कटने के बाद उन्होंने नाराजगी जाहिर की है. उनकी जगह हेमलाल मुर्मू को टिकट दिया गया है. मरांडी ने पार्टी के इस निर्णय पर नुकसान होने की संभावना जताई है. उन्होंने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि आखिर मेरा टिकट क्यों काटा गया.

**फ्लैश बैक-06 अविभाजित बिहार में लातेहार विधानसभा क्षेत्र में कभी कांग्रेस थी बहुत मजबूत पकड़**

# कांग्रेस ने कभी दिये थे पांच विधायक, आज सीट के लिए तरस रही




**1962 में लगातार दूसरी बार जॉन मुंजनी लातेहार से विधायक चुने गये**

आशीष टैगोर। लातेहार

अविभाजित बिहार में लातेहार विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने पांच-पांच विधायक दिये हैं. लेकिन झारखंड गठन के बाद यहां से कांग्रेस को एक भी विधायक नहीं मिला. आज यहां कांग्रेस सीट तक के लिए तरस रही है. कभी लातेहार की सीट गठबंधन के घटक दल को चला गया तो कभी कांग्रेस का प्रत्याशी खड़ा भी हुआ तो जीत नहीं पाया. अविभाजित बिहार में हुए 1952 के विधानसभा चुनाव में लातेहार के गिजनांदन सिंह पहले कांग्रेस विधायक बने थे. हालांकि 1957 के चुनाव में गिरजानंद सिंह छोटानागपुर संस्थाल परगनाज जनता पार्टी के जॉन मुंजनी से हार गये. 1962 में लगातार दूसरी बार जॉन मुंजनी लातेहार से विधायक चुने गये. 1967 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टी. सिंह लातेहार से दूसरे कांग्रेस विधायक चुने गये. 1969 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी झमन सिंह भारतीय जनसंघ के यमुना सिंह से हार गये. इसके बाद 1972 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के विजय विजय कुमार ने भाजसं के यमुना सिह को हरा कर लातेहार के तीसरे काग्रेस विधायक बने. 1977 में जनता पार्टी के रामदेव राम लातेहार के विधायक चुने गये.

*1952 में गिरजानंदन सिंह ने खोला था खाता, हरिदर्शन राम थे आखिरी विधायक*

*झारखंड गठन के बाद नहीं बना एक भी कांग्रेस का विधायक*

**लगातर दूसरी बार विधायक चुने गये हरिदर्शन राम :** 1980 में कांग्रेस के हरिदर्शन राम ने रामदेव राम को हरा कर लातेहार के चौथे कांग्रेसी विधायक चुने गये. साल 1985 में एक बार फिर हरिदर्शन राम लातेहार से पांचवें व आखिरी कांग्रेसी विधायक चुने गये. 1990 में भाजपा के रामदेव राम ने हरिदर्शन राम को हरा दिया था. 1995 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही. कांग्रेस के हरिदर्शन राम को राजद के बालजीत राम ने हराया.

**दरकने लगी कांग्रेस की दीवार :** 1995 के बाद से कांग्रेस की दीवार लातेहार विधानसभा क्षेत्र में दरकने लगी. झारखंड गठन के बाद कांग्रेस चुनावों में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सका. 2000 के चुनाव में कांग्रेस के लक्ष्मण गंझू 1802 वोट ला कर पांचवें स्थान पर रहे थे. जदयू के बैद्यनाथ राम चुनाव जीते. गठबंधन के तहत कांग्रेस ने 2005 का चुनाव यहां नहीं लड़ा और राजद का समर्थन किया. 2009 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने एक बार फिर अपना प्रत्याशी उतारा. कांग्रेस के सुरेश राम 7865 वोट ला कर चौथे स्थान पर रहे. साल 2014 व 2019 के विधानसभा चुनावों में गठबंधन के तहत लातेहार में कांग्रेस ने गठबंधन दलों का समर्थन किया.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 07, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 194 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### अफसर पर गिरी गाज, चलेगी विभागीय कार्यवाही

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर विपिन उरांव पर गाज गिर गई है. सरकार ने उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है. विपिन उरांव पर आरोप है कि वे सात साल तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे. प्रथम दृष्टया में यह आरोप प्रमाणित पाया गया है. इस मामले की जांच के लिए पूर्व आइएएस गणेश कुमार जो जांच संचालन पदाधिकारी बनाया गया है. विपिन उरांव से 15 दिनों के अंदर जवाब मांगा गया है. वे 14 जून 2016 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे थे.

### अमन गैंग के शंकर यादव को बेल नहीं

**रांची।** रांची एनआईए की विशेष कोर्ट ने गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे शंकर यादव को बेल देने से इनकार कर दिया है. एनआईए और बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने शंकर की जमानत याचिका खारिज कर दी है. एनआईए ने लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में गोलीबारी मामले में शंकर को 9 फरवरी 2024 को गिरफ्तार किया था. तब से वह जेल में ही है. गिरफ्तारी के दौरान उसके ठिकाने से 1 करोड़ 30 लाख रुपए भी बरामद किए गए थे. जांच के क्रम में यह बात सामने आई थी कि बरामद हुआ पैसा अमन साहू द्वारा लेवी और रंगदारी से वसूला गया था. लातेहार पुलिस द्वारा 18 दिसंबर 2020 को दर्ज केस को एनआईए ने 4 मार्च 2021 को टेकओवर किया था.

### अमरप्रीत सिंह काले बने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता

**रांची।** भाजपा ने अमरप्रीत सिंह काले को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है.



प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार अमरप्रीत सिंह काले को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया गया है. जारी आदेश में कहा गया है कि अमरप्रीत के सहयोग से संगठन और अधिक मजबूत होगा. अमरप्रीत को प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने का भाजपा नेताओं ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे संगठन में मजबूती आएगी और पार्टी की बात आम लोगों तक सहजता से पहुंच पाएगी. काले को संगठन का लंबा अनुभव रहा है और पूर्व में भी उन्होंने प्रवक्ता पद की जिम्मेवारी संभाली है.

झारखंड के फाइनेंस सेक्रेटरी ने सभी विभागों के एचओडी को लिखा पत्र, कहा

# वित्त विभाग ने शुरू की नए वित्तीय वर्ष के लिए बजट बनाने की तैयारी

रवि भारती। रांची

▪ जीवन और आजीविका की सुरक्षा व विकास को ध्यान में रख कर तैयार किया जाना है बजट

वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट बनाने की तैयारी शुरू कर दी है. साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित बजट का प्राक्कलन तैयार करने का आदेश जारी किया है. इसके लिए वित्त विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष को पत्र लिखा है. वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 को लिए बजट निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. संसाधन सीमित हैं इस कारण सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए राज्य के सतत और समावेशी विकास के लिए आगामी वितीय वर्ष 2025-26 का बजट तैयार किया जाना है. बजट प्रस्ताव के गठन में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखे जाने की आवश्यकता है.

**स्थापना व्यय में इन तथ्यों को किया जाए शामिल :** स्थापना व्यय में वेतन, मजदूरी, देशीय यात्रा व्यय, विदेश यात्रा व्यय, कार्यालय व्यय, आपूर्ति एवं सामग्री, मुद्रण एवं प्रकाशन, विज्ञापन, प्रशिक्षण व्यय, मोटर गाड़ी ईंधन एवं मरम्मति, अनुरक्षण, मरम्मति एवं सुसज्जीकरण, राशन की लागत वर्दी, संविदा व्यय, व्यवसायिक सेवा, किराया दरें एवं कर, पेंशन संबंधी प्रभार, पुरस्कार, मोटरगाड़ी, विद्युत व्यय, ऋण/ब्याज का भुगतान को भी शामिल किया जाए. वित्त विभाग ने विभागों से राजस्व प्राप्तियों का ब्योरा देने के लिए नौ दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की है. स्थापना व्यय का ब्योरा देने के लिए 25 नवंबर की तिथि निर्धारित की है. वहीं सामान्य बजट के प्राकलन के लिए 16 जनवरी 2025 की तिथि निर्धारित की है.

### जीवन, आजीविका और विकास पर जोर

पत्र में कहा गया है कि जीवन और आजीविका की सुरक्षा तथा विकास को ध्यान कर बजट तैयार किया जाएगा. पिछले वर्षों में शुरू की गयी योजनाओं के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सम्यक प्रयास किए जाएं. इस तथ्य का ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि जिन योजनाओं ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है, उनके स्थान पर वर्तमान समय में प्रासंगिक योजनाएं प्रस्तावित की जाएं जिनसे अधिकतम जनकल्याण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके. समाज के अंतिम कगार पर बैठे व्यक्ति का अधिकतम कल्याण संभव हो सके. बजट प्रस्ताव गठित करते समय मितव्ययिता के सिद्धांत को भी ध्यान में रखा जाए. व्यय का प्रस्ताव एफआरबीएम एक्ट में दी गई सीमाओं के अंतगर्त ही दिए जाएं. इसके अलावा सेंट्रल और स्टेट स्कीम का पूरा ब्योरा दिया जाए.



### राजस्व प्राप्तियों में इन तथ्यों को किया जाए शामिल

राजस्व प्राप्तियों में राज्य के स्व-कर से इनकम जैसे ट्रांसपोर्ट, लैंड रेवेन्यू, राज्य उत्पाद कर को शामिल किया जाए. गैर-कर-आय जैसे- रॉयल्टी, सार्वजनिक उपक्रमों से अर्जित लाभांश, सरकारी उधारों पर ब्याज तथा अन्य स्रोतों से विभागों की आय को शामिल किया जाए. इसके अलावा कर और शुल्क (फीस) तथा अधिभारों की वर्तमान दर, पिछले तीन वर्षों में प्राप्ति की वास्तविक स्थिति एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्तियों की वृद्धि दर की प्रवृत्ति, पूर्व के वर्षों का बकाया तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में उसकी वसूली की संभावना को भी शामिल किया जाए.

घाटशिला में रामदास सोरेन के नामांकन करने से पहले सभा को हेमंत सोरेन ने किया संबोधित, कहा

# विकास की लंबी सूची के बोझ तले दब कर मर रहा विपक्ष



घाटशिला में चुनावी सभा को संबोधित करते सीएम हेमंत सोरेन.

राजेश चौबे। घाटशिला

झामुमो प्रत्याशी रामदास सोरेन के नामांकन के बाद हुई जनसभा में बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल हुए. सभा में सीएम ने कहा कि झारखंड राज्य बड़ी कुर्बानियों के बाद हमें मिला है, लेकिन इसका सुख भाजपा वालों ने ही 19 वर्ष तक भोगा. हमें विषम परिस्थिति में झारखंड मिला था. 2 साल कोरोना में ही चला गया. बाकी तीन वर्ष में हमने विकास में योजनाओं की झड़ी लगा दी. विकास योजनाओं की लंबी सूची के बोझ तले विपक्ष दब कर मर रहा है. महिलाओं को मुख्यमंत्री सम्मान योजना की राशि दिसंबर माह से बढ़कर 2500 रुपए कर दी गई है. कोरोना काल के समय में यही माता-बहनें गांव-गांव में लोगों के दाल-भात योजना से जोड़ कर उन्हें भूखे मरने नहीं दिया था, उसी समय निर्णय लिया था कि महिलाओं को इसका सम्मान देंगे और इसे पूरा किया गया है. एक वर्ष में प्रत्येक गरीब गुरुवा माता-बहन को 1.5 लाख रुपया देंगे, ताकि उसे कभी जरूरत पड़ने पर महाजन के पास हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़े. उन्होंने चंपाई सोरेन का नाम लिए बिना कहा कि बाजार हाट में जैसे सामान की खरीद-बिक्री होती है, उसी प्रकार हमारे नेताओं को भाजपा वालों ने पैसे के बल पर खरीद लिया, लेकिन इससे झामुमो कहीं से भी कमजोर नहीं हुआ है.



### भाजपा ने सीबीआई व ईडी का डर दिखाना शुरू कर दिया

*मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे नेता जो बिकने को तैयार नहीं हो रहे हैं, उसे भाजपा ने सीबीआई और ईडी का डर दिखाना शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को होने वाले मतदान में महागठबंधन के प्रत्याशी रामदास सोरेन को जिता कर झामुमो को फिर सरकार में लाने का काम करें. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो ने मंईयां सम्मान योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री, बिजली बिल माफ करने, मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत लोगों को रोजगार से जोड़ने समेत कई ऐसे काम किये जो हमेशा याद रखे जाएंगे. नामांकन सभा को पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार समेत कई लोगों ने संबोधित किया.*

### भाजपा के राज्य में आदिवासियों को नहीं मिल रहा सम्मान : मंत्री

जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि भाजपा के राज में झारखंड के आदिवासियों को मान-सम्मान नहीं मिल रहा है. असम के आदिवासियों को टी ट्राईबल कहा जाता है. इसलिए अधिक भाजपा वाले को वोट देते हैं तो झारखंड के आदिवासियों का भी मान सम्मान खत्म कर देगा. इसलिए किसी भी तरह के बहकावे में ना आएं. महागठबंधन की सरकार बनेगी तो यहां के आदिवासी मूलवासी अल्पसंख्यक वर्ग को पूरा सम्मान मिलेगा.

### झारखंड का विकास हिमंता से नहीं हेमंत से होगा : लक्ष्मण टुडू

पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने कहा के झारखंड का विकास सही में हेमंत सोरेन ही कर सकते हैं, हेमंता से नहीं होने वाला है. झारखंड मुक्ति मोर्चा वास्तव में गरीब, महिला, किसान एवं छात्रों के लिए जो काम किया है वह शायद ही कभी हुआ था. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कहते हैं उस पर अमल करते हैं. आने वाले समय में महिलाओं के खाते 2500 रुपये सम्मान राशि के रूप में मिलेगा.

# झारखंड के बच्चों के साथ नहीं होने देंगे नाइंसाफी: बाबूलाल

प्रमुख संवाददाता। रांची

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए कहा है कि झारखंड के नौजवानों के खातिर, आपको जितना केस करना है, कर लीजिए. अगर हमको जेल जाना जीवन भर रहेगा, तो जीवन भर जेल में रहेंगे, लेकिन झारखंड के बच्चों के साथ नाइंसाफी नहीं होने देंगे. बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले युवाओं को पढ़ाई, परिवार और नौकरी के दबाव के साथ-साथ आर्थिक कठिनाई का भी सामना करना पड़ता है. पिछले चुनाव में हेमंत सोरेन ने युवाओं की इसी मजबूरी का फायदा उठा कर स्नातक पास युवाओं को 5,000 रुपए और स्नातकोत्तर पास युवाओं को 7,000 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का झांसा दिया. इस पर युवा साथियों ने जो भरोसा हेमंत सोरेन के ऊपर दिखाया, उसका बदला हेमंत ने युवाओं की पीठ में खंजर घोंप कर दिया. युवाओं को ना नौकरी मिली, ना बेरोजगारी भत्ता.



### पेपर लीक कर खूब धन कमाया

बाबूलाल ने आगे लिखा है कि हर साल 5 लाख नौकरी देने का वादा कर सत्ता में आई झामुमो-कांग्रेस की सरकार ने जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल, पीजीटी जैसी परीक्षाओं की सारी सीटें बाहरी लोगों के हाथों में बेच दी और पेपर लीक कर खूब धन कमाया. उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि आप सबों ने हेमंत सोरेन के कारण पिछले 5 सालों में जो बेरोजगारी, अपमान और वादाखिलाफी का दंश झेला है, अब उसका हिसाब बराबर करने का समय आ गया है. हेमंत सोरेन ने अपने पिता की कसम खाकर 5 लाख लोगों को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन उनके के सभी झूठे वादों की पोल खुल गई.

## भतीजे ने चाची की हत्या की, गिरफ्तार

**गढ़वा।** रमकंडा प्रखंड में जमीन घेरा बंदी को लेकर गोतिया परिवारों के बीच आपसी झगड़े में भतीजे ने चाची की सबल से मारकर हत्या कर दी. मृतका बौद्ध भुइयां की पत्नी नागवंती है. हत्या करके भाग रहे आरोपी मनोज भुइयां व उसकी पत्नी शीला को रमकंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. वहीं इस हत्या में शामिल उनके दो नाबालिग पुत्रों को भी हिरासत में लिया गया है. रमकंडा थानेदार सुरेंद्र सिंह कुंटिया मौके पर पहुंचे व जानकारी ली. मृतका नागवंती का पति बाहर कमाने गया है. मृतका व आरोपियों के बीच जमीन की घेराबंदी को लेकर झंझट था. विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट हो गयी. नागवंती के ढेला मारने से गुस्साए आरोपी भतीजे, उसकी पत्नी व बेटों ने नागवंती की पिटाई की, फिर सबल से सिर पर वार कर दिया. नागवंती के सिर में सबल घुस जाने तथा रक्तस्राव होने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत गई.

## वाहन जांच अभियान में 15 लाख का गांजा बरामद, एक हिरासत में



चेकपोस्ट के समीप बरामद गांजा के साथ एसडीपीओ व अन्य.

संवाददाता। लोहरदगा

▪ मोना यात्री बस में मिली गांजा, जांच कर रही नारकोटिक्स विभाग

कुड़ु चंदवा पथ पर जामुन टोली मोड़ के समीप बने चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान मोना बस से 22 किलो गांजा जब्त किया गया. जब्त गांजा की कीमत 15 लाख रुपए है. पुलिस ने गांजा लेकर जा रहे अधेड़ को दो घंटे बाद हिरासत में ले लिया. सूचना के नारकोटिक्स विभाग को सूचना दे दी गई.

बताया गया कि चतरा से रांची जा रही मोना बस को जांच के लिए चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस ने रोका. जांच के दौरान डिक्की में एक बोरा दिखा. बोरा को खोलने पर उसमें गांजा पैकेट में रखा था. इसी बीच पेशाब के बहाने बना बोरा मालिक फरार हो गया. इस बीच चेक पोस्ट पर गांजा बरामद होने की सूचना फैल गई. भारी संख्या में लोग चेक पोस्ट पर पहुंच गए, चेक पोस्ट पर वाहनों की कतार लग गई. मौके पर एसडीपीओ, बीडीओ पहुंचे तथा गांजा को जब्त कर थाना ले गए. नारकोटिक्स विभाग को सूचना दी गई. वाहन के कर्मियों ने बताया, अधेड़ ने बालूमाथ के बारियातू नचना गांव के समीप से वाहन में बोरा को लोड किया था. गांजा चतरा से रांची जा रहा था. गांजा तस्कर के फरार होने के बाद कुड़ु पुलिस सक्रिय हुई तथा ग्रामीणो के सहयोग से फरार गांजा तस्कर को दो घंटे के बाद चंदवा थाना क्षेत्र के कुड़ु से सटे गोली गांव के जंगल से पकड़ा गया. पुलिस हिरासत में लिए गए गांजा तस्कर से पुछताछ कर रहीं है. पकड़ा गया अधेड़ हजारीबाग का रहने वाला बताया जा रहा है. पुलिस व नारकोटिक्स विभाग मामले की जांच कर रहा है.

## चुनाव आते ही बड़े पैमाने पर बरामद होने लगती है अवैध शराब

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगते ही, झारखंड में बड़े पैमाने पर अवैध शराब बरामद होने लगे हैं. हर दिन झारखंड के किसी न किसी जिले में अवैध शराब बरामद होने की खबर आ रही है. लेकिन आचार संहिता से पहले इस तरह की कार्रवाई देखने को काफी कम ही मिलती है. जिस तरीके से आचार संहिता में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, इसी तरह से आचार संहिता लगने से पहले भी इस तरह की कार्रवाई हो तो राज्य में अवैध शराब के कारोबार पर काफी हद तक लगाम लग जाएगी.

**आचार संहिता के दौरान पकड़ी गई शराब का क्या होता है :** आचार संहिता के दौरान जो अवैध शराब पकड़ी जाती है, उसे जब्त कर पुलिस उत्पाद विभाग को सौंप देती है. कई बार चुनाव आयोग की टीम, उत्पाद विभाग की टीम और पुलिस मिलकर अवैध शराब पकड़ने का ऑपरेशन भी चलाती है. इस दौरान देसी और विदेशी दोनों तरह की शराब पकड़ी जाती हैं. उत्पाद विभाग के अधिकारी के मुताबिक, इस शराब को बेचा नहीं जा सकता. यह किसी अकाउंट से नहीं होती. इन शराब की बोतलों पर रोड रोलर या फिर बुलडोजर चला दिया जाता है. या फिर बोतल को किसी बड़े गड्ढे में डाल कर ठिकाने भी लगाया जाता है.

# धनबाद-बोकारो सीमा पर पुलिस ने कार से बरामद किये 71. 97 लाख नकद

संवाददाता। धनबाद

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर डीआईजी सुरेंद्र झा के निर्देश पर बोकारो और धनबाद में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इसी दौरान मंगलवार की देर रात पुलिस ने धनबाद-बोकारो सीमा पर एक इनोवा कार से 71.97 लाख नकद बरामद किया है. तेलमोच्चो दामोदर पुल के निर्मित अंतर्जिला चेक नाका के पास से यह कैश बरामद हुआ है. इनकम टैक्स (आईटी) की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है.

**पुलिस बैरिकेडिंग लगाकर पकड़ा :** इस संबंध में बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर रात तेलमच्चो स्थित अंतर्जिला चेकनाका पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान बोकारो से धनबाद जा रही इनोवा कार (कार संख्या जे एच 10 बी वाई – 9655) जैसे ही तेलमच्चो चेक नाका के समीप पहुंची, पुलिस को देखकर चालक ने कार घुमाकर भागने लगा. इनोवा को भागते देख पुलिस ने तत्काल बैरिकेडिंग लगाकर उसे पकड़ा. पुलिस ने जब कार की जांच की तो डिक्की समेत अन्य जगहों से भारी मात्रा में कैश बरामद किया. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कार सवार लोगों से पूछताछ की तो सभी ने खुद को कभी रांची तो कभी बोकारो व्यवसायी बताया. संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस ने सभी रुपये को जब्त कर लिया. अहले सुबह पुलिस ने जब्त राशि को स्थानीय बैंक में गिनती कराया. तो पता चला कि कुल 71.97 लाख है.



### चिरकुंडा में कार व बाइक से 4 लाख रुपए जब्त

**मैथन।** डीसी माधवी मिश्रा व एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस का सघन जांच अभियान जारी है. पुलिस ने चिरकुंडा चेकपोस्ट पर बुधवार को एक कार से नकद साढ़े तीन लाख रुपए व बाइक से 54 हजार रुपए यानी कुल 4 लाख 4 हजार रुपए बरामद किए हैं. कार पश्चिम बंगाल के बराकर के रास्ते झारखंड में प्रवेश कर रही थी. कार पर सवार संजीत सिंह के पास से साढ़े तीन लाख रुपए बरामद किए गए. संजीत सिंह कोयला व्यवसायी है, जो बंगाल के उत्तर 24 परगना के निवासी हैं. वहीं बंगाल के कुल्टी थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी तन्मय पाल बाइक से झारखंड में प्रवेश कर रहे थे. जांच में उनके पास से नकद 54 हजार रुपए बरामद किए गए.

### वाहन चेकिंग में बाइक से 1.05 लाख कैश बरामद

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा और एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देशानुसार बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिना चौक के पास बीती रात बरोरा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान पुलिस को एक बाइक सवार के पास से एक लाख पांच हजार कैश बरामद हुए. पुलिस ने बरामद राशि को जब्त कर ली है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### बड़ाजामदा में कार से 1 लाख 48 हजार बरामद

**किरीबुरु।** जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्र में अंतरराज्यीय-अंतरजिला चेक पोस्ट, एसएसटी-एफएसटी चेकिंग पॉइंट पर 24 घंटे चेंकिग की जा रही है. इसी क्रम में चेकिंग के दौरान बुधवार को बड़ाजामदा ओपी अंतर्गत अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर एसएसटी द्वारा एक चारपहिया वाहन में रखे बैग व डेस्क के अंदर से 1,48,500 रुपया नगद राशि बरामद किया गया. इस संदर्भ में बड़ाजामदा ओपी अंतर्गत सनहा दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.

## एसीबी ने इचाक की पंचायत सचिव को घूस लेते किया गिरफ्तार

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने इचाक की पंचायत सचिव को रंगे हाथ पांच हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है.



हजारीबाग एसीबी की टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड स्थित इचाक की पंचायत सचिव खुशबू लता को गिरफ्तार किया. सोनिया देवी ने एसीबी को आवेदन देकर शिकायत की थी. सोनिया ने बताया कि उन्हें अबुआ आवास मिला है. आवास बनाने के लिए प्रथम किस्त इनके खाता में तीस हजार रूपये आया. इसके बाद पंचायत सचिव खुशबु लता इनके घर पर आयी और बोली कि आवास निर्माण के लिए जो तीस हजार खाता में आया है, उससे पांच हजार रुपये निकालकर मुझे तुरंत दो. इसके बाद आगे से जो पैसा निकलेगा, उसमें से भी कमीशन देना पड़ेगा. एक आवास में मेरा तीस हजार कमीशन बनता है. अगर मेरा कमीशन नहीं दोगी तो आया पैसा वापस करवा देंगे. इसके बाद वादी ने एसीबी से इसकी शिकायत की थी. एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया तो घूस मांगे जाने की बात सही पायी गयी. इसके बाद एसीबी ने पंचायत सचिव को घूस लेते गिरफ्तार कर लिया.

## पांकी के सगालीम में जनसभा के कारण पहुंचने में हुई देर, मुमताज खान नहीं कर सके नामांकन

# जात-पात से ऊपर उठकर करें अधिक से अधिक वोट : मुमताज

**संवाददाता। पांकी (पलामू)**

आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पांकी के भावी विधायक प्रत्याशी मुमताज अहमद खान के नामांकन रैली में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा. वहीं वाहनों के काफिला से पूरा रोड जाम रहा. आजाद समाज पार्टी के पांकी विधानसभा के विधायक प्रत्याशी मुमताज अहमद खान के नामांकन रैली के साथ विशाल जनसभा का आयोजन पांकी के सगालीम में किया गया. जनसभा को संबोधित करते हुए मुमताज अहमद खान ने कहा कि गांव समाज की बेहतर विकास सभी संभव है, जब लोग जात-पात के



सभा में शामिल मुमताज खान व समर्थक

बंधन को तोड़कर और दलगत की भावना को परित्याग कर एक स्वतंत्र निष्पक्ष उम्मीदवार को चयन करेंगे, तभी सही मायने में विकास होगा. पांकी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को विकास के नाम पर धोखा दिया गया है. भाजपा विधायक झूठ बोलकर जनता से वोट लिया.

पांकी के मुस्लिम समाज ने भी भाजपा को वोट दिया था, लेकिन विधायक बनने के साथ में उन्होंने मुस्लिम समाज को प्रताड़ित करने का काम किया. पांकी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई संबंधित कोई काम नहीं हुआ. मौके पर नागमणि रजक, रामकुमार रवि, गुल खान, गप्पू बाबू, प्रद्युम्न सिंह, आजाद समाज पार्टी का जिला अध्यक्ष सुनील उरांव, सुहैल खान, सीताराम दास, उपेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

### जनता के प्यार के कारण वे आज नामांकन नहीं कर सके

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र से भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज खान बुधवार को नामांकन नहीं कर सके. इसका कारण निर्वाचित कार्यालय तक उनका देर से पहुंचना है. जानकारी के अनुसार वे नामांकन को लेकर तय समय पर चले. इससे पूर्व पांकी के सगालीम में उनकी जनसभा हुई, जिसमें हजारों समर्थक मौजूद थे. समाहरणालय परिसर में समर्थकों से घिरे मुमताज अहमद खान ने कहा कि जनता के प्यार के कारण वे आज नामांकन नहीं कर सके. उन्होंने कहा कि मैं कचहरी परिसर में सुबह 9:00 बजे दिन में ही पहुंच गया था लेकिन जनता का आग्रह हुआ कि वह भी नामांकन में शामिल होंगे. इस कारण कचहरी से सगालीम गए और सभा के बाद में निकालकर आने लगे लेकिन भीड़ के कारण समय पर नहीं पहुंच पाए. उन्होंने कहा कि जनता का जो आदेश होगा वही करूंगा. अब 24 अक्टूबर को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे. इससे पूर्व सभा में उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें चुनती है तो वे पांकी विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पानी ,शिक्षा, रोजगार, सिचाई जैसी समस्याओं से जनता को निजात दिलाएंगे. पूर्व के विधायकों ने सिर्फ पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता को मूर्ख बनाया है और क्षेत्र में विकास के नाम पर सिर्फ लूट की गई है.

## न्यूज अपडेट

### चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पलामू इकाई की बैठक स्थानीय जेलहाता स्थित कार्यालय में हुई. बैठक की अध्यक्षता श्री चित्रगुप्त पूजा समिति 2024 के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उर्फ राकेश व संचालन सचिव शशांक सुमन ने किया. बैठक में 3 नवंबर को आयोजित चित्रगुप्त पूजा महोत्सव को सफल बनाने पर चर्चा की गई. बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. साथ ही भव्य भक्ति जागरण व भंडारा आयोजित किए जाने की बात कही गई. बैठक में उपस्थित सदस्यों ने समिति के साथ अपना विश्वास जताते हुए पूर्ण समर्थन एवं अपने कर्तव्यों की निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया. बैठक में पूजा समिति के संयोजक अविनाश कुमार वर्मा, सह संयोजक गोपाल सिन्हा उर्फ मुन्ना, प्रदेश पदाधिकारी स्नेह रंजन श्रीवास्तव आदि शामिल थे.

### सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो :अभिषेक



**सतबरवा (पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा में मतदाता को जागरूक करने के उद्देश्य से और जिला निर्वाचन आयुक्त सह दंडाधिकारी पलामू के विभिन्न जगरूकता अभियांन कार्यक्रमों से प्रभावित होकर मतदान को लेकर छात्र - छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया.इस मौके पर अभिषेक तिवारी ने कहा कि मतदान कर नए झारखंड का निर्माण करें और लोकतंत्र मजबूत बनाकर झारखंड का उत्थान करें . इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा रंगोली ,मेहंदी विभिन्न चित्रकारिता जो मतदाता जागरूकता के प्रतीक हो प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा स्लोगन चुनाव पेंटिंग इत्यादि का आयोजन हुआ .

### हुसैनाबाद से हम पार्टी की प्रत्याशी बनी सुभद्रा

**हैदरनगर(पलामू)।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) सेक्यूलर पार्टी से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से चुनावी समर में सुभद्रा कुमारी ने बुधवार को पैर रखी है. रांची सेय हांआते ही सुबह देवी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद उनके समर्थकों ने नारेबाजी की. इससे पूर्व मंदिर परिसर आते ही समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत भी किया. इस पार्टी के घोषित प्रत्याशी सुभद्रा के पति जितेन्द्र कुमार पासवान पूर्व जिप प्रत्याशी सह हैदरनगर प्रखंड अंर्तगत खरगाड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया रहे हैं. उन्होंने कहा कि उनका नामांकन गुरुवार को होगा. मौके पर उनके साथ रविरंजन सिंह, मनु कुमार दूबे, सत्येन्द्र पासवान, संतोष पासवान, राजनाथ राम, चंदन यादव, बबलूरजक, बबलू मेहता, रामलखन पासवान, अजय कुमार, धीरेन्द्र पासवान, मंगलेश पासवान, विशाल कुमार के अलावे कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे.

### पुनः विजयी होंगे मनिका से रामचंद्र सिंहः प्रमोद

**सतबरवा (पलामू) ।म** निका विधानसभा से रामचंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने पर विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है. प्रमोद यादव ने रामचंद्र सिंह को पुनः मनिका से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने पर कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ टिकट दिया है,उस उम्मीद पर पार्टी कार्यकर्ता खरा उतरेंगे. हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जो पांच साल में विकास हुआ वह अतुलनीय है. केसीसी लोन माफ,बिजली बिल माफ, बिजली फ्री, मंईयां सम्मान योजना जैसे योजना लाकर हर तबके को लाभ दिया. इन तमाम योजनाओं से ग्रामीण व शहरी अर्थ व्यवस्था मजबूत हुई. इन्होंने कहा कि 24 अक्टूबर को सतबरवा प्रखंड के मनिका विधानसभा क्षेत्र के रबदा व बकोरिया पंचायत से सैकड़ों कार्यकर्ता नामांकन में भाग ले कर रामचन्द्र सिंह का उत्साहवर्धन करेंगे.

### औरंगा नदी के छठ पूजा की तैयारी शुरू

**लातेहार।** आस्था व विश्वास का महान छठ महापर्व को लेकर जिले मे विभिन्न पूजा समितियो द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई है. शहर के औरंगा नदी स्थित छठ घाट की सफाई बुधवार से शुरू कर दी गई है. श्री सूर्य नारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि व्रतियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए घाट पर सभी सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है. इस वर्ष अधिक बारिश होने के कारण नदी में पानी अधिक है. छठ व्रतियों को सूखी घाट उपलब्ध कराने के लिए औरंगा नदी की जलधारा को मेढ़ बना कर मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है. जेसीबी से औरंगा नदी मे घाट बनाने के लिए समिति के लोगों की निगरानी मे कार्य कराया जा रहा है. पर्याप्त में सूखी भूमि, स्नानागार व रौशनी की उचित व्यवस्था किया जायेगा. उन्होने बताया कि सभी के सहयोग से समिति पूजा का कार्य संपन्न किया जाता है.

### गोदाम के मजदूरों पर रंगदारी मांगने व मारपीट करने का आरोप

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के सासंग ग्राम निवासी ऐतवा परहिया ने लातेहार थाना क्षेत्र के पीडब्ल्यूएस गोदाम में कार्यरत कई मजदूरों पर उससे रंगदारी मांगने और नहीं देने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है. इस संबंध में उन्होने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए एक आवेदन सदर थाना, लातेहार में दिया है. अपने आवेदन में ऐतवा पहिरया ने बताया है कि वह राशन परिवहन करने वाले एक ट्रक (जेएच-14सी- 0256) का चालक है और पीडब्ल्यूएस गोदाम से राशन ले कर विभिन्न प्रखंडों में पहुंचाने का काम करता है. 22 अक्टूबर को सुबह दस बजे वह रोज की भांति अपने ट्रक को उक्त गोदाम के गेट पर लगाया था. इतने में लाठी, डंडा व हुक से लैश 30-40 मजदूर वहां पहुंचे और पांच चौ रूपये मांगने लगे. मजदूरों ने कहा कि कि बिना पैसा दिये उसका वाहन गोदाम में नहीं घुसेगा.

### इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**हैदरनगर(पलामू)।** हुसैनाबाद / हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन व राजद के घोषित प्रत्याशी सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव का नामांकन गुरुवार को होगा. नामांकन सहित अन्य रणनीतियों पर इंडिया गठबंधन की सामूहिक बैठक में प्रत्याशी जीत सुनिश्चित कराने के संकल्प के साथ संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं के घर तक पहुंचने का निर्णय लिया गया है. इसमें झामुमो के एजाज खान उर्फ छेदी खान, डॉ. एजाज हुसैन, जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह आदि शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### कैरो में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो मेन रोड थाना मोड़ के पास विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. कैरो थाना एसआई मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सड़कों से गुजरने वाली सभी चार चक्का, दो चक्का वाहनों की जांच की गई. गाड़ी के ऑनर बुक, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई. इस मौके पर कैरो बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य उपस्थित थी. एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर आई आर एस विमल चन्द्र दास ने चुनावी दौरा कर वाहन जांच अभियान का निरीक्षण किया.

### सीओ ने पत्थर लदा चार हाइवा किया जब्त

**छतरपुर(पलामू )।** छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने मंगलवार की शाम एनएच फोर लेन उदयगढ़ मोड़ के पास अवैध पत्थर परिवहन करते हुए चार हाइवा पकड़ा है. जानकारी के अनुसार सीओ ने उदयगढ़ मोड़ से गुजर रहे इन चारों हाईवा को रुकवाने के बाद चालक से कागजात की मांग की. इस संबंध में कोई कागजात नहीं दिखाने के बाद सीओ ने छतरपुर थाना को सूचना देकर पुलिस बल मंगवाया और विधिवत जब्ती सूची बनाकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए डीएमओ व डीटीओ को सूचना दे दी गई है.

### छतरपुर में कुएं से युवक का शव बरामद

**छतरपुर(पलामू)।** छतरपुर थाना पुलिस ने आज दिनादाग पंचायत के महुगाई गांव निवासी 24 वर्षीय चनारिक भुईंया पिता स्व भोला भुइयां का शव गांव स्थित कुएं से बरामद किया है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है. इस संबंध में मृतक के दादा नरेश भुइयां ने बताया कि चनारिक भुइयां सोमवार की शाम से ही लापता था. वह सोमवार की शाम गाय लाने के लिए घर से निकला इसके बाद घर वापस नहीं लौटा. उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं पता नहीं चला. बुधवार को भटकुआं में चनारिक का शव मिला.

### पान गुमटी से एक किलो गांजा बरामद

**लातेहार।** काली मंदिर मोड़ के समीप पान गुमटी से एक किलोग्राम गांजा पुलिस ने बरामद किया है. जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के गुप्त सुचना पर सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंहा ने बुधवार कि दोपहर पान गुमटी मे छापामारी की. पुलिस ने मौके से पान गुमटी के मालिक पिंटु प्रसाद को एक किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया है. इस संबंध मे सदर थाना मे एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है.

## देरी के कारण कई अभ्यर्थी नहीं कर सके नामांकन

# पलामू में चुनावी सरगर्मी बढ़ी 13 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन

- छतरपुर से आज भी नहीं हुआ एक भी नामांकन

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन को लेकर अब 2 दिन शेष बचे हैं. इस बीच चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है. नामांकन के पांचवें दिन पलामू जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्र में से एक छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से आज भी किसी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है. वहीं पांच अन्य विधानसभा क्षेत्र में डाल्टेनगंज से बुधवार को नामांकन दाखिल करने वाले प्रमुख लोगों में झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी के पुत्र दिलीप सिंह नामधारी, ललन चौधरी व महेश साव ने बतौर निर्दलीय अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया. वहीं कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया कज रुचिर कुमार तिवारी ने भी डाल्टेनगंज अपना नामांकन दाखिल किया है.

पांकी विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से नितेश कुमार व लोकहित अधिकार पार्टी के विश्वनाथ साव ने अपना नामांकन दाखिल किया. विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से अनिल मिस्त्री, राजीव रंजन पांडेय व जागृति ने निर्दलीय के रूप में अपना नामाकंन दाखिल किया. हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय समानता दल से अशोक कुमार मेहता और निर्दलीय अमरजीत कुमार तथा नरेश कुमार पासवान ने नामांकन किया है.





नामांकन करते हुए दिलीप सिंह नामधारी,कमलेश सिंह व जागृति देवी

### आठ नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई

**लातेहार।** बुधवार को जिले के मनिका व लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल आठ नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई. नामांकन प्रपत्रो की बिक्री के पांचवे दिन बुधवार को लातेहार विधानसभा से पांच नामांकन प्रपत्र की बिक्री हुई है. क्रय करने वालो में चेतलाल रामदास पिता बंशी राम ग्राम चमातू प्रखंड बालूमाथ, संतोष पासवान पिता स्व जुबलाल मांझी अंबाकोठी लातेहार, संजय कुमार रवि पिता बालेश्वर राम ग्राम गोविंद नगर प्रखंड बालूमाथ, ललसु राम पिता बिल्लट भूईया ग्राम सेरक प्रखंड चंदवा तथा धीरेंद्र कुमार पिता नंदू राम ग्राम बरवईया कला प्रखंड मनिका का नाम शामिल है.

### पुष्पा देवी का नामांकन आज,रोड शो की तैयारी

**मेदिनीनगर।** पाटन छतरपुर से भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी गुरुवार को छतरपुर निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय का समक्ष नामांकन दाखिल करेंगी. इस संबंध में पूर्व सांसद मनोज कुमार ने बताया कि नामांकन को लेकर भव्य तैयारी है सुबह 8:30 बजे अपने मेदिनीनगर आवास से खनवा, बरवाडीह पाटन, पड़वा, चेगौना धाम होते सभी कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी पुष्पा देवी नागा बाबा स्थल पहुंचेगी. यहां से भव्य रोड शो के साथ सभी लोग छतरपुर निर्वाची कार्यालय पहुंचेंगे जहां नामांकन दाखिल करने के बाद छतरपुर स्थित उच्च विद्यालय मैदान परिसर में आयोजित जनसभा में शामिल होंगे. विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि हमारे क्षेत्र की देवतुल्य जनता व संगठन के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं का आभारी हूं.

### मोर्चा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने बाल विवाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय का स्वागत किया है. मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि निश्चित रूप से यह फैसला 2023 तक देश से बाल विवाह का खात्मा कर देगा. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह कानून पर ऐतिहासिक फैसले में प्रभावी तरीके से कार्यान्वयन के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बाल विवाह न सिर्फ जीवन साथी चुनने की इच्छा का उल्लंघन करती है बल्कि बचपन खत्म कर देती है. सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार व केंद्र शासित प्रदेशों को जिला स्तर पर बाल विवाह रोकथाम अधिकारियों की नियुक्ति एवं जवाबदेही तय करने का भी आदेश दिया है.

## प्रेमिका से मिलने गए युवक का मिला शव, हत्या की आशंका



मौके पर जुटी लोगों की भीड़.

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

मेदिनीनगर के आबादगंज एसपी कोठी रोड निवासी शुभम अग्रवाल (26) पिता स्व शंकर लाल अग्रवाल का शव पुलिस ने सुआ के डीटीएस टोला में रेलवे पटरी के किनारे से बरामद किया है. जानकारी के अनुसार, सुबह में मॉर्निंग वॉक के लिए निकले ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक के पास शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी. सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है. बताया जा रहा है कि युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में कर दी गई है. मृतक के बड़े भाई सौगंध अग्रवाल ने अपने भाई की हत्या का आरोप उसकी प्रेमिका और उसके घर वालों पर लगाया है. शुभम अपनी प्रेमिका से मिलने सुआ स्थित उसके घर गया हुआ था. शव देखने से लग रहा है कि उसकी धारदार हथियार से हत्या की गई है. शुभम का मोबाइल फोन, गले का सोने का चैन, पर्स गायब है. इधर, पुलिस इस मामले में प्रेमिका और उसकी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, जल्द ही इसका उद्भेदन हो जाएगा.

### रक्सी पंचायत के ग्रामीणों ने वोट का किया बहिष्कार

**धुरकी(गढ़वा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी गांव में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने रक्सी गांव पहुंचकर वोट का बहिष्कार करने वाले ग्रामीणों को काफी समझाया. उन्होंने वोट का महत्व बताया तथा वोट करने की अपील की. साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आप किसी भी प्रत्याशी को वोट करने की स्वतंत्रता है. उन्होंने बताया कि वोट व्यक्ति का मौलिक अधिकार है यदि किसी कारणवश कार्य नहीं हो रहा है तो उसे हम गंभीरता से लेंगे लेकिन आप इस तरह का फैसला नहीं ले वोट करना सभी के लिए समान अधिकार है. गौरतलब हो कि ग्रामीणों ने सोमवार को रक्सी पश्चिम के ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक कर सड़क की बदहाली को लेकर सर्वसम्मति से यह तय किया कि जब तक दलित बस्ती में जाने वाली सड़क का निर्माण नहीं हो जाता तब किसी भी प्रत्याशी को वोट नहीं देंगे. बैठक में पूर्व मुखिया साहेब राम, बीडीसी अशोक राम, पूर्व बीडीसी कृष्णा बैठा, मुन्ना कुमार, वार्ड सदस्य अनिल कपूर, काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## डीसी ने पोस्टल बैलेट मतदान की तैयारियों की समीक्षा की



**संवाददाता। लातेहार**

विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर बैठक हुई. बैठक में उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी से सभी को अवगत कराया. उन्होंने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को संबंधित आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया. इसके अलावा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची पोस्टल बैलेट कोषांग को तय समय अनुसार उपलब्ध करने की बात कही. उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा. जिसमें आवश्यक जानकारी भरकर डाक मतपत्र शाखा में जमा किया जायेगा.इसके आधार पर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए पात्र हो पाएंगे. बैठक में उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी मे आने वाले कार्यालयों के कार्यालय प्रधानों से कहा कि वे अपने सभी कर्मचारियों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना सुनिश्चित करें.

**जागरूकता** कम मतदान वाले क्षेत्र पर विशेष फोकस, जिला प्रशासन चल रहा है जागरूकता अभियान

# लोकसभा चुनाव में 48% मतदान, डीसी ने होमिया के ग्रामीणों समझाया वोट का महत्व

**संवाददाता। पाटन(पलामू)**

छह माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनाव के दौरान कम मतदान प्रतिशतवाले क्षेत्रों में एक पहाड़ों के तलहटी में बसा होमिया गांव भी शामिल है. पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से 32 किलोमीटर दूर पाटन प्रखंड के कसवाखांड़ पंचायत अंतर्गत इस गांव में आदिम जनजाति परहिया निवास करते है. एक समय यहां नक्सलियों के बंदूकों की आवाज सुनाई देती थी. उस समय यहां मतदान प्रतिशत भी कम था. लेकिन वर्तमान में स्थिति बदली है. वर्तमान में यहां के बूथ संख्या 276 पर कुल 587 मतदाता है , जिसमें 304 महिला व 283 पुरुष है. बीते लोकसभा चुनाव के दौरान यहां 48% मतदान हुआ था जो प्रशासन के लिए भी चिंता का कारण है इसे लेकर बुधवार को स्वीकृत कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पलामू उपायुक्त शशि रंजन, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद समेत कई प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी होमिया गांव पहुंचे. पदाधिकारियों ने यहां चौपाल लगाकर ग्रामीणों को मतदान का महत्व समझाया. उन्होंने परहीया जाति के बच्चों को बतौर दीपावली गिफ्ट सलाई, खिलौना, बिस्किट्स, मिठाइयां आदि दिए, जबकि कई तरह की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई. कार्यक्रम का संचालन विनय शर्मा ने किया. मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ राकेश श्रीवास्तव, बीपीओ मनरेगा सविटी सिन्हा, किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता, जैनुल सिद्दीकी, रंजीत यादव उर्फ गुड्डु यादव, अजय पासवान, मनोज कुमार, हरेंद्र सिंह, पाटन के पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे, बीपीआरओ अहमद हुसैन अंसारी, सरस्वती देवी, शक्ति शंकर गुप्ता आदि मौजूद थे.



होमिया में डीसी नगर आयुक्त सीडीपीओ स्वीप कार्यक्रम में शामिल हुए.

### प्रशासन से मांगें अपने हक व अधिकारः डीसी

पाटन के होमिया गांव में आयोजित कार्यक्रम में पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि जिस तरह आप अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखते हैं उसी प्रकार आप अत्यधिक मात्रा में मतदान करें तथा प्रशासन से अपने हक अधिकार की मांग करें . उन्होंने कहा कि आप लोगों की जो भी समस्या है मुझे बताएं . कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सड़क व नदी पर पुल निर्माण की मांग की . उपायुक्त ने कहा कि आप लोगों की समस्याओं को निदान किया जाएगा . नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि जिस तरह हम लोग शादी विवाह त्यौहार के रूप में मनाते हैं ठीक उसी तरह 5 वर्षों के बाद यह एक महापर्व आया है . इस महापर्व में आप अपने योग्य प्रत्याशी को मत दें . यदि कोई किसी को डराता और धमकाता है या फिर प्रलोभन देता है तो वैसे लोगों का नाम प्रशासन को दे उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी . उन्होंने महिलाओं से कहा कि मतदान के दिन आप घर से बाहर निकले तो साथ में दो चार अन्य लोगों को भी मतदान के लिए साथ लेकर जाएं .



## ब्रीफ खबरें

### 11 मतदान केंद्रों में शाम चार बजे तक होगा मतदान

**जलडेगा।** कोलेबिरा विस के जलडेगा प्रखंड में 62 मतदान केंद्रो में वोटिंग करायी जाएगी. वोटिंग के तहत 11 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान प्रक्रिया होगी. वहीं 51 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा. शाम चार बजे तक मतदान केंद्रों में टिकुरा, डोंगीझरिया, टाटी, कुटविंग, टोनिया, भीतबुना, हुटुटुआ, बिंझियापानी, ढिंगुरगुपानी, बेंदोसेरा, जोनोदा, डोंगापानी शामिल है. बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि ग्रामीणों को मतदान करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है. साथ ही साथ स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है.

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक धराया

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने गश्ती के दौरान भट्ठी टोली से अवैध बालू लदी एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है. यह कार्रवाई आज सुबह पालामाड़ा नदी से बालू ले जाते समय की गई.पुलिस के अनुसार, जैसे ही ट्रैक्टर चालक ने पुलिस को देखा, उसने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया. ट्रैक्टर को जब्त करते हुए पुलिस ने चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है.

### स्वास्थ्य सहियाओं ने धुरकी में रैली निकाली

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत धुरकी प्रखंड व सगमा प्रखंड के स्वास्थ्य सहियाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली इसकी शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी से की गई. रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी से शिवरी मोड़ होते गुलशन चौक कर्पूरी चौक तक होकर मतदान करने की अपील किया. रैली में पहले मतदान फिर जलपान, मत देना सभी का अधिकार आदि नारे लगा रहे थे. जागरूकता रैली में बीटीटी बबन राम, बीपीएम संतोष पासवान, गुलाब राम सहित काफी संख्या में स्वास्थ्य सहिया एवं आशा समूह के दीदी मौजूद थे.

### मतदाता जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना

**गढ़वा।** गढ़वा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने बुधवार को दो वीआर एलईडी स्क्रीन युक्त मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मौके पर श्री जमुआर ने बताया कि विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इस प्रचार रथ के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे. मौके पर डीडीसी सह कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी पशुपतिनाथ मिश्रा,डीटीओ धीरज प्रकाश, डीपीआरओ नीरज कुमार आदि उपस्थित थे.

### मारपीट में महिला घायल, सीएचसी में भर्ती

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अधौरा गांव में घर की दिवार पुताई के दौरान घटी मारपीट की घटना में अजय सिंह की पत्नी लालती देवी 46 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल में उसे ईलाज हेतु स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया है. घायल महिला की पुत्री बिंदु कुमारी ने बताया कि बुधवार को मैं अपने घर की दिवार की लिपाई करने के दौरान घास का बोझा हटाने से मेरी चाची मुनी देवी आक्रोशित हो गई .मेरा बाल खींचकर मारने लगी हो हल्ला सुनकर जब मेरी मां मुझे बचाने पहुंची तो मेरी चाची मुनी देवी, उसका पुत्र आनंद सिंह तथा पुत्री सुलवंती कुमारी ने डंडे से पीटकर मेरी मां को घायल कर दिए.

झारखंड आंदोलनकारियों की मांगों पर सहानुभूति नहीं दिखाई हेमंत सरकार : कयूम खान

# अपने अधिकार के लिए एकजुट हों : प्रो. विनोद भगत

संवाददाता। लोहरदगा



झारखंड आंदोलनकारी महासभा की मासिक बैठक में शामिल आंदोलनकारी.

झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की मासिक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय मैदान में हुई. जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक सह केन्द्रीय सलाहकार प्रो. विनोद भगत, जिला सचिव विशेषण भगत, सुखदेव उरांव आदि उपस्थित थे. बैठक में सर्व प्रथम कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो द्वारा सभी आंदोलनकारियों का स्वागत किया गया. मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा केन्द्रीय प्रधान महासचिव श्री खान ने कहा कि आंदोलनकारियों द्वारा अपने मान-सम्मान पहचान नियोजन पेंशन के मामले को लेकर पिछले कई वर्षों से 11 सूत्री मांगों की लड़ाई लड़ी जा रही है, पर सरकार की ओर से सहानुभूति नहीं दिखाई गई. लगातार आंदोलित झारखंड आंदोलनकारियों का सब्र का बांध अब टूट चुका है. अपने सर्वस्व न्यौछावर करने वाले आंदोलनकारी काल के गाल में समाते जा रहे हैं. ऐसी परिस्थितियों में झारखंड आंदोलनकारियों के समक्ष करो या मरो के अलावे दूसरा कोई विकल्प नहीं रह जाता है. प्रो. विनोद भगत ने अपने संबोधन में कहा कि अपने हक अधिकार के लिए आंदोलनकारी एकजुट होकर आंदोलन करें.

उन्होंने कहा कि जिस शोषण विहीन झारखंडी समाज एवं सुविकसित राज्य का निर्माण करना था, जो अभी अधूरे हैं. उन्होंने भाषा संस्कृति लागू करने के साथ-साथ जल जंगल जमीन की सुरक्षा एवं वन उत्पाद, कृषि उत्पाद आधारित उद्योगों की स्थापना करने की वकालत की. सुखदेव उरांव ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों एवं शहीदों के सपनों के अनुसार राज्य सरकार योजना बनाकर झारखंडी समाज का सुविकसित करने का कार्य नहीं किया गया. मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा के सचिव विशेषण भगत ने कहा कि सरकारें आती हैं और चली जाती है. लेकिन आंदोलनकारियों की समस्याओं को नजर अंदाज की जा रही है. संबोधित करने वालों में अजीत खाखा, उषा लकड़ा, तारामनी खलखो, नगर सचिव दिनेश साहू, सुरज मोहन लकड़ा, जगदीश उरांव, विजय खाखा आदि शामिल थे. बैठक में दशरथ उरांव, गंगा उरांव, मनोज उरांव, ललिता भगत, आनंद कुमार, लक्ष्मी भगत, उषा रानी लकड़ा, मंगरा उरांव, सोमरा उरांव, शंकर पहान, आनंद भगत, अजय लोहरा, संजय ठाकुर, हाबिल कुजूर, चमरा उरांव, सुशीला लकड़ा, सबिता लकड़ा, समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे. आगामी बैठक 27 नवंबर बुधवार को रखी गई है.

## न्यूज अपडेट

### डीसी व एसपी ने मतदाता जागरूकता रथ रवाना किया



**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा बुधवार को विधानसभा आम निर्वाचन हेतु सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग रांची झारखंड द्वारा संचालित 02 वीआर-एलईडी स्क्रीन युक्त प्रचार वाहनों को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से रवाना किया गया. उक्त वाहनों द्वारा 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र और 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र के उन क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा जिन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से कम रहा हो या जिन मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मतदान हुआ हो. इस बीच उक्त वाहनों में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के स्तर से उपलब्ध कराये गये मतदाता जागरूकता से संबंधित कंटेंट प्रसारित किये जाएंगे. मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला जनसम्र्पक पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे.

### पांचवें दिन दो उम्मीदवारों ने किया नामांकन



नामांकन दाखिल करते बृजमोहन उरांव.

**लोहरदगा।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा विस सीट पर नामांकन दाखिल करने का सिलसिला पांचवें दिन भी जारी रहा. बृजमोहन उरांव पिता-स्वर्गीय विश्वा उरांव सलगी कुड़ पार्टी निर्दलीय स्वतंत्र और बिहारी भगत पिता धनसहाय भगत भक्सो लोहरदगा पार्टी- पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक द्वारा अमित कुमार निर्वाची पदाधिकारी 72-लोहरदगा के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया गया. वहीं संतोष भगत पिता गंदुरा भगत कैरो लोहरदगा द्वारा फॉर्म क्रय किया गया.

### दुकानदार से छह हजार की ठगी कर युवक फरार

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा मुख्य पथ के मेन रोड स्थित साहू हार्डवेयर से एक व्यक्ति ग्राहक बनकर छः हजार कैस मांगा मेरे पास कैस पैसा नहीं था पर वह अर्जेंट है बोलने लगा मेरे पास पैसा नहीं होने के कारण बगल दुकान से छः हजार रुपए लेकर दे दिया और कहा सभी समान और कैस को जोड़कर ऑनलाइन पेमेंट करेंगे बोलकर लिया और फरार हो गया. पूरे मामले को लेकर दुकान मालिक अमर साहू ने बताया एक अनजान व्यक्ति पीले टीशर्ट में ग्राहक बनकर दुकान में आया और सामान का लंबा चौड़ा आर्डर लिखवाया और सभी समान दुकान से निकलवाया और रोड में चल रहे ऑटो को रोककर कुछ सामान ऑर्डर किया को लोड कराया दुकान में भीड़ भाड़ होने के कारण मै बिजी हो गया.

### वीना एकेडमी की करियर काउंसलिंग का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के काली मंदिर के समीप स्थित वीना एकेडमी में बुधवार को करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया. जिसमें संस्थान के डायरेक्टर पूनम प्रभाकर की उपस्थिति में जमशेदपुर के अरका जैन विश्वविद्यालय करियर काउंसलर सह एग्जाम कंट्रोलर अभिषेक कुमार एवं उनकी टीम ने बच्चों का करियर काउंसलिंग किया. साथ ही उनकी रुचि के अनुसार उन्हें अपने गोल सेट कर अभी से ही उसके अनुरूप मेहनत करने के लिए प्रेरित किया. साथ ही सरकार के द्वारा गरीब बच्चों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की भी चर्चा की. इसके लिए सरकार की कई योजनाएं चलायी जा रही है. काउंसलिंग के बाद बच्चे अपने लक्ष्य के प्रति उत्साहित दिखे. मौके पर शिक्षक सर्वेश प्रभाकर सहित कई अन्य लोग मौजूद थे.

### डुमरी में सरना आदिवासियों की सामाजिक बैठक

**डुमरी।** सरना समाज डुमरी द्वारा बासा नदी तट सामाजिक बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में प्रखंड के 10 गांवों के सैकड़ों महिला पुरुष,युवा शामिल हुए. मौके पर आदिवासी सरना समाज के आर्थिक,सामाजिक,राजनीतिक,धार्मिक, बौद्धिक स्थिति और विकास के बारे चर्चा की गई. साथ ही युवाओं को नशा पान से दूर रहने और महिला शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया गया.

टिकट मिलने पर पहली बार लोहरदगा पहुंचे डॉ. रामेश्वर उरांव, कहा

# मेरा काम ही हमें दोबारा लोहरदगा खींच लाया है



संवाददाता। लोहरदगा

इंडिया गठबंधन की ओर से लोहरदगा विधानसभा सीट से दोबारा डॉ रामेश्वर उरांव को चुनावी मैदान में उतारे जाने के बाद पहली बार लोहरदगा पहुंचने पर उनका बरवा टोली में स्थित विधायक कार्यालय के समक्ष पार्टी और इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ बुके और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया. इस बीच मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोहरदगा विधानसभा में हमारे प्रयासों और इंडिया गठबंधन सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों से यहां के लोग दोबारा हमें प्रतिनिधित्व करने का भरोसा दिया है. उन्होंने आलाकमान द्वारा एक बार फिर से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र वासियों के भरोसे पर खरा उतरने हेतु मौका दिए जाने पर आभार व्यक्त करते हैं. उन्होंने कहा कि हमारा काम हमें फिर से लोहरदगा का प्रतिनिधित्व करने हेतु खींच लाया है, निश्चित रूप से उसपर शत-प्रतिशत खरा उतरने और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हेतु सकारात्मक भूमिका निभाने का प्रयास रहेगा. मौके पर युवा जिलाध्यक्ष विशाल डूंगडूंग, महिला जिलाध्यक्ष सीमा प्रवीण, राजद जिलाध्यक्ष शाहिद अहमद, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद, कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, पेशरारे प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष युगल उरांव, ऐनुल अंसारी, असलम अंसारी, सरिता भगत समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

### सत्येंद्र नाथ तिवारी सहित तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**गढ़वा।** नामाकंन के पाँचवे दिन 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 03 नामांकन पत्र दाखिल किया गया. भारतीय जनता पार्टी से सतेंद्र नाथ तिवारी के द्वारा दो सेट में, स्वतंत्र अभ्यर्थी के रूप में दिलीप कुमार तिवारी के द्वारा दो सेट में तथा पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक) से सुखलाल बाख्ला ने नामांकन पत्र दाखिल किया गया. वहीं 03 एनआर काटा गया. 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 04 नामांकन पत्र दाखिल किया गया. इसमें पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक) से नन्दलाल राम, सोसलिस्ट यूनिटी सेन्टर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से अजय कुमार सिंह, स्वतंत्र अभ्यर्थी के रूप में राजेश बैठा तथा बहुजन समाज पार्टी से पंकज कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया गया.

### मनिका से हरिकृष्ण सिंह ने नामांकन किया



**महुआडांड़ (लातेहार)।** मनिका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह बुधवार को अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. मौके पर केंद्रीय आवास सह शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू और भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह भी मौजूद थे. नामांकन पूर्व स्टेडियम मैदान में सभा आयोजित किया गया. सभा में मनिका विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए. हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि आज क्षेत्र में भ्रष्टाचार, कुशासन का बोलबाला है. प्रदेश की जनता जाग चुकी है और भाजपा को वोट देने का पूरा मूड बना चुकी है.

### आज होगा नामांकन सह जन आशीर्वाद सभा : कर्नल संजय

**हुसैनाबाद(पलामू)।** निर्दलीय प्रत्याशी कर्नल संजय सिंह ने 24 अक्तूबर को हुसैनाबाद विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल करेंगे. इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए कई गांवों संपर्क कर समर्थन मांगा है. उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की धरती पर पहली बार किसानों का एक सच्चा प्रतिनिधि को चुनाव लड़ने का मौका मिला है. स्वयं एक किसान रहते सैन्य सेवा छोड़ जनता की सेवा में संघर्ष जारी रखा है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं का पूरा समर्थन प्राप्त है. इस चुनावी अभियान में 24 अक्तूबर को नामांकन में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की है.

### गिरिनाथ सिंह आज करेंगे नामांकन

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये हैं. मंगलवार की देर रात्रि शहर के होटल ग्रांड व्यू में सपा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, झारखंड प्रदेश प्रभारी व्यास गौड़ ने उन्हें सपा की सदस्यता दिलाते हुए पार्टीर् का सिंबल प्रदान किया. अब श्री सिंह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में 24 अक्टूबर को नामांकन करेंगे. श्री सिंह ने बताया कि प्रातः नौ बजे रामा साहू उच्च विद्यालय के स्टेडियम से नामांकन रैली निकाली जाएगी. नामांकन के बाद गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में दोपहर 12 बजे जनसभा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.

## निष्पक्ष व स्वच्छ मतदान कराने में कर्मियों की अहम भूमिका: डीईओ



प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते डीईओ.

संवाददाता। गढ़वा

विधानसभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, स्वच्छ तथा शांतिपूर्ण मतदान कराने के निमित्त प्रशिक्षण कोषांग द्वारा आज गोविंद उच्च विद्यालय में 1193 पीठासीन पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने उक्त स्थल पर प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया तथा मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन किया. मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री जमुआर ने कहा कि मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष, स्वच्छ तथा शांतिपूर्ण संपन्न कराने में मतदान केंद्र पर पीठासीन पदाधिकारियों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है.अन्य कर्मी भी उतने ही जिम्मेदारी के साथ मतदान कार्य सफल सम्पन्न कराने में अपनी भूमिका अदा करें.उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान कार्य से संबंधित सभी बिंदुओं की अच्छी तरह से जानकारी प्राप्त करने की अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन को पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने कार्य एवं दायित्वों को दक्षता के साथ निष्पादित करेंगे. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आपलोगों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर है.

## जर्जर छत के नीचे दहशत के साये में चल रहा है सरकारी विद्यालय

संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा




भंडरा के कुम्हरिया स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छत जर्जर होने के कारण सीलिंग का प्लास्टर टूट टूटकर गिरने लगा है, जिससे विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों और शिक्षकों के बीच खतरा बढ़ गया है, कभी भी बच्चों के साथ अनहोनी हो सकती है और जान माल का भी नुकसान हो सकता है विद्यालय के अध्यक्ष आशिक अंसारी ने बताया अभी इस विद्यालय में करीब 276 बच्चे नामांकित हैं और विद्यालय में पढ़ रहे इन सारे बच्चों पर खतरा मंडरा रहा है, प्रत्येक वर्ष विद्यालय की मरमती विद्यालय के सचिव और अध्यक्ष के द्वारा कराई जाती है किंतु छत जर्जर होने तथा बरसात के पानी सीपेज होने से प्लास्टर और छत में लगे छड़ पूरी तरह सड़ चुका है. अभी वर्तमान में विद्यालय का कोई भी कमरा बच्चों के बैठने के लायक नहीं है. मजबूरन सभी बच्चों को बरामदा में बैठाया जा रहा है. इधर विद्यालय के प्रिंसिपल चंद्र शेखर भगत ने बताया बच्चों को मना करने के बावजूद जर्जर छत की ओर चले जाते हैं जिससे बच्चों पर कभी भी भयानक खतरा हो सकता है पूर्व में विभाग को सूचना दी गई थी लेकिन विभाग की ओर से निरीक्षण भी किया गया फिर भी अभी तक विभाग की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है विभाग की अनदेखी से शिक्षक और बच्चों के बीच करो और मारो की स्थिति बनी हुई है और उनमें दहशत बनी हुई है.

## जिला उपाध्यक्ष सहित डेढ़ सौ लोगों ने आजसू पार्टी से दिया इस्तीफा

संवाददाता। लोहरदगा



आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एकरामुल अंसारी सहित करीब डेढ़ सौ लोगों ने बुधवार को पार्टी से दिया इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने ने पार्टी से इस्तीफा देने के संबंध में आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष को हस्ताक्षर युक्त आवेदन भेज दिया है. आवेदन में कहा गया है कि मैं एकरामुल अंसारी नारी नवाडीह, आपसू पार्टी लोहरदगा जिला में पार्टी का उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत थे. जिला के पद पर था. मेरे नेतृत्व में मुस्तफा अंसारी लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में जितने भी सदस्यों ने पार्टी की सदस्यता ली थी, सभी ने आपसी विचार विमर्श करने के बाद निष्कर्ष यह निकला कि अब आजसू पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की विचारधारा की पार्टी नहीं रही. वर्तमान समय में पार्टी की प्रत्याशी भी उस विचारधारा की नहीं है. अतः हमलोगों ने विचार किया कि अब इस पार्टी में रहकर हमलोग अपने क्षेत्र के विकास में भागीदार नहीं हो सकते हैं. इस लिए अपने पद से एवं पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं. उन्होंने केन्द्रीय अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि हमारा इस्तीफा स्वीकार किया जाए. इस्तीफा देने वालों में एकरामुल अंसारी, मुस्तफा अंसारी, इबरार आलम, साबीर अंसार, प्रवेज अंसारी, शमीम अंसारी, राम भगत, मासिक उरांव टोप्पो, दाउद टोप्पो, रमेश उरांव, क्रीस्ती टोप्पो, अफसर अंसारी, अख्तर अंसारी, मोइन अंसारी, रफीक अंसारी, जफरूल अंसारी आदि शामिल हैं.

## राजनीति

भाजपा नेता संजय भगत सहित दो सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन

# 30 साल पर भारी पड़ेगा तीन साल : मिथिलेश

संवाददाता। गढवा



पार्टी में शामिल संजय भगत व अन्य के साथ मंत्री मिथिलेश.

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है. गढ़वा से भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के करीबी और भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय भगत अपने दर्जनों सहयोगियों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए. सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को फुल माला, पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया.

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री चंदन कुमार, महेन्द्र प्रसाद, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरि किशुन मेहता, महेंद्र प्रसाद, राजेश भगत, अरविन्द भगत, फारुक अली, संजीव कुमार, सत्य मल्होत्रा, नागेन्द्र प्रसाद पटवा, डॉ विनोद विहारी भगत, आशुतोष कुमार (गोलु), शशिकान्त यादव, अविनाश कुमार (बाबु), यमुना प्रसाद गुप्ता, राधेश्याम मेहता, अजय प्रजापति, शिवनाथ कुशवाहा, सुजित कुमार (डब्लु), उनमन कुमार, संजय साव, नुरुल हक, अजय ठाकुर, सुभाष कुमार, सागर कुमार, विशाल कुमार, बबलु ठाकुर, उपेन्द्र प्रसाद पटवा, अरुणा मेहता, अनुराग मलहोत्रा, सत्येन्द्र मालाकार, लड्डू कुमार, वंशीधर मेहता, ओम प्रकाश ठाकुर, दुर्गेश कुमार, रबिन्द्र राम, विकाश शर्मा, अयुब अंसारी, फारुख अली, संजय राम, रेयाजुद्दीन अंसारी, राहुल मलहोत्रा, राजु कुमार सहित विभिन्न क्षेत्रों के दो सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल है.

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि संजय भगत काफी कर्मठ एवं जुझारू नेता हैं. इन्हें झामुमो में आने से पार्टी और मजबूत होगी. विकास का साथ देने वाले ऐसे सभी तमाम सहयोगियों को दिल से स्वागत एवं धन्यवाद है. उनके कुशल नेतृत्व क्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा. मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता ने उन्हें एक बार सेवा का मौका दिया तो गढ़वा की तस्वीर बदल गई. आज गढ़वा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्य एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य किए जा रहे जनहित के बेहतर कार्यों का असर जनता पर साफ दिख रहा है. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले 30 वर्षों के कार्यों पर उनका तीन साल का कार्यकाल भारी पड़ेगा. यदि कोई इसे कम साबित कर दे तो वे अपना नामांकन वापस ले लेंगे. उन्होंने कहा कि जनता पूरी तरह मन बना चुकी है. इस बार पुनः राज्य में महागठबंधन की सरकार बनेगी.

## गोली चलानेवाले तीन युवकों को पुलिस ने दबोचा

संवाददाता। लोहरदगा



मीडिया को जानकारी देती एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा.

**हथियार बरामद कर भेजा जेल**

शहरी क्षेत्र के अशोक नगर पतरा टोली निवासी आकाश साहू के घर के पास गोली चलाने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है. बुधवार को सदर थाना प्रभारी के कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने पत्रकारों को जानकारी दी. एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में लाल रोशन नाथ साहदेव कुरसे, पियुष कुमार बगडू, राजेश कुमार कुरसे शामिल हैं. उक्त अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने एक 3.15 बोर का एक देशी कट्टा, एक छह चक्रीय रिवालवर व तीन गोली बरामद किया है. एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने बताया कि 12 अक्टूबर की सुबह आकाश कुमार साहू लिखित आवेदन दिया गया था, जिसके आधार पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था. जिसके अनुसंधान के क्रम में एक छापामारी दल का गठन किया गया. 22 अक्टूबर को छापेमारी दल ने उक्त अभियुक्तों को पूछताछ हेतु थाना लाया गया था. इन लोगों को बारी-बारी से पुछताछ के क्रम में इन लोगों ने अपना अपराध स्वीकार किया और इनके निशानदेही पर राजेश कुमार के घर से एक 3.15 बोर का एक देशी कट्टा तथा एक छः चक्रीय रिवालवर और तीन गोली जिसमें एक मिस फायर गोली बरामद किया गया. छापामारी दल में एसआई आदर्श कुमार, संजय कुमार, रविकात प्रसाद, सारिक खान, रमेश सिंह, एएसआई चन्द्रदीप मेहता एवं सुरक्षा बल के जवान शामिल थे.

# राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने दाखिल किया नामांकन पत्र

## ससुर और राज्य सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता व राजद नेता भोला प्रसाद भी रहे साथ

**संवाददाता। चतरा**

झारखंड विधानसभा चुनाव में राजद कोटे से चतरा विधानसभा सीट से प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम के पास दाखिल किया. इस अवसर पर उनके ससुर और राज्य सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता तथा राजद नेता भोला प्रसाद यादव भी उनके साथ उपस्थित थे.

नामांकन दाखिल करने से पहले प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने शहर के प्रसिद्ध काली मंदिर में पूजा-अर्चना की और क्षेत्र के तमाम लोगों के लिए सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा. इसके बाद गाजे बाजे और अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ नामांकन पर्चा दाखिल करने अनुमंडल कार्यालय पहुंचीं. नामांकन प्रक्रिया को लेकर राजद ने बड़ी तैयारी की थी. कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के लिए सदर थाना मैदान में सभा का आयोजन किया गया. नामांकन के दौरान पार्टी के एकमात्र चर्चित चेहरा तेजस्वी यादव के आगमन की सूचना को लेकर काफी प्रचार प्रसार किया गया. विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम मंगवाया गया. सभा को तेजस्वी यादव, भोला प्रसाद यादव, सत्यानंद भोगता सहित स्थानीय नेताओं ने संबोधित किया. इस दौरान चतरा विधानसभा से राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी की बड़ी जीत होने की बात कही गई. चतरा का पोस्ट ऑफिस चौक, पेट्रोल पंप, समाहरणालय रोड में दिन भर जाम की स्थिति बनी रही. सड़कों पर वाहनों के काफिले से आवागमन व्यस्त रहा.



निर्वाची पदाधिकारी जहूर आलम को नामांकन पत्र सौपतीं रश्मि प्रकाश.

### उज्जवल दास व जनार्दन पासवान आज करेंगे नामांकन

**चतरा।** सिमरिया विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास और एनडीए गठबंधन के लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगे. इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान समेत अन्य दिग्गज नेता उपस्थित होकर सभा को संबोधित करेंगे. दोनों दलों के नेताओं ने नामांकन रैली और सभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है. नामांकन रैली और सभा में भारी संख्या में समर्थकों के मौजूद रहने की उम्मीद है.

## बरकट्ठा सीट से निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव, बोले-भाजपा में पैसे वालों की पूछ

# बटेश्वर प्रसाद मेहता ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**संवाददाता। हजारीबाग**

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया. इसके साथ ही उन्होंने बरकट्ठा विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है. संवाददाता सम्मेलन करते हुए उन्होंने कहा कि आज मेरे साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाजपा छोड़ रहे हैं. भाजपा अब पैसों वालों की पार्टी बन कर रह गई है. इसमें सिर्फ पैसों वालों की पूछ होती है. कार्यकर्ता सिर्फ पार्टी का झंडा ढोते हैं.

बरकट्ठा में चुनाव मैं नहीं बल्कि जनता लड़ेगी. यहां चाचा भतीजा के साम्राज्य को ध्वस्त करना है. इस बार जनता ने ही तय कर लिया है कि बदलाव लाना है. यहां 15 साल से चाचा भतीजा ने लोगों को ठगा है. कभी चाचा आते हैं और लोगों को सब्जबाग दिखाते हैं, तो कभी भतीजा यहां के लोगों को बेवकूफ बनाते हैं. इस बार के चुनाव में निर्दलीय की जीत होगी, क्योंकि आम जनता इस बार चुनाव में आई है. बता दें कि इचाक प्रखंड के किसी नेता को राष्ट्रीय या क्षेत्रीय पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं बनाया है. इसको लेकर जनता में काफी रोष में था और सर्वसम्मति बनाकर एक उम्मीदवार उतारने की बात कही जा रही थी.



बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि इस बार जनता बदलाव लाने के मूड में.

## ब्रीफ खबरें

### पासवान के नामांकन में शामिल होंगे भाजपाई

**चतरा।** नगर मंडल स्थित गौरक्षणी परिसर में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष संजय प्रजापति ने की, जबकि संचालन महामंत्री युगल किशोर ठाकुर ने किया. बैठक में एनडीए गठबंधन से पूर्व विधायक जनार्दन पासवान को चतरा सीट से टिकट मिलने पर हर्ष व्यक्त किया गया और अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया. बताया गया कि 24 अक्टूबर को नगर मंडल से दस हजार कार्यकर्ता पासवान के नामांकन में जायेंगे.

### पंकज महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**रामगढ़।** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी पंकज महतो ने बड़की पोना में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान जन समस्याओं को लोगों के बीच रखा. मौके पर प्रदीप कुशवाहा, सुशील ठाकुर, विजय दुबे, नीरज यादव, दीपक कुशवाहा, आकाश तिवारी, राजुल अंसारी, रोशन तिवारी, आरिफ राजा, अंकित पटेल, कल्याण पांडे ,ए रोलेक्स कुमार, सत्य आरिफ खान, जिलानी खान, दिलीप कुशवाहा, संकेश्वर कुशवाहा, लखविंदर राम दांगी, मरनी देवी, बिंदा देवी आदि उपस्थित थे.

### पदाधिकारी ने रवाना की जागरूकता रथ

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने बुधवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह प्रचार रथ चतरा (अजा) एवं सिमरिया (अजा) क्षेत्र में जिन मतदान केंद्रों का मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से कम रहा है अथवा जिन मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मतदान हुआ है, उन सभी मतदान केंद्रों के मतदाता को जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करेंगे.

### टाटीझरिया पंचायत में डाक चौपाल आयोजित

**हज़ारीबाग।** भारतीय डाक विभाग द्वारा टाटीझरिया पंचायत भवन में बुधवार को डीसीडीपी के तहत डाक चौपाल का आयोजन किया गया. इस अवसर मुख्य अतिथि सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान, विशिष्ट अतिथि टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव, डाक विभाग के डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप, छोटेलाल मेहता, सुबोध कुमार, चांदनी शेखर, अंकित आदर्श, रामकिशन, बलवंत कुमार, प्रदीप कुमार, बजरंगी गोस्वामी, अभिमन्यु गुप्ता, सुषमा कुमारी, अनिल मुर्मू, गोवर्धन साहू आदि उपस्थित रहे.

## जानकी यादव, अमित यादव की होगी वापसी या बटेश्वर मेहता या कुमकुम देवी जीतेंगे बाज़ी

# बरकट्ठा सीट पर होगा दिलचस्प मुकाबला

**संवाददाता। बरकट्ठा**



बरकट्ठा विधानसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प होने वाला है. इस बार दो बड़े बागी नेता और दो यादव कद्दावर नेता के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना जताई जा रही है. इस बार के चतुष्कोणीय मुकाबले में जेएलकेएम भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रयासरत है. हजारीबाग और कोडरमा संसदीय क्षेत्र से घिरे बरकट्ठा विधानसभा सीट पर किसी भी एक दल का दबदबा नहीं रहा है. इस क्षेत्र से कांग्रेस, भाजपा और झाविमो के नेता विधानसभा तक पहुंचते रहे हैं.

इस बार जानकी यादव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा है और जेएलकेएम जैसी पार्टियों का मूड भी जनता भाप रही है, जिससे यहां से विधानसभा तक पहुंचने का ख्वाब देखने वालों की सरगर्मी बढ़ गई है. निर्दलीय जितने वाले विधायक अमित कुमार यादव ने चुनाव से पहले भाजपा को ज्वाइन किया और भाजपा ने उन्हें टिकट देकर पुरस्कृत किया. इसके बाद भाजपा से टिकट की आस लगाए भाजपा नेत्री कुमकुम देवी और बटेश्वर प्रसाद मेहता ने भाजपा से विद्रोह कर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है. यह भाजपा उम्मीदवार अमित यादव और जानकी यादव के लिए खतरे की घंटी है, क्योंकि पिछले पांच साल से वे उस क्षेत्र के विधायक हैं और एंटी इंकम्बैंसी फैक्टर भी उनके साथ है. हालांकि अमित यादव अपना गढ़ बचाने के लिए पूरा जोर आजमाइश करेंगे.

वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने झामुमो ज्वाइन किया है और झामुमो ने उन्हें बरकट्ठा से उम्मीदवार भी बना दिया है. वे इस सीट को जीतने के लिए अपने सारे अनुभव और पैंतरे को अपनाएंगे. कुमकुम देवी ने भाजपा से टिकट लेने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी. उन्होंने पार्टी के हर आंदोलन हर कार्यक्रम में शिरकत की थी. ऐसा लग रहा था कि इस बार उन्हें भाजपा से टिकट लेने से कोई नहीं रोक सकता. लेकिन अमित यादव के भाजपा ज्वाइन करने के बाद ये कयास लगाए जा रहे थे कि टिकट के इस खेल में अमित यादव भारी पड़ेंगे और हुआ भी वही. वे टिकट लेने में सफल हो गए. निराश कुमकुम ने दूसरी पार्टी का दामन थाम लिया है और चुनाव लड़ने की घोषणा भी कर दी है. कुमकुम देवी को हलके में लेना किसी को भी भारी पड़ सकता है.

बटेश्वर मेहता का दुर्भाग्य रहा है कि एक अच्छे राजनेता और समाजसेवी होने के बावजूद ऐन वक्त पर टिकट के मामले में उनकी किस्मत दगा दे जाती है. वे निर्दलीय व जदयू से पूर्व में चुनाव लड़ चुके हैं और जानकारी के अनुसार फिर से बटेश्वर मेहता के कार्य देखकर 2024 में चुनाव लड़ने के लिए बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड के 25 पंचायतों की जनता ने निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए बटेश्वर प्रसाद मेहता को अपना समर्थन देने की घोषणा कर दी है. बटेश्वर मेहता की जनता में अच्छी पकड़ बताई जा रही है. ये भाजपा के अमित यादव के वोट में ही सेंधमारी करेंगे. बीपी मेहता के चुनावी अखाड़े में उतरने से भाजपा प्रत्याशी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है.

### 2019 में भाजपा व निर्दलीय में कांटे की टक्कर हुई थी

बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में हजारीबाग जिले के दारू, टाटीझरिया, बरकट्ठा, चलकुशा और कोडरमा जिला चंदवारा और जयनगर प्रखंड का ग्रामीण इलाका आता है. अधिकतर क्षेत्र जंगल पहाड़ों और नदियों से घिरा है. कृषि व पशुपालन रोजगार के मुख्य साधन है. क्षेत्र में सिंचाई, सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवा का हाल दयनीय है. 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और निर्दलीय के बीच कांटे की टक्कर हुई थी. तब भाजपा प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को निर्दलीय प्रत्याशी अमित कुमार यादव ने हरा दिया था.

### समय-समय पर बदलता रहा है मतदाताओं का मूड

हालांकि यहां मतदाताओं का मूड समय-समय पर बदलता रहा है. राजनीतिक जानकार बताते हैं कि 1980 के चुनाव में रामगढ़ राजपरिवार के राजा कामाख्या नारायण सिंह परिवार कांग्रेस से ललिता राजलक्ष्मी ने भाकपा प्रत्याशी भुनेश्वर प्रसाद मेहता को 1400 वोट से पराजित किया था. 1985 में कांग्रेस से लंबोदर पाठक विधायक बने थे. उन्होंने भाकपा प्रत्याशी भुनेश्वर प्रसाद मेहता को 750 वोटों से पराजित किया था. इसके बाद भाजपा से खगेंद्र प्रसाद दो बार विधायक बने. चितरंजन प्रसाद यादव भी भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे. मृत्यु होने के बाद उनके पुत्र अमित यादव विधायक बने. उसके बाद जानकी यादव विधायक बने. 2019 में जानकी यादव को हराकर अमित यादव ने फिर से उस सीट पर कब्ज़ा किया था.

## न्यूज अपडेट

### ममता देवी को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने पर मना जश्न



**रामगढ़।** महागठबंधन की ओर से रामगढ़ विधानसभा सीट से एक बार फिर ममता देवी को प्रत्याशी बनाया गया है. कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी घोषित करने के बाद क्षेत्र लौटी ममता देवी का जगह-जगह स्वागत किया गया. कार्यकर्ताओं ने पटेल चौक, कॉलेज गेट, कांग्रेस कार्यालय और सुभाष चौक पर खुशी का इजहार किया. इस मौके पर ममता देवी ने कहा कि सभी कांग्रेस के आला नेताओं का बहुत ही शुक्रगुजार है. एक बार फिर से जनता की सेवा करने का मौका मिला है. अगर लोगों का समर्थन मिला तो रामगढ़ विधानसभा को और भी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी मेहनत और निष्ठा से काम करूंगी.

### कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह आज करेंगे नामांकन



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे. नामांकन कार्यक्रम दोपहर 2 बजे हजारीबाग स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में आयोजित होगा. इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता, समर्थक और कांग्रेस के वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहेंगे. मुन्ना सिंह के नामांकन यात्रा की शुरुआत सुबह 10 बजे उनके आवास, चानो से होगी. नामांकन यात्रा हजारीबाग के महत्वपूर्ण स्थानों जैसे लाखे, मटवारी, डिस्ट्रिक्ट मोड़ होते हुए झंडा चौक के रास्ते हजारीबाग कांग्रेस कार्यालय पहुंचेगी.

### बड़कागांव से अंबा प्रसाद आज करेंगी नामांकन



**केरेडारी।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद गुरुवार को रामगढ़ में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी. इससे पहले बड़कागांव पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया. अंबा ने केरेडारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र का दौरा किया. अंबा प्रसाद मंगलवार को कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी मंदिर देर शाम पहुंची. पूजा अर्चना कर चुनाव प्रचार का विधिवत शंखनाद किया. इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों से मुलाकात की और अपने विकास कार्यों पर चर्चा की.

### हर्ष अजमेरा सदर सीट से कल करेंगे नामांकन



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता हर्ष अजमेरा शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे. उनके समर्थकों ने बुधवार को नामांकन पत्र लिया. उनका कहना है कि हर्ष अजमेरा ने हमेशा से समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है और अब वे इस चुनाव में अपनी मजबूत दावेदारी पेश करने जा रहे हैं. समर्थक अनीश सिंह ने हर्ष अजमेरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक सशक्त और योग्य नेता हैं, जो हमेशा क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करते हैं. उनके नेतृत्व में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा और वे आगामी चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे.

### चंद्रप्रकाश ने की एनडीए को वोट देने की अपील



**रामगढ़।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी बुधवार को मायल पंचायत के विभिन्न मुहल्लों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों की समस्याओं से रुबरु हुए. इस दौरान पंचायत के लोगों ने समस्याओं को उनके समक्ष रखा. सांसद ने सभी ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का विश्वास दिलाया. उन्होंने पुनः एनडीए गठबंधन को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की. मौके पर लालबिहारी महतो, महेंद्र महतो, दशरथ महतो, मुकेश सिन्हा, किशोर महतो, देवकी महतो, सुराली महतो, विशेश्वर महतो, केदार महतो, अब्दुल हकीम आदि उपस्थित रहे.

# 20 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त 300 केजी महुआ नष्ट, एक गिरफ्तार

- अवैध शराब के खिलाफ रजरप्पा पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान

**संवाददाता। रामगढ़**



रजरप्पा थाना पुलिस द्वारा लगातार अवैध देसी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है. बुधवार को भी अहले सुबह चितरपुर प्रखंड के लारी कला क्षेत्र में अवैध देसी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय के निर्देश पर थाना के अवर निरीक्षक अखिलेश सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई. इस दौरान कई भट्ठियों को ध्वस्त किया गया. साथ ही 20 लीटर अवैध देसी महुआ शराब को जब्त करते हुए लगभग 300 केजी जावा महुवा नष्ट किया गया. इसके अलावे शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण और छोटे छोटे ड्राम सहित अन्य सामान को भी नष्ट किया गया. वहीं अवैध शराब बेचने के आरोप में लारी कला निवासी बंधु साव को गिरफ्तार भी किया गया. उसपर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. अवर निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी कर लारी कला में अवैध महुआ देसी शराब निर्माण भट्ठी को ध्वस्त किया गया. उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में इस तरह के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की करवाई जारी रहेगी.

### कंपनी का लोहा चोरी करता एक गिरफ्तार

**चौपारण।** चौपारण के सड़क निर्माण कंपनी कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड के कैंप पांडेयबारा में तैनात सुरक्षागार्ड के कुछ व्यक्तियों द्वारा कैंप में रखे रोड निर्माण से संबंधित लोहे का जैक एवं अन्य सामग्रियों को चोरी करने के आरोप में चौपारण पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्लांट में लोहे की चोरी की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रात्रि गश्ती के पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ पांडेयबारा स्थित उक्त कैंप में पहुंचा तो कंपनी के मैनेजर द्वारा बताया गया कि दो मोटरसाइकिल पर कैम्प में रखे सामान चोरी किये जा रहे थे. एक व्यक्ति को चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया गया तथा अन्य दो-तीन व्यक्ति भाग गये. पकड़ाए व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम आलोक साह बताया. मौके से 1 पीस लोहे का जैक (फ्लाईओवर में उपयोग होने वाला) और मोटरसाइकिल जब्त की गई.

# रामगढ़ : मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में मानसिक विकारों की समस्याओं से सभी को अवगत कराया.

**संवाददाता। रामगढ़**

मिलिट्री हॉस्पिटल रामगढ़ कैंट स्टेशन हेड क्वार्टर में मिलिट्री ऑफिसर्स की फैमिली के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई. इसमें 54 महिलाओं ने भाग लिया. कार्यशाला का शुभारंभ लेफ्टिनेंट कर्नल दिव्ये सैब ने किया. मिलिट्री हॉस्पिटल की नैदानिक मनोवैज्ञानिक रेनू गहलोत ने महिलाओं में विभिन्न तरह के मानसिक विकारों की समस्याओं से सभी को अवगत कराया तथा इसके निराकरण के उपाय भी बताएं.

अंत में महिलाओं के बीच क्विज राउंड रखा गया.प्रश्न का उत्तर देने वाली महिलाओं को उपहार से सम्मानित भी किया गया. मौके पर पीएम एम जीना, मेजर श्वेता राय तथा कई ऑफिसर्स उपस्थित थे.

## विधानसभा चुनाव

### जेएमएम के टेकलाल महतो 1985 से 2009 तक चार बार विधायक रहे

# मांडू में जीत का ताज किसके सर सजेगा, तिवारी या जेपी

- टेकलाल महतो के बेटे जेपी पटेल मांडू से तीन बार के विधायक रहे हैं
- पिछली बार जेपी पटेल ने 2025 मतों से तिवारी महतो को हराया था

**संवाददाता। चरही**



मांडू विधानसभा सीट से एनडीए ने आजसू पार्टी के तिवारी महतो को प्रत्याशी बनाया है. वहीं इंडिया गठबंधन से कांग्रेस जेपी पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है. इस सीट पर 1985 से लेकर 2009 तक झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्व. टेकलाल महतो चार बार विधायक रहे हैं. उनके निधन के बाद हुए उप चुनाव में उनके बेटे जीपी पटेल चुनाव जीते. उसके बाद लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिंबल पर दो बार के विधायक चुने गए. बाद में जीपी पटेल ने बीजेपी का दामन थामा और विधायक चुने गए. इसके बाद जेपी पटेल ने बीजेपी छोड़ी और कांग्रेस में शामिल हो गए. लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस कोटे से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े जिसमें वह हार गए. अब कांग्रेस कोटे से ही मांडू से उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं.

इधर एनडीए समर्थित प्रत्याशी आजसू के तिवारी महतो भी लगभग 2010 से मांडू विधानसभा सीट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. पिछले विधानसभा चुनाव में आजसू के टिकट से चुनाव लड़े, जिसमें जेपी पटेल से2025 मतों के अंतर से चुनाव हार गए थे. इस बार बीजेपी और आजसू दोनों पार्टी मांडू विधानसभा में अपनी पूरी ताकत झोंकती हुई नजर आ रही है. टिकट मिलते ही तिवारी महतो एक्शन मूड में आ गए हैं. जगह-जगह मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं. साथ ही इंडिया गठबंधन के जेपी पटेल भी सक्रिय हो गए हैं. वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के मांडू विधानसभा के कार्यकर्ता और नेताओं में रोष है कि मांडू सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा का गढ़ रहने के बावजूद इस बार टिकट झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार को नहीं दिया गया. यह सीट इंडिया गठबंधन के कांग्रेस को दिए जाने का कार्यकर्ता और झारखंड मुक्ति मोर्चा मोर्चा के नेता पुरजोर विरोध कर रहे हैं. मांडू विधानसभा में इस बार यह देखना दिलचस्प होगा कि पूर्व विधायक जेपी पटेल बाजी मारते हैं या आजसू के तिवारी महतो बाजीगर साबित होते हैं.

## झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा के समर्थन में उनकी पत्नी ने मांगे वोट

# पच्चास वर्षों से सिमरिया की सेवा कर रहा परिवार, एक मौका दें : प्रेमलता

**संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

सिमरिया विधानसभा क्षेत्र का एक ऐसा परिवार जो निस्वार्थ जनता की सेवा में पच्चास वर्षों से लगा हुआ है. वह कोई और नहीं बल्कि सिमरिया विधानसभा के पूर्व विधायक रामचंद्र राम का परिवार है. उक्त बातें झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा की पत्नी प्रेमलता चंद्रा ने जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से कहीं. उन्होंने जनता से मनोज चंद्रा को एक मौका देने की अपील करते हुए कहा कि चुनाव हारने के बाद भी मनोज चंद्रा जनता के बीच में रहकर लगातार उनके समस्याओं को समाधान के लिए प्रयासरत रहे हैं. 24 घंटे आम लोगों के बीच उपलब्ध रहना और उनकी समस्याओं का समाधान करना इनकी प्राथमिकता है.

उन्होंने अपने परिवार का जिक्र करते हुए कहा कि रामचंद्र राम ने 5 जुलाई 1955 को सिमरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पुंडरा में अनुसूचित जाति परिवार में जन्म लिया. तत्कालीन समाज में हो रहे शोषण, अत्याचार, छुआछुत, सामाजिक प्रताड़ना से व्यथित होकर सन् 1977 में सरकारी नौकरी (पथ निर्माण विभाग विभाग) त्यागकर भाकपा में शामिल हुए, बहुसंख्यक आंदोलनों का हिस्सा बने, पिपरवार ट्रेड यूनियन के क्षेत्रीय सचिव के पद पर रहकर कामगार मजदूरों की आवाज बने. 35 वर्षों के लंबे संघर्ष तथा पांच बार सिमरिया विधानसभा से किस्मत आजमाने के बाद छठे प्रयास में 7 फरवरी 2008 को भाकपा के टिकट पर सिमरिया विधानसभा सीट से निर्वाचित घोषित किए गए.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** संचित धन में वृद्धि होगा. माता के स्वास्थ को लेकर चिंता बनी रहेगी. काम के प्रति जिमेवार होना होगा. हो सके तो किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद लें. कानूनी अड़चन दूर की स्थिति अनुकूल रहेगी. व्यवसाय अच्छा फल देगा.

**वृष** समय उत्तम है. सुख में वृद्धि होगा पर वाहन के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है. लोगों के बहकावे में न आना. कुसंगति से हानि होगी. पुलिस से बिगाड़ हो सकती है. कार्य समय पर पूर्ण नहीं होने से तनाव रहेगा. कार्य और प्रभाव से व्यवसाय ठीक है.

**मिथुन** किसी बाहरी व्यक्ति का आगमन होगा. स्वास्थ्य पर व्यय होगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है. कोर्ट कचहरी के काम का निपटारा नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी. अन्न दान करें.

**कर्क** शुद्ध एवं सात्विक भोजन लेना चाहिए. समय बहुत ही उत्तम है. धन की प्राप्ति की योजना बनेगी. बेरोजगारी दूर के प्रयास सफल रहेंगे. अंक व रोग के प्रति सावधान रहें. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे.

**सिंह** धर्म या किसी सत्कर्म पर खर्च होगा. विदेश से कोई बड़ा लाभ का योग है. समय पर कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. आय में वृद्धि होगी. ग्राहक सक्रिय रहेंगे. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

**कन्या** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. विवाद को बढ़ावा देना ठीक नहीं. आय में कमी रहेगी. बेवजह तनाव रहेगा. काम में मन नहीं लगेगा. धैर्य रखें. व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा. प्रयास अधिक करना होगा. थकान रहेगी. लड्डू का दान करें.

**तुला** पिता के सहयोग से सफलता मिलने का योग है. सरकारी कार्य मे गति मिलेगा. कार्यों में तेजी आई है. लाभ के अवसर हाथ आयेंगे. सामाजिक प्रतिफल में वृद्धि होगी. व्यवसाय ठीक है. काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है.

**वृश्चिक** धर्म और सामाजिक कार्य में मन लगेगा. जल्दबाजी से बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. भूले-बिसरे साथियों से मेलजोल बढ़ेगा.

**धनु** उदर विकार से कुछ परेशानी हो सकती है. किसी मित्र से विवाद हो सकता है. गलत निर्णय लेने से बचें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है.

**मकर** किसी नये कार्य के पहले सोच विचार कर करें. व्यापार में नुकसान हो सकता है. घर में कोई बड़ा खर्च नहीं होगा. तनाव रहेगा. कुसंगति से. घर में तनाव बना रह सकता है. व्यवसाय ठीक है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें.

**कुंभ** उच्च शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. वस्तुओं को संभालकर रखें. नए अनुबंध हो सकते हैं. कोर्ट कचहरी में अनुकूलता रहेगी. कोई बड़ी बाधा होने से प्रसन्नता रहेगी.

**मीन** विदेश में पढ़ाई करने वालों के लिए दिन उत्तम है. संतान सुख में वृद्धि का योग है. साथ ही आय में वृद्धि होगी. ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है. भाग्य का साथ मिलेगा. काम में अनुकूलता रहेगी. व्यवसाय ठीक है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें.

## सफारी से अवैध विदेशी शराब की 469 बोतलें बरामद, दो गिरफ्तार



**रमना (गढ़वा)।** रमना पुलिस ने अवैध विदेशी शराब से भरे लग्जरी वाहन को जप्त कर उसमे मौजूद दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए श्री वंशीधर नगर एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह संगठित अपराधिक गिरोह के सदस्य द्वारा तस्करी के उद्देश्य अवैध विदेशी शराब की खेप लेकर उतर प्रदेश की तरफ से आने की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आलोक में एफएसटी टीम के दंडाधिकारी विकाश कुमार सहित पुलिस अधिकारी एवं सशस्त्र बल की मौजूदगी में करचा अस्पताल के समीप वाहनों की जांच शुरू कर दी गई.

## बैंक मैनेजर जितेंद्र सिंह मीना पर जानलेवा हमला, बाल-बाल बचे

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र बिलासपुर स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को लूटने के इरादे से आए 3 अज्ञात अपराधियों ने बैंक में फायरिंग कर दी. फायरिंग में बैंक मैनेजर जितेन्द्र सिंह मीना बाल बच गए. गोली बैंक मैनेजर के चैंबर में लगे कूलर को चीरते हुए दिवाल में लगी. गोली लगने के बाद कूलर में तेज आवाज होने लगी. अपराधी फरार हो गए. स्थानीय ग्रामीण चंदन कुमार ने बताया कि वे पैसा डिपोजिट करने आए थे. 2 बजकर 48 मिनट के करीब तीन लोग मास्क लगाकर आए. एक व्यक्ति बैंक के गेट के पास खड़ा हो गया. जबकि दो लोग बैंक में आते ही सभी ग्राहकों को एक जगह बैठ जाने की चेतावनी दी. इसके बाद दो अपराधी चतुर्थ वर्गीय कर्मी मंटू का मोबाइल छिन कर पटक दिया. उसके बाद बैंक मैनेजर के चैंबर में घुसकर मोबाइल छीन कर पटकने का प्रयास किया. जिसका विरोध मैनेजर करने लगे. इसी दौरान एक अपराधी बैंक मैनेजर के सर पर रिवॉल्वर के बट से मारते हुए फायरिंग कर दी.

### राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश की नामांकन सभा में उमड़ा जन सैलाब

# संविधान की रक्षा के लिए महागठबंधन को करें मजबूत : तेजस्वी

संवाददाता। चतरा



चतरा विधानसभा से इंडिया महागठबंधन की राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के नामांकन समारोह का आयोजन शहर स्थित थाना मैदान में किया गया. इसकी अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने की, जबकि संचालन राजद नेता अतीक मंसूरी और अब्दुल्लाह अंसारी ने किया. बतौर मुख्य अतिथि बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन में विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि मेरे पूरे परिवार पर ईडी और सीबीआई लगा कर लालू यादव को जेल भेजने का काम किया गया. वहीं आदिवासी के बेटे हेमंत सोरेन को भी जेल भेज कर सरकार को स्थिर करने का प्रयास किया गया, लेकिन हम लोग एकजुटता के साथ डटे रहें. उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत फैला कर सत्ता पर काबिज होना चाहती है. इंडिया गठबंधन के लोग अमन शांति और भाईचारे का पैगाम समाज में देने का काम करती रही है. भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है, जबकि इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ रही है. इस लिए संविधान की रक्षा, गंगा जमुनी तहजीब और हिन्दू मुस्लिम एकता को बरकरार रखने के लिए चतरा की राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश को और सिमरिया के जेएमएम प्रत्याशी मनोज चंद्रा को भारी बहुमत से जिताकर विधान सभा भेजें और महागठबंधन के हाथों को मजबूत करने का काम करें.

### लोजपा प्रत्याशी पर दर्जनों हत्या का मुकदमा : सत्यानंद

वहीं राजद विधायक सह सूबे के मंत्री सत्यानंद भोगता ने अपने संबोधन में कहा कि लोजपा प्रत्याशी पर दर्जनों हत्या का मुकदमा कोर्ट में चल रहा है. निचली अदालत में सजा हो चुकी है, हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है, जबकि राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने कहा कि अपने पिता के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करूंगी. किसी को कभी भी कोई शिकायत का मौका नहीं दूंगी. इस सभा को राज्य सभा सांसद डा संजय झा, पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण, भोला यादव, राजद प्रवक्ता अनीता यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, जेएमएम जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति के अतिरिक्त दर्जनों नेताओं ने संबोधन किया. इस मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, भोला प्रसाद गुप्ता, आभा ओझा मौजूद थे.

## रामचंद्र सिंह का स्वागत किया गया

**लातेहार।** मनिका विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में सिंबल लेकर रांची से मनिका लौटने के क्रम में विधायक रामचंद्र सिंह लातेहार के कई जगहों पर स्वागत किया गया. सदर प्रखंड के डुरंगी और मनिका प्रखंड कांग्रेस कार्यालय, बकोरिया, दुबियाखांड, बरवाडीह के कुटमु चौक में भी रामचंद्र सिंह का भव्य स्वागत किया गया. मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज तिवारी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने उन्हें बूके भेंट कर स्वागत किया. मौक पर रामचंद्र सिहं ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर एक बार फिर भरोसा जताया है और वे इस भरोसे को टुटने नहीं देगें. श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र में उन्हें अपार समर्थन मिल रहा है. मौके पर विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, फूलचंद यादव, हसमत अंसारी मौजूद रहे.

### झामुमो और माले ने अपने-अपने प्रत्याशी के नामों की घोषणा की

# धनवार में गठबंधन तार-तार उतारे अपने-अपने उम्मीदवार

प्रवीण कुमार। रांची

गिरिडीह जिले की राजधनवार विधानसभा सीट झारखंड की हॉट सीट बन गई है. यहां प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जो एनडीए के मुख्यमंत्री पद के दावेदार माने जा रहे हैं, प्रत्याशी हैं. जबकि भाकपा माले के टिकट पर राजकुमार यादव यहां से उम्मीदवार होंगे. वहीं, इंडिया गठबंधन का साझेदार झामुमो ने भी इस सीट से उम्मीदवार दिया है. लेकिन मुख्य मुकाबला बाबूलाल मरांडी व राजकुमार यादव के बीच ही होने की उम्मीद है. इंडिया गठबंधन से दो दलों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में होने से भाजपा यहां से आसान जीत मानने लगी है. जानकार बताते हैं कि झामुमो के प्रत्याशी उतारने से गठबंधन के वोटों का बिखराव होगा, जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा.

इंडिया गठबंधन के नेता भाजपा के खिलाफ मजबूती से चुनाव लड़ने की बात कहते रहे हैं. लेकिन गठबंधन के दो दलों के प्रत्याशी चुनाव मैदान में होने से दूसरे जिलों की विधानसभा सीटों पर भी इसका असर पड़ सकता है. भाकपा माले की गांडेय व जमुआ सीट पर काफी मजबूत पकड़ है. माले जमुआ विधानसभा से भी चुनाव लड़ना चाहता था. लेकिन झामुमो ने केदार हजरा को जमुआ से उतारा है. चुनाव से पहले वह भाजपा से पाला बदलकार झामुमो में शामिल हुए हैं. सीटिंग विधायक को लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है. वहीं गठबंधन से माले को टिकट नहीं मिलने को लेकर भी क्षेत्र में खूब चर्चा है. लोग तो यह भी कह रहे हैं कि झामुमो ने धनवार से निजामुद्दीन अंसारी को उतार कर बाबूलाल मरांडी को मदद पहुचाने का काम किया है.

### खास बातें

- बाबूलाल मरांडी और भाकपा माले के राजकुमार के बीच मुख्य मुकाबला
- 2019 में झामुमो रहा था छठे स्थान पर, वोट मिले थे मात्र 15,416

**जातीय समीकरण से तय होगी प्रत्याशियों की जीत-हार :** धनवार में जातीय समीकरण काफी मायने रखता है. माले के राजकुमार यादव यहां से बाबूलाल मरांडी को 2014 के चुनाव में हरा चुके हैं. इस सीट पर यादव, मुस्लिम व भूमिहार मतदाता निर्णायक रहते हैं. इसलिए भी मुख्य मुकाबला राजकुमार यादव और बाबूलाल मरांडी के बीच माना जा रहा है. वहीं झामुमो के उम्मीदवार कितने वोट लाते हैं, इससे हार-जीत तय होगी.

**राजकुमार यादव ने 1995 में पहली बार लड़ा था चुनाव:** 1995 में हुए बिहार विस चुनाव में धनवार विधानसभा सीट पर पहली दफा भाकपा माले के राजकुमार यादव उम्मीदवार लड़े थे. यहां जनता दल के गुरुसहाय महतो, कांग्रेस के दिग्गज तिलकधारी प्रसाद सिंह, भाजपा के रणनीतिकार कहे जाने वाले जगदीश प्रसाद कुशवाहा के अलावा क्षेत्र के दिग्गज नेता हरिहर नारायण प्रभाकर के सामने भाकपा माले ने राजकुमार को उम्मीदवार बनाया था. हालांकि राजकुमार पांचवें स्थान पर रहे थे. उस चुनाव में गुरुसहाय महतो को 38604 मत, तिलकधारी प्रसाद सिंह को 22982, जगदीश प्रसाद कुशवाहा को 15036, झामुमो के उमाचरण साव को 13248 व राजकुमार यादव को महज 6704 मत मिले थे.

**2000 में बढ़ा ग्राफ**

2000 के चुनाव तक इस विधानसभा सीट से भाकपा माले के राजकुमार स्थापित नेता बन चुके थे. 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा ने डॉ रवीन्द्र राय, झामुमो ने निजामुद्दीन अंसारी, राजद ने गुरुसहाय महतो को उम्मीदवार बनाया था.

**2005 में जीत से महज 3334 वोट रहे दूर**

2005 के चुनाव में भाजपा ने रवीन्द्र कुमार राय को फिर से मैदान में उतारा. उनके सामने माले के टिकट पर राजकुमार यादव ने ताल ठोंक दी. वहीं, झामुमो ने भी निजामुद्दीन अंसारी को फिर से मैदान में उतारा था. इस बार भी जीत का सेहरा भाजपा के रवीन्द्र के सिर पर चढ़ा. राजकुमार यादव 3334 वोट से बाजी हार गए. हालांकि 2000 की तरह 2005 में भी वह दूसरे स्थान पर रहे. इस चुनाव में रवींद्र राय को 42357 व राजकुमार यादव को 39023 मत मिले थे.

**2009 में भी दूसरे स्थान पर रहे थे राजकुमार यादव:** 2009 के विधानसभा चुनाव में भाजपा, भाकपा माले, झामुमो के साथ झाविमो के उम्मीदवार मैदान में थे. भाजपा ने रवीन्द्र राय, माले ने राजकुमार यादव व झाविमो ने झामुमो छोड़ चुके निजामुद्दीन अंसारी को मैदान में उतारा था. उस चुनाव भाजपा के रवीन्द्र राय पिछड़ गए और टक्कर माले व जेवीएम में हो गई.

**2014 में बाबूलाल को दी थी मात, बने थे विधायक:** 2014 के विधानसभा चुनाव में जेवीएम से खुद बाबूलाल मरांडी मैदान में थे. जबकि भाजपा ने पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह को मैदान में उतारा. वहीं भाकपा माले ने लगातार पांचवीं दफा राजकुमार यादव को प्रत्याशी बनाया. इस चुनाव में वोटरों ने राजकुमार का साथ दिया और वह विजयी होकर पहली दफा विधायक बने.

**2019 में बाबूलाल ने लिया हार का बदला**

2019 के चुनाव में राजकुमार फिर से मैदान में थे. इनके सामने जेवीएम से बाबूलाल मरांडी, भाजपा से लक्ष्मण प्रसाद सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा से निजामुद्दीन अंसारी व निर्दलीय अनूप सोंथालिया मैदान में थे. इस बार बाबूलाल ने बाजी मार ली. बाबूलाल को 52352 मत और दूसरे स्थान पर रहे भाजपा के लक्ष्मण प्रसाद सिंह को 34802 मत मिले. इस चुनाव में राजकुमार यादव 32245 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे. निर्दलीय अनूप सोंथालिया को 22624 वोट लाकर चौथे व एमआईएमआईएम का प्रत्याशी पांचवें स्थान पर रहा.

## सीपीआई (एम) ने नौ विस से उम्मीदवार घोषित किये

संवाददाता। रांची

सीपीआई (एम) ने नौ विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी का एलान किया है. पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने बताया कि पार्टी द्वारा अबतक चार विधानसभा क्षेत्रों तमाड़, बहरागोड़ा, मांडर और सिसई विधानसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल कर दिया गया है. पार्टी ने अनुसूचित जनजाति से पांच, अनुसूचित जाति से एक तथा एक महिला और सामान्य से तीन प्रत्याशियों को पार्टी का उम्मीदवार घोषित करते हुए उन्हें पार्टी का सिंबल दे दिया गया है. सीपीआई (एम) ने झारखंड के मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में जनपक्षीय नीतियों के लिए संघर्ष करने वाले प्रतिनिधियों को चुने जाने की अपील करते हुए विधानसभा में सीपीआई (एम) समेत वाम दलों की संख्या बढ़ाये जाने की अपील की है.

| निर्वाचन क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|
| तमाड़ एसटी | सुरेश मुंडा |
| बहरागोड़ा | स्वपन महतो |
| सिसई एसटी | मदुआ कच्छप |
| चतरा एससी | पुन भुइयां |
| जामताड़ा | लखनलाल मंडल |
| पाकुड़ | मो शेख सैफुद्दीन |
| महेशपुर एसटी | गोपिन सोरेन |
| जामा एसटी | सनातन देहरी |
| मांडर एसटी | डॉ कीर्ति मुंडा |

## रांची विवि के पूर्व कुलसचिव अमर चौधरी कांग्रेस में शामिल

विशेष संवाददाता। रांची



रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव अमर कुमार चौधरी ने अपने समर्थकों संग कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की. बुधवार को कांग्रेस भवन में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उन्हें अंगपट्टिका पहनाकर सदस्यता प्रदान की. कमलेश ने कहा कि चौधरी के पिता स्व जागेश्वर चौधरी विद्यालय के प्राध्यापक होने के साथ-साथ विधायक भी चुने गए थे. चौधरी ने इसी विरासत को आगे बढ़ाने का काम किया. कांग्रेस की नीतियों -सिद्धांतों में विश्वास व्यक्त करते हुए राहुल की कार्यशैली और जनता के प्रति समर्पण को देखकर इन्होंने सदस्यता ग्रहण की है. आगे संगठन में इनकी क्षमता का पूरा उपयोग कर विस चुनाव में किया जाएगा.

### राहुल से प्रभावित होकर शामिल हुए हैं : चौधरी

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अमर कुमार चौधरी ने कहा कि राहुल ने जिस तरह भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से जनता को एकजुट कर उनकी आवाज बनने की कोशिश की है, वह जनता के प्रेम को दिखाता है. जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी और इस वादे को पूरा करने के लिए आरक्षण की 50% की सीमा को तोड़ने की बात करना उनकी नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है..

## चक्रधरपुर विधानसभा सीट से झामुमो के टिकट पर सस्पेंस

सुकेश कुमार। चाईबासा

### खास बातें

- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुखराम उरांव रहे नदारद
- सुखराम के टिकट पर बन रहा सस्पेंस, विजय गागराई रेस में

पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर विधानसभा सीट से इस बार भी झामुमो के टिकट पर सस्पेंस बना हुआ है. पिछली बार की तरह इस बार भी झारखंड मुक्ति मोर्चा अपना पत्ता साफ नहीं कर रहा. पिछले बार तत्कालीन विधायक शशि भूषण सामड का टिकट काटकर भाजपा से पाला बदले सुखराम उरांव को टिकट दिया गया था. इस बार भी वर्तमान विधायक सुखराम उरांव का टिकट काटने की चर्चा जोरों से हो रही है. कार्यकर्ता भी सुखराम उरांव का टिकट काटने की बातें कह रहे हैं. हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से किसी तरह की घोषणा झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यालय से नहीं हुई है. इधर, सामाजिक कार्यकर्ता सह खरसावां विधायक दशरथ गागरई के भाई विजय गागराई को जेएमएम से टिकट मिलने की चर्चाएं जोरों से चल रही हैं. चक्रधरपुर विधानसभा में इस तरह का माहौल पिछले चुनाव में भी बना हुआ था. हालांकि इधर सुखराम उरांव की ओर से टिकट मिलने की बात कही जा रही है. इधर, चाईबासा में आयोजित मुख्यमंत्री के राजनीतिक कार्यक्रम में भी जिला अध्यक्ष सह चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव नहीं पहुंचे, इससे लोगों में चर्चा होने लगी है. कार्यकर्ताओं में भी इस तरह की चर्चा हो रही है कि इतने बड़े कार्यक्रम होने पर जिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी कार्यक्रम में नहीं शामिल होना चर्चा का विषय बना हुआ है. मालूम हो कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दूसरी सूची भी जारी कर दी है, लेकिन टिकट को लेकर अभी तक क्लियर नहीं किया. इस संबंध में झामुमो पश्चिमी सिंहभूम के सचिव सोनाराम देवगम ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुखराम उरांव जिला से बाहर होने की वजह से चाईबासा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए.

## राजद नेत्री ममता ने दिया इस्तीफा, सपा में शामिल

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, तस्वीर भी साफ होती जा रही है. बीते तीन-चार दिनों में कई संभावित प्रत्याशियों ने अपना ठिकाना बदल लिया है. इस बीच राजद नेत्री ममता भुइयां ने भी अपनी पार्टी से इस्तीफा देकर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है. अब वह छतरपुर-पाटन विस क्षेत्र से साईकिल की सवारी करेंगी. बताया जा रहा है कि यदि उन्हें समाजवादी पार्टी से टिकट मिलता है तो वह छतरपुर-पाटन विस क्षेत्र का चुनावी समीकरण बिगाड़ सकती हैं. वैसे भी पूर्व विधायक सह इंडिया गठबंधन से संभावित प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर को छोड़ दें तो छतरपुर विस क्षेत्र से कोई भी विधायक लगातार दोबारा जीत हासिल नहीं कर सका है. बता दें कि बीते लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद राजद का दामन थाम लिया था.

### चुनावी बिगुल फूंकने के साथ क्षेत्र में बढ़ी कोयला तस्करी की रफ्तार

## नेताओं के संरक्षण में अवैध कारोबार

दुर्वेज आलम। रामगढ़



चुनावी बिगुल फूंकने के साथ ही क्षेत्र में कोयला तस्करी ने रफ्तार पकड़ ली है. एक ओर जिला प्रशासन निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर तैयारी में जुटी हुई है. वहीं कोयला तस्कर इसका भरपूर लाभ लेने में जुटे हैं. मांडू थाना क्षेत्र में कोयला की तस्करी सेटिंग गेटिंग के तहत जोर-शोर से जारी है. इस कारोबार को सत्ताधारी दलों के बड़े नेताओं का आशीर्वाद प्राप्त है, जिससे अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के बजाय साथ चलने में ही प्रशासन अपनी बेहतरी मान रहा है.

सूत्रों की मानें तो मांडू थाना क्षेत्र में सत्ताधारी दल के एक सफेदपोश द्वारा अवैध कारोबार को बेखौफ अंजाम दिया जा रहा है. नेताजी को इस कारोबार का अनुभव कई वर्षो से प्राप्त है. फलस्वरूप नेता जी आसानी व सहजता के साथ इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे हैं. नेताजी अपने शागिर्दों से क्षेत्र के जोड़ाकरम स्थित सॉफ्ट कोक प्लांट की आड़ में सीसीएल व वनक्षेत्र से रंगमंटिया, कड़रुडूबा, पुंडी, हेसागढ़ा, जोड़ाकरम, नोनियाड़ा व फागू टोला में अवैध कोयला खनन करवा उक्त प्लांट में गिरवा रहे हैं. क्षेत्र की सभी बंद अवैध कोयला खदानें काफी खतरनाक व जानलेवा हैं, क्योंकि कई दशकों से इन बंद अवैध कोयला खदानों से खनन कमोबेश बदस्तूर जारी है. लेकिन नेताजी के फरमान के बाद पेट की आग की ख़ातिर मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर जानलेवा सुरंग से अवैध उत्खनन कर कोयला नेताजी के प्लांट में पहुंचाने को विवश हैं. वहीं मांडू क्षेत्र में दशकों-दशक से मशहूर पुलिस-प्रशासन अपने पूर्व के क्रियाकलापों के अनुभव के साथ इन कोयला तस्करों के साथ ताल में ताल मिला रही है. क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार यूं ही बदस्तूर जारी रहा तो आसन्न विधानसभा चुनाव के प्रभावित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है.

**दिशा-निर्देश** चुनाव संबंधी जानकारी सार्वजनिक करने से पूर्व समाचार पत्र, टीवी चैनल तथ्यों की जांच कर लें

# सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए भी जारी हुए निर्देश

संवाददाता। रांची



बुधवार को निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधी जानकारी को सार्वजनिक करने से पूर्व समाचार पत्र, टीवी चैनल, रेडियो, सोशल मीडिया अथवा मीडिया के अन्य माध्यम तथ्यों को पूरी तरह से जांच कर लें. उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संशय की स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ऑफिशियल वेबसाइट पर दिशा निर्देश उपलब्ध है. इसके साथ सोशल मीडिया के माध्यम से भी दिशा निर्देशों के अनुपालन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराया जाता है. सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व को देखते हुए चुनाव आयोग ने अपने अनुदेश 25 अक्टूबर 2013 के माध्यम से चुनाव प्रचार के दौरान सोशल मीडिया के उपयोग से संबंधित निर्देश जारी किए हैं. जो इस प्रकार हैं.

1) सोशल मीडिया को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की श्रेणी में परिभाषित किया गया है. इस प्रकार सोशल मीडिया पर किए जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापन प्री-सर्टिफिकेशन (पूर्व-प्रमाणीकरण) के दायरे में आते हैं.

2) नामांकन के दौरान प्रत्याशी को नामांकन के समय प्रपत्र -26 में अपने प्रमाणिक सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी प्रदान करनी है.

3) प्रत्याशी और राजनैतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने वाले राजनीतिक विज्ञापन, सोशल मीडिया अकाउंट को संधारित करने, प्रचार-सामग्री बनवाने एवं उनके सोशल मीडिया के लिए काम करने वाले कर्मियों के वेतन पर आने वाले खर्च को प्रत्याशी के चुनाव-खर्च में शामिल किया जाएगा.

4) प्रत्याशी और राजनीतिक दलों के लिए यह आवश्यक है कि इंटरनेट आधारित मीडिया-प्लेटफॉर्म या मीडिया-वेबसाइट पर किसी राजनीतिक विज्ञापन को जारी करने से पहले प्री-सर्टिफिकेशन (पूर्व-प्रमाणीकरण) प्राप्त करें.

5) भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता एवं संबंधित अन्य निर्देश प्रत्याशी या राजनीतिक दलों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों व प्रयुक्त की जाने वाली सभी प्रचार सामग्री पर भी लागू हैं.

किसी भी अस्पष्टता को दूर करने के लिए आयोग ने पुनः पत्र द्वारा (16 अप्रैल 2014) स्पष्ट किया है कि ई-पेपर पर प्रकाशित होने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों पर प्री-सर्टिफिकेशन (पूर्व-प्रमाणीकरण) आवश्यक है. आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि ब्लॉग / सेल्फ अकाउंट वेबसाइट/सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए जाने वाला कोई पॉलिटिकल कंटेंट जो मैसेज/ कमेंट्स/ फोटो/ वीडियो के रूप में हों, राजनैतिक विज्ञापनों की श्रेणी में नहीं आएंगे.

## पेज एक का शेष

### एलएसी पर शांति और स्थिरता...

पिछले साल साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुई ब्रिक्स समिट में दोनों नेता मिले थे. लेकिन दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत नहीं हुई थी. जिनपिंग से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि आपसे मिलकर खुशी हुई. हमारा मानना है कि भारत और चीन के संबंधों का महत्व केवल हमारे लोगों के लिए ही नहीं है. वैश्विक शांति-स्थिरता और प्रगति के लिए भी हमारे संबंध बहुत अहम हैं. पीएम मोदी ने कहा कि हमारे बाउंड्री रिलेटेड मेटर का असर हम शांति और स्थिरता पर नहीं पड़ने देना चाहते. दोनों नेताओं ने कहा कि भारत-चीन के स्पेशल रिप्रजेंटिव ने क्रूशियल रोल अदा किया बाउंड्री के सवाल पर. उन्होंने स्पेशल रिप्रजेंटेटिव से फिर जल्दी मिलने को कहा है. भारत की तरफ से स्पेशल रिप्रजेंटेटिव एनएसए अजीत डोभाल हैं.

**कम्युनिकेशन और को-ऑपरेशन जरूरी: जिनपिंग**

वहीं, शी जिनपिंग ने कहा, दोनों पक्षों के लिए ज्यादा कम्युनिकेशन और सहयोग करना, हमारे मतभेदों और असहमतियों को उचित रूप से संभालना और एक-दूसरे की विकास आकांक्षाओं को पूरा करने में सुविधा प्रदान करना महत्वपूर्ण है. दोनों पक्षों के लिए हमारी अंतरराष्ट्रीय ज़िम्मेदारी निभाना, विकासशील देशों की ताकत और एकता को बढ़ावा देने के लिए एक उदाहरण स्थापित करना जरूरी है. हम अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बहु-ध्रुवीकरण और लोकतंत्र को बढ़ावा देने में योगदान देना चाहते हैं.

**जिनपिंग से मुलाकात के बाद पीएम मोदी का ट्वीट**

चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय मुलाकात हुई. इस संबंध में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया. उन्होंने कहा, कजान ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की. भारत-चीन संबंध हमारे देशों के लोगों और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं.

### पहली बार सपोर्ट मांगने आई हूं

**रोड शो में उमड़ी भीड़ :** प्रियंका गांधी ने नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले कालपेट्टा में रोड शो भी किया, जिसमें यूडीएफ के नेताओं व कार्यकर्ताओं समेत हजारों लोग जुटे. रोड शो के दौरान प्रियंका के साथ राहुल गांधी, उनके पति रॉबर्ट वाड्रा, कांग्रेस और आईयूएमएल के वरिष्ठ नेता मौजूद थे. सुबह से प्रतीक्षा कर रहे यूडीएफ कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ-साथ सभी आयु वर्ग के आम लोगों ने प्रियंका और राहुल गांधी की तस्वीरों, पार्टी के रंगों वाले गुब्बारों से और ढोल बजा कर उनका स्वागत किया.

# लोकतंत्र की मजबूती का सवाल

ठोस और सक्रिय सांगठनिक ढांचा किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी पूंजी है. चुनावों में संगठन के कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होती है, लेकिन भारतीय राजनीति की त्रासदी यह है कि चुनाव न केवल परसेप्शन के सहारे लड़े जाते हैं, बल्कि जिताऊ उम्मीदवारों के लिए पार्टियां अपने वैचारिक पहचान को भी दांव पर लगा देती हैं. दरअसल लोकतंत्र को केवल चुनावी जीत तक सीमित कर दिया जाना भी एक बड़ी त्रासदी बन गयी है. यह सवाल दुनिया के शायद ही किसी लोकतंत्र में उठता है कि उम्मीदवारों के चयन में पार्टियों के आम कार्यकर्ताओं का दखल क्यों नहीं है. इसके साथ ही प्रतिबद्ध वोटरों को टेकेन फॉर ग्रांटेड लेने की प्रवृत्ति ने दलबदल को उस मुकाम पर पहुंचा दिया है, जहां लोकतंत्र आंसू बहाने के लिए बाध्य है. यह समस्या किसी एक दल ने पैदा नहीं की है. पिछले एक दशक में कई नए आयाम देखे गए हैं, जो पूर्व से बहुत भिन्न हैं. भारत में चुनाव सुधारों की बात तो जरूर की जाती है, लेकिन स्वतंत्र, निष्पक्ष और समान अवसरों वाला चुनाव बेहद मुश्किल भंवर में फंसा हुआ है. पहले देखा जाता था कि लोक मयार्दाएं राजनीतिक भविष्य की दिशा तय करने में भूमिका निभाती थीं, लेकिन अब इन लोक मर्यादाओं का महत्व न्यूनतम ही रह गया है. पिछले एक दशक में चुनाव प्रचार की भाषा, खुलेआम किए जाने वाले सांपद्रायिक ध्रुवीकरण और लाभार्थी के नाम पर वोटरों को लालच देने की प्रवृत्ति सरेआम है. चुनाव आयोग भी इन प्रक्रियाओं पर लगाम लगाने की दिशा में शायद ही पहल करता है. देश की संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका और साख पिछले एक दशक में प्रभावित हुई है. अभी तो दो राज्यों में चुनाव हो रहे हैं. हरियाणा चुनाव में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को ले कर सवाल उठ चुके हैं. इसके साथ ही देश के दो अहम संगठनों ने लोकसभा के चुनाव में भी 179 सीटों के चुनाव नतीजों को ले कर कुछ सवाल खड़े किए. संभव है कि इन सवालों में कोई सच्चाई नहीं हो, लेकिन चुनाव आयोग का दायित्व है कि वह लोगों में बीच से उठने वाले सवालों का जवाब दे. चुप्पी या नजरअंदाज करने की प्रवृत्ति साख के नजरिए से सहायक नहीं हो सकती है. भारत का चुनावी लोकतंत्र सात दशक पुराना हो चुका है. बावजूद इसके जो सवाल उठाए गए हैं, उन्हें हमेशा के लिए संदेह से परे करने के लिए चुनाव आयोग को और पहल करने की जरूरत है. भारतीय चुनाव आयोग को दुनिया भर में दक्ष और बेहतरीन संस्था माना जाता है. इस मान्यता को और पुष्ट बनाए जाने के लिए देश के भीतर से उठने वाले सवालों का जवाब जरूरी है. झारखंड और महाराष्ट्र के चुनावों में इस बात की गारंटी की जानी चाहिए कि किसी को कोई सवाल उठाने का मौका ही नहीं मिले. इसके साथ ही एक बड़ा सवाल यह है कि चुनावों को पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग को और पहल करने की जरूरत है. इसके साथ ही समय आ गया है कि मतदाताओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए चुनाव सुधार को मुकम्मल बनाया जाए और दलबदल को रोका जाए.

> देश की संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका और साख पिछले एक दशक में प्रभावित हुई है. अभी तो दो राज्यों में चुनाव हो रहे हैं. हरियाणा चुनाव में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को ले कर सवाल उठ चुके हैं.

## सुभाषित

**ध्यायतो विषयान् पुंसः संगस्तेषूपजायते ।**
**संगात् संजायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते ॥**

विषयों का ध्यान करने से उनके प्रति आसक्ति हो जाती है. यह आसक्ति ही कामना को जन्म देती है और कामना ही क्रोध को जन्म देती है. इसके बाद तो फिर अनर्थ ही अनर्थ रह जाता है. इसलिए सारी समस्याओं का कारण आसक्ति ही है.

# एससीओ से भारत का कड़ा संदेश

**एससीओ में भारत की सहभागिता पर नजर दौड़ाएं तो 2018 में चीन के तटीय शहर किंगदाओ में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में पहली बार शिरकत करने का मौका मिला. इससे पहले बतौर पर्यवेक्षक की भूमिका में ही था. कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में संपन्न सम्मेलन में भारत की स्थायी सदस्यता पर मुहर लगी और महज पांच वर्षों में भारत ने अपनी धारदार भूमिका से एससीओ के चरित्र को बदल दिया.**



• देश-काल



अरविंद जयतिलक

इजरायल-लेबनान और रुस-यूक्रेन संघर्ष के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संपन्न संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के जरिए भारत ने एक बार फिर आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है. सम्मेलन में शामिल भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान और उसके आका चीन को आड़े हाथों लेते हुए दो टूक कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खतरे तीन बड़ी चुनौतियां हैं, जिसके कारण व्यापार और कनेक्टिविटी की समस्या उत्पन्न हो रही है. उन्होंने एक ईमानदार बातचीत की पहल की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि अगर दोस्ती कमतर पड़ जा रही है और एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो ऐसे में खुद के भीतर झांकने की जरूरत है. उन्होंने यह भी कहा कि हर किसी की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है. गौर करें तो विदेशमंत्री एस जयशंकर ने एससीओ के मंच से इशारे-इशारे में ही पाकिस्तान और चीन दोनों को चेता दिया कि वे पड़ोसी होने का धर्म नहीं निभा रहे हैं और इस क्षेत्र में तनाव के लिए मुख्य रूप से वे ही जिम्मेदार भी हैं. विदेशमंत्री एस जयशंकर ने चीन की महत्वाकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इंकार कर दिया.

जानना आवश्यक है कि इस परियोजना में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा शामिल है, जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से से होकर गुजरता है, जिसे लेकर भारत की गहरी आपत्ति है. अब भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के तमाम देश भी चीन के इस प्रोजेक्ट की जमकर आलोचना कर रहे हैं. इसलिए कि इसमें शामिल अधिकांश देश चीनी कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं. पाकिस्तान की भी कोशिश थी कि एससीओ के जरिए माहौल को अनुकूल बना भारत से वार्ता के जरिए नजदीकियां बढ़ाई जाएं. लेकिन विदेशमंत्री ने पाकिस्तान जाने से पहले ही भारत के पुराने रुख कि टेरर और टॉक साथ-साथ नहीं चल सकते पर अडिग रहने का फैसला कर लिया था. पाकिस्तान एससीओ की मेजबानी करके बहुत उत्साहित है और अब उसकी कोशिश विश्व बिरादरी में अपनी छवि सुधारने की होगी, लेकिन उसे समझना होगा कि जब तक वह आतंकवाद को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा, उसकी छवि सुधरने वाली नहीं है. रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस बात पर निर्भर रहेगा कि भारत को लेकर पाकिस्तान और चीन का रवैया क्या रहता है.

वैसे हर बार की तरह इस बार भी एससीओ शिखर सम्मेलन से उम्मीद किया जाना चाहिए कि इस सम्मेलन से क्षेत्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के अलावा आर्थिक विकास को गति देने, व्यापार, निवेश, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य सुविधाओं, कृषि, सूचना एवं संचार प्रौद्यागिकी के क्षेत्र में विस्तार को नया आयाम मिलेगा. जाहिर है कि यह क्षेत्र एक बहुत बड़ा उपभोक्ता बाजार है, जिसमें भारत की भूमिका का लगातार विस्तार हो रहा है. एससीओ में भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों से अंतरराष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा.

एससीओ में भारत की सहभागिता पर नजर दौड़ाएं तो 2018 में चीन के तटीय शहर किंगदाओ में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में पहली बार शिरकत करने का मौका मिला. इससे पहले बतौर पर्यवेक्षक की भूमिका में ही था. कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में संपन्न सम्मेलन में भारत की स्थायी सदस्यता पर मुहर लगी और महज पांच वर्षों में भारत ने अपनी धारदार भूमिका से एससीओ के चरित्र को बदल दिया. आज की तारीख में यह संगठन विश्व की तकरीबन आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन बन चुका है. चूंकि इस संगठन ने संयुक्त राष्ट्र संघ के अलावा यूरोपीय संघ, आसियान, कॉमनवेल्थ और इस्लामिक सहयोग संगठन से भी संबंध स्थापित किए हैं. इस नाते भारत की भूमिका और अधिक व्यापक हो जाती है. गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है, लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है.

इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है. एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है, लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है. चूंकि एससीओ के सदस्य देशों का भारत से अति निकटता है, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है. ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रूस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं. अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है. लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले. संघाई सहयोग संगठन के इतिहास में जाएं तो अप्रैल, 1996 में शंघाई में हुई एक बैठक में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान आपस में एकदूसरे के नस्लीय और धार्मिक तनावों से निपटने के लिए सहयोग करने को राजी हुए. तब इस संगठन को शंघाई फाइव कहा गया.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | विद्यालंकार



## कल्याणकारी हैं महादेव

भगवान शंकर समस्त विद्याओं वेद शास्त्रों आगमों तथा कलाओं के मूल स्रोत हैं. इसलिए उन्हें विशुद्ध विज्ञानमय, विद्यापति, विद्यातीर्थ तथा समस्त प्राणियों का ईश्वर कहा गया है. भगवान शिव और उनका नाम समस्त मंगलों का मूल एवं अमंगलों का उन्मूलक है. दिग्वसन होते हुए भी शिवजी भक्तों को अतुल ऐश्वर्य प्रदान करने वाले, अनंत राशियों के अधिपति होते हुए भी भस्म विभूषण, श्मशान वासी कहे जाने पर भी तीनों लोकों के अधिपति, योगिराज होते हुए भी अर्धनारीश्वर, सदा कांता से समन्वित होते हुए भी मदनजित, अज होते हुए भी अनेक रूपों में आविर्भूत, गुणहीन होते हुए भी गुणाध्यक्ष, अव्यक्त होते हुए भी व्यक्त तथा सबके कारण होते हुए भी अकारण हैं. भगवान शिव सबके पिता हैं और भगवती पार्वती जगजननी. शिवजी की दानी और उदार छवि ऐसी है कि उनका नाम ही अवढरदानी पड़ गया है. उनका भोलापन भी तीनों लोकों में प्रसिद्ध है. अकारण अनुग्रह करना, अपनी संतान से प्रेम करना शिवजी का स्वभाव है. उनके समान कल्याणकारी एवं प्रजारक्षक और कोई नहीं है. समुद्र मंथन से कालकूट विष निकला, जिसकी ज्वाला से तीनों लोकों में हाहाकार होने लगा. किसी में यह सामर्थ्य नहीं था कि वह कालकूट विष का शमन कर सके. प्रजा की रक्षा का दायित्व प्रजापति गणों का था, पर वे भी जब असमर्थ हो गए, तो सभी शंकर जी के शरण में गए और अपना दुख सुनाया. भगवान शंकर ने पार्वती जी से कहा कि ये निरीह प्राणी बहुत व्याकुल हैं. प्राण बचाने की इच्छा से मेरे पास आए हैं. मेरा कर्तव्य है कि मैं इन्हें अभय करूं, क्योंकि जो समर्थ हैं, उनकी सामर्थ्य का उद्देश्य ही यह है कि वे दीनों का पालन करें. साधुजन, नीतिवान जन अपने नश्वर जीवन की बलि देकर भी प्राणियों की रक्षा करते हैं. जो पुरुष प्राणियों पर कृपा करता है, उससे श्री हरि प्रसन्न रहते हैं और जिस पर श्रीहरि प्रसन्न हो जाते हैं, उससे मैं तथा समस्त जगत भी प्रसन्न हो जाता है. भगवान शिव ने अपनी चर्या से जीव को स्वल्प भी परिग्रह न करने, ऐश्वर्य एवं वैभव से विरक्त रहने, संतोष, संयम, साधुता, सादगी, सच्चाई, परहित-चिंतन, अपने कर्तव्य के पालन तथा सतत नाम जप-परायण रहने का पाठ पढ़ाया है. अपने प्राणों की बलि देकर भी जीवों की रक्षा करना, सदा उनके हित-चिंतन में संलग्न रहना इससे बड़ा कोई आदर्श नहीं हो सकता. कृपालु शिव ने प्रजा के हित का ध्यान करते हुए उस विष को पी लिया और नीलकंठ कहलाए.

# संजीदा है गरीबी-भूख का सवाल

• सामयिकी

ज्ञान पाठक

हाल ही में जारी वैश्विक भूख सूचकांक 2024 और संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2024 के मद्देनजर, नरेंद्र मोदी सरकार को देश में भूख और गरीबी के गंभीर स्तर पर अपनी आंखें मूंद कर नहीं बैठना चाहिए और देश में विकास की प्रकृति के बारे में बात किये बिना इसके सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि का शोर मचाते हुए चेतावनियों को नहीं दबाना चाहिए, क्योंकि जिस तरह का विकास हो रहा है उससे असमानता तेजी से बढ़ रही है.

वैश्विक भूख सूचकांक 2024 ने 100 के पैमाने पर केवल 27.3 के स्कोर के साथ भारत को गंभीर भूख स्तर की श्रेणी में रखा है, जबकि संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2024 ने कहा कि भारत में दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा गरीब रहते हैं. संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक गरीबी सूचकांक 2024 के अनुसार, भारत में 234 मिलियन लोग गरीबी में जी रहे हैं. ये सभी अनुमान भारत में 2011-12 में की गई गरीबी की गणना के अलावा कुछ अन्य आंकड़ों पर आधारित हैं. नवीनतम वास्तविक स्थिति जानने के लिए, भारत को भूख और गरीबी की गणना नये सिरे से करनी चाहिए.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास की कहानी मुख्य रूप से देश में जीडीपी वृद्धि पर निर्भर करती है और जमीनी स्तर की असमानता, भूख और गरीबी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर देती है. इसके अलावा, बड़ी संख्या में अर्थशास्त्रियों ने लंबे समय से यह माना है कि भारत का आधिकारिक जीडीपी आंकड़ा विकास को बढ़ा-चढ़ाकर बताता है. हाल ही में 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान, भारतीय राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने विकास के बारे में कुछ डेटा जारी किए, जिसकी कई अर्थशास्त्रियों ने बेशर्मी से बढ़ाचढ़ा कर अनुमान लगाने के रूप में आलोचना की. यह भी सर्वविदित है कि आंकड़ों को दबाने के दबाव के कारण-2019 में कुछ शीर्ष अधिकारियों के इस्तीफे सामने आये, जिन्होंने बेरोजगारी के वास्तविक स्तर को लीक कर दिया, जो 45 साल का उच्चतम स्तर था.

2023 में भी कुपोषण और एनीमिया (रक्ताल्पता) से जुड़े एक सर्वेक्षण के निदेशक को देश में इनकी उच्च-स्तरीय घटनाओं को उजागर करने के लिए अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा. उल्लेखनीय है कि कुपोषण और एनीमिया के आंकड़ों का उपयोग देश में भूख और गरीबी का अनुमान लगाने के लिए कुछ आधारों के रूप में किया जाता है. यह भी याद रखना चाहिए कि कैसे मोदी सरकार ने 2018 के एक सर्वेक्षण को रद्द कर दिया था, जिसके लीक हुए आंकड़ों से गरीबी दर में वृद्धि का स्तर दिखा था. 2012 में अंतिम व्यापक उपभोग-व्यय सर्वेक्षण में 22 प्रतिशत लोगों को गरीबी में रहते हुए दिखाया गया था.

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास की कहानी मुख्य रूप से देश में जीडीपी वृद्धि पर निर्भर करती है और जमीनी स्तर की असमानता, भूख और गरीबी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर देती है. इसके अलावा, बड़ी संख्या में अर्थशास्त्रियों ने लंबे समय से यह माना है कि भारत का आधिकारिक जीडीपी आंकड़ा विकास को बढ़ा-चढ़ाकर बताता है.

अन्य विवरणों में जाने से पहले, कुछ और बातें ध्यान में रखनी चाहिए. भारत ने 1993-94 तक गरीबी के आकलन के लिए यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स पीरियड (यूआरपी) का इस्तेमाल किया. यूआरपी के तहत, लोगों से 30-दिन की रिकॉल अवधि में उनके उपभोग व्यय के बारे में पूछा जाता था. फिर 1999-2000 के बाद से मिश्रित संदर्भ अवधि (एमआरपी) को अपनाया गया, जिसमें पिछले वर्ष में उपभोग की गई पांच कम आवृत्ति वाली वस्तुओं (कपड़े, जूते, टिकाऊ सामान, शिक्षा और संस्थागत स्वास्थ्य व्यय) के बारे में पूछा गया और 30-दिन की स्मरण अवधि में अन्य चीजों के उपभोग के बारे में भी पूछा गया. 2011-12 में गरीबी के आकलन में एमआरपी का इस्तेमाल किया गया. हालांकि, अब हमारे पास संशोधित मिश्रित संदर्भ अवधि (एमएमआरपी) है, जिसका उपयोग भविष्य के सर्वेक्षणों में किया जायेगा, जो अभी सरकार द्वारा किये जाने हैं. वास्तविक समय के ताजा आंकड़ों के अभाव में, भारत में भूख और गरीबी से संबंधित सभी अनुमान क्रॉस सेक्टोरल डेटा पर आधारित अनुमान हैं. ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 ने भारत को दुनिया के 127 देशों में से 105वां स्थान दिया है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# लौट आया है संगठित अपराधों का दौर ?

• अपराध

विद्याधर दाते

एक समय था जब मुंबई में दिन-दहाड़े गोलीबारी होती थी, गैंगस्टर खुले आम घूमते थे और शहर की सड़कों पर अपने दुश्मनों को अपनी मर्जी से उड़ा देते थे. दशहरे की रात (12 अक्टूबर) को बांद्रा के टोनी उपनगर में महाराष्ट्र के विवादास्पद पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद लगता है कि कुछ ऐसा ही माहौल वापस आ गया है. सिद्दीकी बॉलीवुड सितारों के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के लिए मशहूर थे. 66 वर्षीय सिद्दीकी को कार में आए हत्यारों ने गोली मारी. हत्यारों के मुंह रूमालों से ढंके हुए थे. अपने लक्ष्य पर करीब से गोली चलाने के बाद वे भाग निकले. पुलिस ने इस वारदात को कॉन्ट्रैक्ट किलर की करतूत बताया है. संगठित अपराध शैली में की गई यह हत्या राजनेता-बिल्डर-अंडरवर्ल्ड गठजोड़ की शक्ति, पहुंच और कानून-व्यवस्था की अवमानना का संकेत देती है, जो भारत के सबसे मशहूर शहर मुंबई के अपराध मुक्त होने के दावे को चुनौती दे रही है. सिद्दीकी अपनी ग्लैमरस इफ्तार पार्टियों के लिए प्रसिद्ध थे, जिनमें बॉलीवुड सितारे शामिल होते थे. वे विशेष रूप से सलमान खान और संजय दत्त जैसे फिल्मी सितारों के साथ अपनी नजदीकियों के लिए जाने जाते थे. सिद्दीकी की हैसियत सिर्फ एक पूर्व विधायक, एक पूर्व मंत्री या बांद्रा पश्चिम उपनगर के प्रतिनिधि से कहीं अधिक थी. वे उस इलाके से थे जहां बॉलीवुड फिल्मी सितारों में से कुछ सबसे बड़े लोगों के घर हैं. 2013 की एक तस्वीर में कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन सदस्य बाबा सिद्दीकी सुपरस्टार सलमान खान और 'किंग खान कहे जाने वाले शाहरुख खान के गले में हाथ डाले दिखाई दे रहे हैं.

कांग्रेस पार्टी के लंबे समय से सदस्य, पूर्व मंत्री और सिनेस्टार व दिवंगत सांसद सुनील दत्त के सर्वाधिक करीबी सहयोगी रहे सिद्दीकी ने अपने खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की जांच के मद्देनजर इस साल की शुरुआत में पार्टी छोड़ दी थी और फिलहाल भाजपा के साथ महाराष्ट्र में सत्ता में भागीदार अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए. उसके बाद ईडी का मामला कभी आगे नहीं बढ़ा. इन अर्थों में जिस व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई, वह सत्तारूढ़ पार्टी का कार्यकर्ता था, जिसकी हत्या उस समय हुई जब सभी राजनीतिक दल महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए जी-जान से जुटे हैं. उल्लेखनीय है कि बाबा सिद्दीकी को एक पखवाड़े पहले जान से मारने की धमकी मिली थी जिसके बाद उन्हें वाई श्रेणी की राज्य सुरक्षा प्रदान की गई थी. इन सबके बावजूद हिटमैन अपना काम कर गुजरे.

> कांग्रेस पार्टी के लंबे समय से सदस्य, पूर्व मंत्री और सिनेस्टार व दिवंगत सांसद सुनील दत्त के सर्वाधिक करीबी सहयोगी रहे सिद्दीकी ने अपने खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की जांच के मद्देनजर इस साल की शुरुआत में पार्टी छोड़ दी थी और फिलहाल भाजपा के साथ महाराष्ट्र में सत्ता में भागीदार अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए.

सरकारी कहानी यह है कि यह हत्या लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व वाले गिरोह की करतूत है. हत्या का कारण सिद्दीकी की सलमान खान के साथ कथित नजदीकी को बताया जा रहा है. सलमान खान पर आरोप है कि उसने 1998 में कथित तौर पर एक काले हिरण का शिकार किया था जिसे बिश्नोई समुदाय पवित्र व पूजनीय मानता है. इसी वर्ष अप्रैल में सलमान खान के घर पर गोलियां चलाई गई थीं. इस सिलसिले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक अनुज थापन के बारे में कहा जाता है कि उसने पुलिस हिरासत में आत्महत्या कर ली, जिसने उस मामले में एक नया मोड़ दे दिया. अब सलमान खान के सभी दोस्त और सहयोगी बिश्नोई गिरोह के निशाने पर हैं, लेकिन सिद्दीकी की हत्या के बाद घटनाक्रम में इतनी तेजी के साथ बदलाव हो रहे हैं, जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं. यह कम महत्वपूर्ण नहीं है कि बिश्नोई इस समय गुजरात में हिरासत में हैं. इसके अलावा पुलिस ने सिद्दीकी मामले में उसी रात आनन-फानन में दो गिरफ्तारियां कीं और इस समय तक एक और आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है. गिरफ्तार किया गया तीसरा व्यक्ति उस व्यक्ति का भाई है, जिसने बिश्नोई गिरोह के गुर्गे के रूप में हत्या में शामिल होने का दावा किया था. क्या मामला इतना सरल हो सकता है जितना कि बताया जा रहा है?

बाबा सिद्दीकी को जमीन और रियल एस्टेट कनेक्शन के लिए भी जाना जाता था, जिसने मुंबई में बिल्डरों की भूमिका को उजागर करते हुए शहर का पूरा परिदृश्य बदल दिया और कई मायनों में शहर की तरक्की के साथ मुंबई को कांक्रीट का बदसूरत जंगल बनाने में भी योगदान दिया है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# स्थिर हो गयीं वैश्विक आर्थिक संभावनाएं

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष द्वारा मंगलवार को जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार वैश्विक आर्थिक संभावनाएं स्थिर हैं. आईएमएफ ने 2024 के लिए अपने वृद्धि संबंधी अनुमान को 3.2 फीसदी पर स्थिर रखा है. जुलाई अपडेट की तुलना में उसने 2025 के लिए अपने पूर्वानुमान को 10 आधार अंक कम करके 3.2 फीसदी किया है. 2024 और 2025 के लिए अमेरिका के वृद्धि अनुमानों में सुधार किया गया है, जबकि यूरो क्षेत्र के अनुमान में कटौती की गई है. भारत का परिदृश्य जुलाई की तुलना में अपरिवर्तित है. आईएमएफ का अनुमान है कि चालू वर्ष और अगले वर्ष भारत क्रमशः 7 फीसदी और 6.5 फीसदी की दर से वृद्धि करेगा. चीन के वृद्धि अनुमान में 2024 के लिए 20 आधार अंक की कटौती की गई है.



मानक अनुमान के अलावा विश्व आर्थिक परिदृश्य नीतिगत धुरी और खतरों के बारे में बात करता है जिनकी चर्चा करना उपयोगी है. नीतिगत संदर्भ में आईएमएफ के आर्थिक सलाहकार पियरे-ओलिवियर गौरींचस, परिदृश्य की भूमिका में कहते हैं कि मुद्रास्फीति के विरुद्ध लड़ाई व्यापक तौर पर जीती जा चुकी है. हालांकि वृद्धि दर महामारी के पहले के स्तर से नीचे है और निकट भविष्य में वह ऐसी ही स्थिति में रहने वाली दिखती है, लेकिन विश्व अर्थव्यवस्था बीते कुछ वर्षों में लगे तमाम झटकों के बावजूद मजबूत बनी रही है. महामारी, जंग और भू-राजनीतिक तनाव इसके उदाहरण हैं. इसके अतिरिक्त बड़े मौद्रिक बैंकों ने भी नीतिगत सख्ती बरती है. हालांकि कुछ विकसित देशों में मुद्रास्फीति की दर अभी भी तय स्तर से अधिक है, लेकिन वह अपेक्षाकृत सहज स्तर पर आ चुकी है और केंद्रीय बैंकों ने नीतिगत दरों में कटौती आरंभ कर दी है. इससे विकासशील देशों समेत वित्तीय हालात को सहज बनाने में मदद मिलेगी. अपस्फीति के कुछ अंश के लिए झटकों के कम होने को वजह माना जा सकता है, लेकिन मौद्रिक नीति समिति ने मुद्रास्फीति संबंधी अनुमान को थामे रखने में मदद की है और मेहनताने और कीमतों के चक्र से बचने में सहायता की है. बहरहाल केंद्रीय बैंकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है. अन्य नीतिगत मुद्दा है ऋण को स्थिर करना. महामारी के बाद अधिकांश देशों द्वारा शिथिल राजकोषीय नीति अपनाए जाने के बाद अब हालात में सुधार का समय है. बहरहाल, आईएमएफ कहता है कि वर्तमान राजकोषीय योजनाओं के अधीन अमेरिका और चीन जैसे देशों के लिए ऋण का स्तर स्थिर नहीं है. बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में राजकोषीय स्थिति में देरी से समायोजन के साथ हमेशा यह जोखिम होता है कि वह बाजार में उथलपुथल की स्थिति बना देगा.

**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### मन/मनका

**संत** कवि कबीरदास ने कहा है- माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर. कर का मनका डार दे, मन का मनका फेर. मतलब कोई व्यक्ति लंबे समय तक हाथ में लेकर माला तो फेरता है, लेकिन इससे उसके मन का भाव नहीं बदलता. उसके मन की हलचल शांत नहीं होती. इसलिए हाथ की इस माला को फेरना छोड़ कर मन के मोतियों को फेरो. इस दोहे में चार बार मनका शब्द का प्रयोग हुआ है. उसमें दो बार 'मनका' से 'का' को अलग कर दिया गया है-मन का. हालांकि बोलने में चारों बार मनका ही उच्चरित होता है. समझने में आसानी हो, इस विचार से हम मन का और मनका को अलग-अलग कर लेते हैं. मन का में मन के साथ संबंध कारक का चिह्न का लगा है, लेकिन मनका एक ही शब्द है. मन और मनका दोनों संस्कृत तत्सम शब्द हैं. अर्थ पर विचार करें तो वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार मन का अर्थ है अंतःकरण चित्त, इच्छा, चाहत, आत्मा, हृदय, दिल, तौल-मापक. इससे कई मुहाबरे बने हैं. जैसे मन कचोटना यानी मन का दुखी होना, मन के लड्डू खाना यानी बेकार की आशा रखकर प्रसन्न होना, मन टूटना यानी उत्साह, उमंग आदि का नष्ट होना, मन में बसना यानी बहुत पसंद आना, मन बहलाना यानी किसी काम में लगकर मन को प्रसन्न करना, मन मारना यानी इच्छा को रोकना, मन में रखना यानी याद रखना या मन में छिपाकर रखना, मन मैला करना यानी मन में दुर्भाव रखना, मन से उतरना यानी मन में अनुराग या आदर नहीं रह जाना, मन हरा होना यानी प्रसन्न होना, मन मिलना यानी विचारों में समानता होना. मनका शब्द का अर्थ इस प्रकार है-लकड़ी, धातु आदि छोटा गोल टुकड़ा, जिसके बीचो-बीच छेद होता है तथा जिसे माला के रूप में पिरोया जाता है, मोती, माला, सुमिरनी, रत्नदाना. किसी मंत्र का जाप करने में मनका यानी माला का उपयोग किया जाता है.

# खुद को महान समझने वाले लोग

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



कुछ लोगों को अपने महान होने का हर समय एहसास होता रहता है. ऐसे लोग परम ज्ञानी होते हैं. एक क्षण के लिए भी उनके दिमाग से यह बात नहीं जाती है कि वे महान हैं. जब सामने वाला उनसे बात करता है , तब वे निरंतर इस बात का बोध स्वयं भी करते हैं तथा सामने वाले को भी कराते रहते हैं कि वे महान हैं तथा एक तुच्छ प्राणी से उनकी बातचीत हो रही है. सामने वाला अगर उनको महान नहीं समझता अथवा अज्ञानतावश कभी-कभी उनसे बात करते समय यह भूल जाता है कि वह महान व्यक्ति से बात कर रहा है , तब वे महान व्यक्ति उसको तुरंत इस बात का ज्ञान करा देते हैं कि वे महान हैं. महान होना इतनी महत्वपूर्ण बात नहीं है, जितना कि खुद को महान समझना. जब तक आदमी अपने आपको महान नहीं समझेगा, तबतक वह संसार में अपनी महानता का प्रदर्शन कैसे कर सकता है? और महानता तो ऐसी होनी चाहिए कि चेहरे से टपके, बातचीत में छलके और जीवनी लेखक उनकी महानता के सामने डरते–डरते नतमस्तक हो जाएं. कुछ भी लिखने से पहले आदमी चार बार सोचे कि मैं एक महान आदमी की जीवनी लिख रहा हूं. कई लोग जेब में सर्टिफिकेट लेकर घूमते हैं. उनके पास सबूत होते हैं ,जिसके आधार पर वे अपने आप को महान बताते हैं. मजाल है कि कोई आदमी संदेह पैदा कर सके कि अमुक सज्जन महान नहीं हैं. अगर कोई गलती से भी चुप रहा, तब महान व्यक्ति उसको तुरंत टोक कर बता देते हैं कि भाई साहब आपको क्या जानकारी नहीं थी कि मैं महान व्यक्ति हूं. आपको कहना चाहिए था कि हम एक महान व्यक्ति से बातचीत कर रहे हैं और वे वास्तव में बहुत महान हैं. महानता के मामले में व्यक्ति को आत्मनिर्भर होना चाहिए. यह नहीं कि सीधेपन में जिंदगी गुजार दी और मरने के बाद कोई महान कह ही नहीं रहा है. परेशानी से बचने के लिए आदमी को अपने जीवन–काल में ही अपने नाम के आगे महान लिख लेना चाहिए. अर्थात "महान श्री अमुक जी". इससे हमेशा पता चलता रहेगा कि अमुक सज्जन एक महान व्यक्ति हैं. नाम से पहले महान शब्द जोड़ने से बहुत से लोग यह तो कह सकते हैं कि आदमी अपना प्रचार खुद कर रहा है, लेकिन इस बात में शक की गुंजाइश बिल्कुल नहीं रहेगी कि महान व्यक्तियों की श्रेणी में किस-किस को रखा जाए. जब महान व्यक्तियों की सूची बनेगी, तब सबसे पहला ध्यान उन लोगों पर ही जाएगा, जिन्होंने अपने जीवन काल में सारी जिंदगी अपने गले में इस बात की तख्ती लटका रखी थी कि "मैं महान हूँ."

# लाइफ लाइन

## सेलेब्स के फेवरिट हैं ये वर्कआउट

**सेलेब्स अपनी फिटनेस को लेकर बेहद सजग रहते हैं. खाने-पीने पर लगाम रखते हैं. वहीं जिम व घर में घंटो पसीने बहाते हैं. कई सेलेब्स तो सोशल मीडिया पर अपना फिटनेस रुटीन अक्सर शेयर करते रहते हैं. ऐसे सेलेब्स में मलाइका अरोड़ा, कार्तिक आर्यन, शिल्पा शेट्टी, दिशा पटानी आदि शामिल हैं. आइए बॉलीवुड सेलेब्स के कुछ प्रमुख वर्कआउट के बारे में जानकारी हासिल करें-**

### योग



बॉलीवुड के कई सेलेब्स योग को अपनी नियमित जीवनशैली में शामिल रखे हैं. करीना कपूर, सैफ अली खान, करिश्मा कपूर, अमृता अरोड़ा, शिल्पा शेट्टी, मलाइका अरोड़ा अक्सर योग करते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं. दरअसल यह स्वस्थ्य रहने का यह काफी अच्छा माध्यम है. योग से तनाव से राहत मिलती है, नींद अच्छी आती है, बॉडी फ्लैक्सिबल बनती है, पोश्चर में सुधार होता है. कई रोगों को जड़ से खत्म करने का माद्दा रखता है योग.

### पिलाटे



बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक सेलेब्स का फेवरिट वर्कआउट पिलाटे है. कम समय में अधिक कैलोरी बर्न करने के लिए यह बहुत कारगर माना जाता है. इससे बॉडी बैलेंसिंग, मांसपेशियों और कोर पावरफुल और लचीला बनता है. आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, जान्हवी कपूर, कैटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण जैसी एक्ट्रेस खुद को फिट रखने के लिए पिलाटे को आजमाती हैं. हॉलीवुड की केट हडसन तो प्रसव के बाद अपने बढ़े वजन को कम करने के लिए पिलाटे के योगदान की चर्चा अक्सर इंटरव्यू में करती हैं.

### बॉक्सिंग



मुक्केबाजी जैसी मार्शल आर्ट एक बेहतरीन एरोबिक एक्सरसाइज तो है ही, इससे शरीर मजबूत बनता है और एक्टिव होता है. जर्नल ऑफ स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग रिसर्च के अनुसार, मार्शल आर्ट आपकी सहनशक्ति को बढ़ाता है और आपकी सक्रियता में सुधार कर सकता है. एक्ट्रेस दिशा पटानी, कियारा आडवाणी और रकुल प्रीत समेत बी-टाउन की कई एक्ट्रेस की रेग्यूलर वर्कआउट में बॉक्सिंग शामिल है. बॉक्सिंग करती तस्वीरें अक्सर ये सोशल मीडिया पर साझा करती हैं. इससे उनकी बॉडी शेप में रहती है.

### वेट ट्रेनिंग



वेट लिफ्टिंग लंबे समय से बॉलीवुड सेलेब्स का पसंदीदा वर्कआउट रहा है. दिशा पटानी, सान्या मल्होत्रा, कैटरीना कैफ, आलिया भट्ट और अनुष्का शर्मा भी खुद को फिट रखने के लिए वेट ट्रेनिंग या वेट लिफ्टिंग वर्कआउट करती हैं. अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें भी साझा करतीह हैं. इस एक्सरसाइज से चर्बी कम होती है और मांसपेशियों के निर्माण होता है. दिल के लिए भी लाभकारी है. इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और चोट का जोखिम भी कम होता है.

### तैरना



तैरना फिजिकल फिटनेस के लिए बेहतर माना जाता है. इससे दिल दुरुस्त रहता है, वजन घटता है, बॉडी फिट रहती है, दिमाग फ्रेश रहता है. सोनम कपूर, सोनाक्षी सिन्हा, कैटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण जैसी एक्ट्रेस खुद को फिट रखने के लिए स्विमिंग करती हैं.

## न टूथपेस्ट लगाएं, न बर्फ रगड़ें

# जली त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं घरेलू उपचार



डॉ सरोज राय
डर्मेटोलॉजिस्ट
कॉस्मेटोलॉजिस्ट


*उत्सव का दौर जारी है. दशहरा गुजरा है और दीवाली के लिए पलक बिछाए हम सभी खड़े हैं. पांच दिवसीय दीपोत्सव के बाद आस्था का महान पर्व छठ का आगमन होगा. नए कपड़े, मिठाइयों के साथ उत्सव का उत्साह हम पटाखों आदि से जाहिर करते हैं. लेकिन सेलिब्रेशन का यह अंदाज कई बार त्वचा के जलने जैसी समस्याएं भी सामने लाता है. त्योहारों के दौरान अक्सर चिकित्सक भी बहुत सहज उपलब्ध नहीं रहते हैं. ऐसे में जल जाने पर प्राथमिक उपचार में क्या करें और क्या नहीं करें जैसी जानकारियां बहुत अहम है. जलने की गंभीरता का आकलन (डिग्री ऑफ बर्न) जानना भी जरूरी है ताकि उसके अनुरूप घर पर राहत के उपाय ढूंढे या तत्काल चिकित्सकीय मदद की कोशिश करें, इसका निर्णय लिया जा सके.*



### जलने पर क्या करें

पटाखा या किसी अन्य चीज से जलने पर उस जगह को ठंडे पानी से करीब 15–20 मिनट तक धोएं. इसके बाद जली हुई जगह पर बर्न क्रीम या कोई एंटीसेप्टिक क्रीम बिल्कुल हल्के हाथों से लगानी चाहिए. अधिक दवाब देकर लगाने पर जली हुई जगह की स्किन हट सकती है. इससे समस्या कम की जगह बढ़ जाएगी. याद रखें कि जहां जल गया है, वहां रूई बिल्कुल नहीं लगाएं. यह त्वचा पर चिपक जाएगी जो खतरनाक साबित हो सकती है. शरीर के जले हुए हिस्से को नॉर्मल लेवल से थोड़ा ऊपर उठाकर रखें. ऐसा करने से उस हिस्से में सूजन कम होगी. कोशिश करें उन्हें मोड़ें नहीं बल्कि सीधा रखें. यदि मरीज गंभीर रूप से जल गया है तो उसे सादे पानी की जगह ओआरएस का घोल दें. सादा पानी सांस की नली में फंस सकता है. यदि मरीज के जलने पर उसका कपड़ा यदि स्किन से चिपक गया है तो उसे हटाने का प्रयास बिलकुल न करें बल्कि उसे तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं. कपड़ा हटाने से स्किन छिल सकती है और वहां गंभीर घाव व संक्रमण हो सकता है. ऊपर बताई गई प्रक्रियाएं सिर्फ फर्स्ट एड हैं और ऐसा करने के बाद जल्द से जल्द डॉक्टर से मिलकर सही इलाज कराना चाहिए. ऐसा करने से आप जल्दी रिकवर होंगे और आपके जलने के निशान हमेशा के लिए चले जाएंगे. जलने के बाद इलाज में लापरवाही खतरनाक हो सकती है. अगर कोई व्यक्ति पटाखों या किसी अन्य चीज से ज्यादा जल जाए, तो उस शख्स के कपड़ों को कैंची से काटकर अलग कर देने चाहिए और जली हुई जगह को पानी से धोकर साफ चादर लपेटनी चाहिए. इसके बाद तुरंत हॉस्पिटल जाना चाहिए. पटाखों से आंखों में सबसे ज्यादा चोट लगती है. पटाखों में मौजूद रासायन जलन और दर्द पैदा कर सकती है, कुछ स्थितियों में आंखों को गंभीर क्षति भी हो सकती है. अगर पटाखों से आपकी आंखों में गंभीर चोट लग जाती है, तो तुरंत अस्पताल जाएं. आंख धोने के लिए सिर्फ पानी का उपयोग करें, आंखों को रगड़ने से बचें, इससे दिक्कत और भी बढ़ सकती है.

### बरतें सावधानी






पटाखों या दीया से जलने पर अक्सर हमें आसपास के लोगों से टूथपेस्ट, नारियल तेल, एगव्हाइट, बर्फ, हल्दी आदि लगाने की सलाह मिलती है. लेकिन ऐसा नुकसानदायक हो सकता है. इन चीजों को जलने वाली जगह पर लगाने से वहां पर गंदगी जमा हो जाती है, जिससे इंफेक्शन बढ़ने का खतरा रहता है. इसकी जगह जलने वाली त्वचा पर कोई भी ओवर-द-काउंटर मलहम लगाएं.



दिवाली पर फिटिंग के कपड़े पहनने चाहिए और ज्यादा लूज कपड़े नहीं पहनने चाहिए. कई बार लूज कपड़ों में दीया या मोमबत्ती से आग लग जाती है और लोगों को पता ही नहीं चलता. ऐसे में कपड़ों को लेकर सावधानी जरूरी है.

अक्सर देखा जाता है कि जल जाने पर त्वचा पर छाले या फफोले हो जाते है. बहुत से लोग उनको फोड़ देते है. छाले या फफोले को फोड़े नही. इससे संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है.



### ऐसे करें जलने की गंभीरता का आकलन

**त्वचा का जलना घर-परिवार में बेहद सामान्य घटना है. हल्का फुल्का जलने पर भी पीड़ा होती है, पर आमतौर पर इस स्थिति में घर पर ही इलाज संभव है. पर कई बार जलने पर तुरंत चिकित्सकीय ध्यान की दरकार होती है. ऐसे में महत्वपूर्ण यह है कि हम जाने कि जलने की तीव्रता या डिग्री कितनी है ताकि उसके अनुरूप कदम उठा कर राहत के रास्ते खोलें. आइए, हम फर्स्ट, सेकंड और थर्ड डिग्री बर्न के बारे में जानें-**

#### फर्स्ट डिग्री बर्न

यह सबसे सामान्य जलने का प्रकार है. अक्सर गर्म आयरन, गर्म गैस स्टोव टॉप, या गर्म बर्तन जैसे किसी हॉट सरफेस को छूने, गर्म तरल पदार्थ के गिरने आदि के कारण फर्स्ट डिग्री बर्न ही होता है. इससे केवल त्वचा की बाहरी परत ही प्रभावित होती है. त्वचा के बाहरी परत पर सूखेपन, लाल पैच आदि नजर आता है जो बहुत बड़ा नहीं होता. फर्स्ट डिग्री बर्न के लक्षणों की बात की जाए तो त्वचा छूने पर गर्म हो सकती है, जले हुए क्षेत्र में कोमलता जो कुछ दिनों तक बनी रहती है, दर्द, सूजन, सूखापन, छीलने या खुजली जैसी समस्याएं पीड़ित अनुभव् करता है. फर्स्ट डिग्री बर्न के उपचार में आमतौर पर एलोवेरा क्रीम या एंटीबायोटिक मलहम आदि कारगर होते हैं. एसिटामिनोफेन जैसी ओवर-द-काउंटर दवा दर्द से राहत के लिए ली जा सकती है. खूब सारे तरल पदार्थ पीने की सलाह दी जाती है. साथ ही जले स्थान को को नॉन-स्टिक पट्टी से ढककर रखना महत्वपूर्ण है.

#### सेकंड-डिग्री का जलना

सेकंड डिग्री के जले त्वचा की ऊपरी परत, एपिडर्मिस में प्रवेश करते हैं, और त्वचा की दूसरी परत तक पहुंच जाते हैं, जिसे डर्मिस भी कहा जाता है. आम तौर पर जलने की दुर्घटना, रसायनों, सनबर्न और आग की लपटों से जलने के कारण होते हैं. सेकंड डिग्री के जलने पर आमतौर पर छाले पड़ जाते हैं और पहली डिग्री के जलने की तुलना में अधिक दर्दनाक और सूजे हुए होते हैं. वे गीले और चमकदार, गहरे लाल और छूने पर दर्दनाक हो सकते हैं.
सेकंड डिग्री के जलने का इलाज आमतौर पर त्वचा विशेषज्ञ द्वारा निर्धारित एंटीबायोटिक क्रीम या मलहम से किया जाता है. संक्रमण को रोकने के लिए उन्हें साफ रखने और पट्टी बांधने की आवश्यकता है, और यह महत्वपूर्ण है कि फफोले खुले नहीं, जिससे संक्रमण हो सकता है. सेकंड डिग्री बर्न पर ठंडा पानी या बर्फ न लगाएं, इससे जले के आसपास के ऊतकों को नुकसान हो सकता है. इस डिग्री के बर्न को बिना दाग के ठीक होने में तीन सप्ताह या उससे अधिक समय लगता है, लेकिन आमतौर पर त्वचा में रंग में परिवर्तन हो जाता है.

#### थर्ड डिग्री बर्न

थर्ड-डिग्री बर्न वह गंभीर अवस्था है जो त्वचा की पहली और दूसरी दोनों परतों को पार करते हुए त्वचा की तीसरी और सबसे निचली परत, हाइपोडर्मिस में चली जाती है. ये गहरे घाव जले हुए कोयले की तरह सफेद और मांसल दिखाई दे सकते हैं क्योंकि ये त्वचा के नीचे वसायुक्त ऊतकों को प्रभावित करते हैं.
यह इस बात पर निर्भर करता है कि शरीर की सतह का कितना हिस्सा प्रभावित हुआ है, लेकिन ज्यादातर मामलों में, तीसरी डिग्री के जलने पर तत्काल चिकित्सा ध्यान देने की आवश्यकता होती है. उपचार में संक्रमण को रोकने या तरल पदार्थों को बदलने के लिए इंटरावीनस एंटीबायोटिक्स शामिल हो सकते हैं. सर्जरी के बिना, इन घावों को ठीक होने में काफी समय लगता है और गंभीर घाव हो जाते हैं.

## कई बीमारियों से राहत देता है ओमेगा थ्री एसिड



डॉ मनीषा घई
सीनियर कंसल्टेंट
डाइटीशियन

**ओमेगा 3 एक फैटी एसिड है. शरीर में ओमेगा-3 की कमी कई समस्याओं का कारण बनती है. इससे थकान, याददाश्त कमजोर होना, ड्राई स्किन, दिल के रोग, मूड स्विंग, तनाव, ब्लड सर्कुलेशन का बिगड़ना जैसे गंभीर लक्षण महसूस हो सकते हैं. यह मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है. पुरुषों के लिए रोजाना 1,600 मिलीग्राम है और महिलाओं के लिए 1,100 मिलीग्राम की मात्रा में इसकी आवश्यकता होती है. आइए, इसके प्रकार, फायदे, स्रोत आदि की जानकारी हासिल करें-**

### प्रकार

ओमेगा थ्री मुख्यतः तीन प्रकार का होता है. इनमें एएलए (अल्फा-लिनोलेनिक एसिड) ओमेगा पौधों में पाया जाता है, जबकि डीएचए (डोकोसाहेक्सानोइक एसिड) और ईपीए (इकोसापैनटोइनिक एसिड) ओमेगा पशु खाद्य पदार्थों में होता है. यह शरीर के लिए बहुत ही उपयोगी पोषक तत्व है जिसकी पर्याप्त मात्रा से आपका शरीर स्वस्थ बना रहता है.

### ओमेगा 3 फैटी एसिड के फायदे

- ओमेगा 3 फैटी एसिड त्वचा को मुलायम, नमी से युक्त, और झुर्रियों से मुक्त रखता है. यह मुंहासों को आने से रोकता है. सन बर्न से बचाव करता है.
- गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ गर्भस्थ शिशु का शरीर भी निरोगी रखता है. शिशु का शरीर और मस्तिष्क का सही ढंग से विकास होता है.
- . मछली का नियमित सेवन करने वालों को पर्याप्त मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड मिलता है. इससे सामान्य लोगों की अपेक्षा उनको हृदय संबंधित रोग होने की आशंका कम होती है.
- अमेरिका स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ हेल्थ के अनुसार, ओमेगा 3 फैटी एसिड मोटापा में फायदा पहुंचाता है.
- ओमेगा 3 फैटी एसिड हाई ब्लड प्रेशर को कम करता है और गुड कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) के लेवल को बढ़ाता है.



- आंखों की रेटिना ओमेगा थ्री के नियमित सेवन से स्वस्थ रहती हैं.
- टाइप 1 डायबिटीज में भी ओमेगा 3 फैटी एसिड राहत दिलाता है.
- शरीर में ओमेगा 3 फैटी एसिड की कमी से आंत संबंधी रोग, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर) जैसी बीमारियां भी हो सकती हैं.
- ओमेगा 3 फैटी एसिड के नियमित सेवन से कोलोन कैंसर होने की संभावना 55% कम हो जाती है, ऐसा कुछ रिसर्च रिपोर्ट में जाहिर हुआ है.
- एनआईएच के अनुसार, यह लीवर को फैटी होने से रोकने में मदद पहुंचाता है.
- ओमेगा 3 फैटी एसिड हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा बढ़ाता है. ऑस्टियोपोरोसिस का जोखिम कम होता है.

### ओमेगा थ्री के स्रोत

**अलसी, सोयाबीन तेल, सरसों, मेथी के बीज, काला चना, लाल राजमा, चिया सीडस, सहजन की पत्तियां, पालक, अखरोट आदि ओमेगा-3 फैटी एसिड के मुख्य शाकाहारी स्रोत हैं. वहीं ओमेगा 3 के मांसाहारी स्रोत में अधिक वसा वाली मछलियां जैसे कि सैल्मन, टूना आदि शामिल हैं.**

## इस उम्र में कैंसर की आशंका!

हाल ही में अमेरिकन कैंसर सोसाइटी द्वारा प्रकाशित एक रिसर्च में देखा गया है कि 50 वर्ष से कम आयु की महिलाओं में स्तन कैंसर के मामलों में वृद्धि हो रही है. यह अध्ययन पिछले दशक में स्तन कैंसर के निदान और मृत्यु दर पर केंद्रित है. प्रकाशित रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक ब्रेस्ट कैंसर के नए मामलों की संख्या में प्रति वर्ष लगभग 1% की वृद्धि हुई है. 50 वर्ष से कम आयु की महिलाओं में यह 1.4% की दर से बढ़ रहा है. जबकि 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं में यह दर 0.7% है.

मुख्य रिसर्चर एंजेला गियाक्विंटो ने बताया कि बढ़ता हुआ वजन, फिजिकल एक्टिविटी में कमी, प्रजनन दर में कमी इसके लिए जिम्मेदार कारक हैं. साथ ही उम्र के तीसरे और चौथे दशक में महिलओं में बढ़ा शराब की आदत को भी जिम्मेदार ठहराया है. बचाव के लिए अमेरिका में, औसत जोखिम वाली महिलाओं के लिए 40 से 74 वर्ष की आयु में वार्षिक मैमोग्राम की सिफारिश की गई है. कैंसर की फैमिली हिस्ट्री वाली महिलाओं को समय पर चिकित्सक से संपर्क की सलाह दी गई है. बिना दर्द के गांठ, स्तन में भारीपन, सूजन, और निप्पल में बदलाव, या डिस्चार्ज जैसे लक्षण पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क की सलाह दी गई है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी




### ऋषभ पंत ने रैंकिंग में कोहली को छोड़ा पीछे, सरफराज ने भी लगाई लंबी छलांग

# आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में पंत टॉप 10 में




**एजेंसी। दुबई**

आईसीसी ने टेस्ट रैंकिंग जारी की है. ताजा टेस्ट रैंकिंग में ऋषभ पंत और सरफराज खान को काफी फायदा हुआ है. सरफराज ने लंबी छलांग लगाई है. वहीं ऋषभ पंत ने टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में जगह बना ली है. उन्होंने टीम इंडिया के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है.

यशस्वी जयसवाल टॉप पांच की लिस्ट में शामिल हैं. भारत-न्यूजीलैंड के बीच बैंगलोर में टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला गया था. इस मुकाबले में सरफराज और ऋषभ ने दमदार प्रदर्शन किया था. आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट टॉप पर हैं. वहीं भारत के तीन खिलाड़ी टॉप 10 में शामिल हैं. यशस्वी जयसवाल नंबर चार पर हैं. उन्हें 780 पॉइंट्स मिले हैं. ऋषभ पंत ने तीन स्थान की छलांग लगाई है. वे विराट कोहली से भी आगे निकल गए हैं. पंत के पास 745 पॉइंट्स हैं. कोहली आठवें पायदान पर हैं. इन तीन के अलावा कोई भी भारतीय टॉप 10 में शामिल नहीं है.

**इंग्लैंड के जो रूट टॉप पर, भारत के तीन खिलाड़ी टॉप 10 में**

#### सरफराज खान ने लगाई 31 पायदान की छलांग

सरफराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बैंगलोर टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया. उन्होंने दूसरी पारी में 150 रन बनाए थे. सरफराज को इसका फायदा रैंकिंग में मिला है. वे अब संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर पहुंच गए हैं. सरफराज ने टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में 31 स्थानों की छलांग लगाई है. यह उनके करियर की बड़ी सफलता है.

#### टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में टॉप पर हैं जडेजा

टेस्ट में मेंस ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में रवींद्र जडेजा टॉप पर बने हुए हैं. रविचंद्रन अश्विन दूसरे पायदान पर हैं. वहीं अक्षर पटेल सातवें स्थान पर बने हुए हैं. टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह टॉप पर हैं. वहीं अश्विन बॉलिंग रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं. जडेजा संयुक्त रूप से छठे स्थान पर हैं.

### भारत-न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच पुणे में आज से

# क्या 4 स्पिनरों के साथ उतरेगी टीम इंडिया?

**एजेंसी। पुणे**



**तीन मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ी हुई है टीम इंडिया**

न्यूजीलैंड के हाथों बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट में करारी शिकस्त झेलने के बाद रोहित शर्मा की अगुआई में भारत की नज़र पुणे में गुरुवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में पलटवार करने और सीरीज में बराबरी हासिल करने पर हैं. बेंगलुरु में पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाज़ों ने दूसरी पारी में शानदार जज़्बा दिखाते हुए वापसी की थी, लेकिन न्यूज़ीलैंड ने आसानी से मुक़ाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया था. बेंगलुरु में हुई ग़लतियों से सबक़ लेते हुए भारतीय टीम की नज़र तीन मैचों की सीरीज़ को 1-1 से बराबर करने पर है. विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) फ़ाइनल में जगह बनाने के लिए भारत के लिए ये मुक़ाबला बेहद अहम है. साथ ही पुणे में मिली हार घर में भारत की लगातार 18 सीरीज़ जीत के सिलसिले को भी तोड़ देगी. टीम न्यूज़ - गिल और पंत पूरी तरह फ़िट भारत के लिए अच्छी ख़बर ये है कि गर्दन में मोच की वजह से बेंगलुरु टेस्ट में नहीं खेलने वाले शुभमन गिल अब फ़िट हैं और पुणे में उनका खेलना तय लग रहा है. हालांकि टीम मैनेजमेंट के लिए ये माथापच्ची का विषय होगा कि गिल के लिए बाहर किसे जाना होगा, केएल राहुल या फिर सरफ़राज़ ख़ान. गिल की अनुपस्तिथि में खेल रहे सरफ़राज़ ने पिछले टेस्ट में विपरित परिस्थितियों में शानदार शतक लगाया था लिहाज़ा उन्हें बाहर करना कठिन फ़ैसला होगा. राहुल ने बेंगलुरु टेस्ट की पहली पारी में शून्य जबकि दूसरी पारी में 12 रन ही बनाए थे, ऐसे में संभावना यही है कि गिल के लिए वह बाहर बैठ सकते हैं. ऋषभ पंत, जिन्हें बेंगलुरु टेस्ट के दौरान चोट लग गई थी और फिर वह बतौर बल्लेबाज़ ही खेल रहे थे. दूसरी पारी में पंत ने बेशक़ीमती 99 रन बनाए थे, लेकिन अच्छी ख़बर ये है कि पंत की चोट अब ठीक है और वह पुणे के अहम मुक़ाबले में भी प्लेइंग-XI का हिस्सा रहेंगे. जबकि न्यूज़ीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज़ केन विलियमसन जो जांघ में लगी चोट की वजह से बेंगलुरु टेस्ट का हिस्सा नहीं थे, इस टेस्ट में भी वह टीम के साथ नहीं जुड़ पाए हैं.

#### संभावित भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह.

**पुणे की पिच का पेंच :** बेंगलुरु में मिली हार के बाद खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम मैनेजमेंट भी फूंक-फूंक कर क़दम रख रहा है. ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक़ पुणे की पिच काली मिट्टी से तैयार की गई है, जो कम उछाल वाली और स्पिनर्स के लिए मददगार साबित हो सकती है. यही वजह है कि चयनकर्ताओं ने वॉशिंगटन सुंदर को भी टीम में शामिल कर लिया है. हालांकि वह अंतिम एकादश में जगह बना पाएंगे या नहीं - इसके लिए गुरुवार की सुबह तक इंतज़ार करना होगा.



क्रिकइंफो के एक कार्यक्रम ''मैच-डे हिंदी'' में पूर्व भारतीय बल्लेबाज़ संजय मांजरेकर ने कहा कि भारत अगर इस मैच में चार स्पिनर्स के साथ उतरे तो हैरानी नहीं होनी चाहिए. मांजरेकर ने कहा, वॉशिंगटन का चयन कहीं न कहीं इस बात का इशारा कर रहा है कि भारत चार स्पिनर्स के साथ जा सकता है. साथ ही वॉशिंगटन एक बल्लेबाज़ी का भी विकल्प देते हैं और पहले भी भारत सिर्फ़ एक तेज़ गेंदबाज़ के साथ गया है. जब आपके पास जसप्रीत बुमराह जैसा तेज़ गेंदबाज़ हो जो अकेले ही दो पेसर के बराबर हैं तो मुझे हैरानी नहीं होगी अगर भारत चार स्पिनर्स के साथ पुणे में उतरता है. न्यूज़ीलैंड के एकादश में टॉप-4 में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज़ हैं जिसमें बेंगलुरु टेस्ट के प्लेयर ऑफ़ द मैच रचिन रविंद्र भी शामिल हैं. उनके अलावा अनुभवी डेवोन कॉन्वे और टॉम लैथम भी हैं, लिहाज़ा ऑफ़ स्पिनर वॉशिंगटन के साथ जाना स्मार्ट रणनीति हो सकती है. अगर पिच में स्पिन के लिए काफ़ी मदद रही और मौसम साफ़ रहा, जिसकी संभावना इस टेस्ट में जताई जा रही है तो ऐसे में न्यूज़ीलैंड की भी नज़र बाहर बैठे मिचेल सैंटनर पर होगी. हालांकि सैंटनर के ना खेलने के बावजूद उनके पास एजाज़ पटेल, रचिन और ग्लेन फ़िलिप्स के तौर पर तीन स्पिन विकल्प मौजूद हैं. बेंगलुरु में मैट हेनरी और विलियम ओरुर्क ने कमाल की गेंदबाज़ी की थी लिहाज़ा इन दोनों का खेलना तय है, अगर सैंटनर की तरफ़ जाने का मन कप्तान लैथम बनाते हैं तो उसके लिए टिम साउदी को बाहर रखा जा सकता है.

#### संभावित न्यूज़ीलैंड टीम

लैथम (कप्तान), डेवोन कॉन्वे, विल यंग, रचिन रविंद्र, डैरिल मिचेल, टॉम ब्लंडल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर/ टिम साउदी, मैट हेनरी, एजाज़ पटेल, विलियम ओरुर्क .

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के रेस से पाक समेत पांच टीमें लगभग बाहर

**डब्ल्यूटीसी प्वाइंट टेबल में भारत पहले, ऑस्ट्रेलिया दूसरे और श्रीलंका तीसरे नंबर पर**




**एजेंसी। दुबई**

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल की रेस अब साफ होने लगी है. पाकिस्तान समेत 5 टीमें अब फाइनल की रेस से तकरीबन बाहर हैं. अगर कोई बड़ा उलटफेर नहीं होता तो न्यूजीलैंड और इंग्लैंड की उम्मीदें भी खत्म हो चुकी हैं. दूसरी ओर, भारत और ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में पहुंचने से रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका मजबूती से आगे बढ़ रहा है. आइए देखते हैं कि भारत-न्यूजीलैंड दूसरा टेस्ट और पाकिस्तान-इंग्लैंड तीसरा टेस्ट शुरू होने से एक दिन पहले डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस किस स्थिति में है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के प्वाइंट टेबल में भारत पहले, ऑस्ट्रेलिया दूसरे और श्रीलंका तीसरे नंबर पर है. ये तीनों ही टीमें फाइनल की रेस में दमदारी से बनी हुई हैं. चौथे और पांचवें नंबर की टीम यानी न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के लिए फाइनल का रास्ता अब अगर-मगर के इतने समीकरणों में उलझ गया है कि इनके कट्टर प्रशंसक भी अब उम्मीद छोड़ चुके हैं. पाकिस्तान, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज भी अब रेस से बाहर हैं. न्यूजीलैंड की उम्मीद समीकरणों में उलझी

न्यूजीलैंड को डब्ल्यूटीसी 2023-25 के साइकल में 5 टेस्ट मैच खेलने हैं. दो भारत के खिलाफ और तीन अपने घर पर इंग्लैंड के खिलाफ. न्यूजीलैंड अगर ये पांचों मैच जीते तो डब्ल्यूटीसी प्वाइंट टेबल में उसके 64.29 विनिंग परसेंट ही रहेंगे. एक तो उसका पांचों मैच जीतना मुश्किल है.

#### इंग्लैंड-बांग्लादेश भी रेस से बाहर

इंग्लैंड की टीम 43.06 विनिंग परसेंट के साथ डब्ल्यूटीसी प्वाइंट टेबल में पांचवें नंबर पर है. उसके अब डब्ल्यूटीसी 2025 के साइकल में 4 मैच ही बाकी हैं. अगर वह चारों जीत जाए तो भी 60.00 विनिंग परसेंट तक नहीं पहुंच सकता. बांग्लादेश भी अगर अपने बाकी बचे चारों मैच जीत ले तो भी 60.00 विनिंग परसेंट तक नहीं पहुंच सकता. यानी इंग्लैंड और बांग्लादेश अब डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस से बाहर हैं. वेस्टइंडीज प्वाइंट टेबल में सबसे आखिरी यानी नौवें नंबर पर है. इंग्लैंड-बांग्लादेश की तरह वह भी अब डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस से बाहर है.

#### टीम इंडिया को मिल रहा चैलेंज

भारतीय टीम यूं तो डब्ल्यूटीसी प्वाइंट टेबल में पहले नंबर पर है. लेकिन न्यूजीलैंड से पहला टेस्ट हारने से उसे झटका लगा है. अब उसे चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में बचे 7 में से कम से कम 4 मैच जीतने होंगे. अगर भारतीय टीम 4 से कम मैच जीतती है तो दक्षिण अफ्रीका प्वाइंट टेबल में पहले या दूसरे नंबर पर आ सकता है. ऑस्ट्रेलिया भी टॉप-2 में रहने का दावेदार है. ऐसे में टीम इंडिया को बाकी बचे मुकाबलों में पूरी ताकत और सतर्कता से खेलना होगा.

#### पाकिस्तान की उम्मीदों का काम तमाम

पाकिस्तान की टीम 25.93 विनिंग परसेंट के साथ डब्ल्यूटीसी प्वाइंट टेबल में आठवें नंबर पर है. उसके अब डब्ल्यूटीसी 2025 के साइकल में 3 मैच ही बाकी हैं. अगर वह तीनों जीत ले तो भी 60.00 विनिंग परसेंट तक नहीं पहुंच सकता. साफ है पाकिस्तान का डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने का सपना लगातार तीसरी बार टूट चुका है.

# केएल राहुल को पता होगा कि उन्हें बड़े रन बनाने हैं : गौतम गंभीर

**एजेंसी। पुणे**




न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के दूसरे टेस्ट से पहले, मुख्य कोच गौतम गंभीर ने केएल राहुल का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें यकीन है कि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज बड़े रन बनाने के बारे में जानता है. उन्होंने यह भी कहा कि टीम प्रबंधन के विचार प्लेइंग इलेवन को आकार देते हैं, न कि सोशल मीडिया की आलोचना. बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की आठ विकेट की हार में राहुल ने दोनों पारियों में शून्य और 12 रन बनाए. सरफराज खान के शानदार 150 रन बनाने और शुभमन गिल के पुणे में खेलने के लिए फिट होने के साथ, राहुल पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव बढ़ रहा है, खासकर ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी यात्रा के साथ. गंभीर ने कहा, देखिए, सबसे पहले, सोशल मीडिया का कोई मतलब नहीं है. आप सोशल मीडिया या उस मामले के लिए सोशल मीडिया पर खिलाड़ियों को नहीं चुनते हैं, यहां तक कि विशेषज्ञ क्या कह रहे हैं. टीम प्रबंधन और नेतृत्व समूह क्या सोचते हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है. आखिरकार, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का मतलब है जजमेंट. ... दूसरी ओर, गिल गर्दन की जकड़न के कारण बेंगलुरु टेस्ट से बाहर हो गए थे और अब वे पुणे टेस्ट के लिए वापस आएंगे.

हालांकि गंभीर ने माना कि प्लेइंग इलेवन का चयन अभी नहीं हुआ है, क्योंकि भारत तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ने के बाद वापसी करना चाहता है. (पंत) वह बिल्कुल ठीक हैं, कल विकेटकीपिंग करेंगे. शुभमन गिल गर्दन में चोट के कारण ही पिछला मैच नहीं खेल पाए थे. बांग्लादेश के खिलाफ जिस तरह से उनका प्रदर्शन रहा है, जाहिर है कि वे प्लेइंग इलेवन में वापस आएंगे. अभी तक बाकी प्लेइंग इलेवन का फैसला नहीं हुआ है.

**पाकिस्तान-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला आज से रावलपिंडी में**

# इंग्लैंड के प्लेइंग इलेवन ने चौंकाया रावलपिंडी टेस्ट बना नाक की लड़ाई

**एजेंसी। रावलपिंडी**





पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 24 अक्टूबर से रावलपिंडी में खेला जाएगा. ये मैच दोनों ही टीमों के लिए जीतना जरूरी है क्योंकि फिलहाल सीरीज 1-1 से बराबर है. रावलपिंडी में जीतने वाला ही टेस्ट सीरीज का विजेता होगा. ये मैच खासतौर पर पाकिस्तान के लिए नाक की लड़ाई की तरह है क्योंकि वो अपने ही घर पर टेस्ट सीरीज नहीं जीत पा रही है. वैसे इस मैच को जीतने के लिए पाकिस्तान ने प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है. चौंकाने वाली बात ये है कि पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं हुआ है. पाकिस्तान ने मुल्तान में दूसरा टेस्ट मैच जीतने वाले 11 खिलाड़ी ही रावलपिंडी में उतारने का मन बनाया है. मतलब पाकिस्तान चार स्पिनर्स और एक तेज गेंदबाज के साथ ही मैदान पर उतरने वाला है. रावलपिंडी में चार स्पिनर्स का उतरना चौंकाने वाली बात है क्योंकि यहां की पिच बेहद फ्लैट होती है जहां स्पिनर्स को टर्न ना के बराबर मिलती है. खैर पाकिस्तान ने इसलिए भी प्लेइंग इलेवन में चार स्पिनर्स रखे होंगे क्योंकि रावलपिंडी की पिच को इस बार पूरी तरह बदल दिया गया है. इस बार रावलपिंडी की 22 गज की पट्टी को काफी सुखा दिया गया है. जिसके लिए पंखों से लेकर हीटर इस्तेमाल किए गए हैं.वैसे रावलपिंडी में पलटवार के लिए इंग्लैंड भी तैयार है. इंग्लैंड ने भी अपनी टीम में तीन स्पिनर्स उतारे हैं. लेग स्पिनर रेहान अहमद भी टीम में शामिल हुए हैं, जो जैक लीच और शोएब बशीर के साथ पाकिस्तान को घेरने की कोशिश करेंगे. वैसे इंग्लैंड ने एक और तरीके से पाकिस्तान को फंसाने की तैयारी की है.

### सुल्तान ऑफ जोहोर कप

# अपराजित भारत ने मेजबान मलेशिया को 4-2 से हराया

**एजेंसी। जोहोर बाहरू**



अपराजित भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को सुल्तान ऑफ जोहोर कप में मेजबान मलेशिया को 4-2 से आसानी से हराकर अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की. इस जीत के साथ भारत 9 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि न्यूजीलैंड 5 अंकों के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है. भारत की जीत में शारदा नंद तिवारी , अर्शदीप सिंह, तलेम प्रियोबर्ता और रोहित ने गोल किए, जबकि मलेशिया के लिए मुहम्मद दानिश ऐमान और हैरिस उस्मान ने गोल किए. दरअसल, मेजबान मलेशिया ने मैच की शुरुआत में ही भारत को बैकफुट पर धकेलकर शानदार शुरुआत की. मैच के 8वें मिनट में उनके कप्तान मुहम्मद एडी जाजमी जमलूस ने मुहम्मद दानिश ऐमन की मदद से एक बेहतरीन फील्ड गोल किया. अगले मिनट में उन्होंने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली, जब उस्मान हैरिस ने पीसी से गोल किया. फॉर्म में चल रहे ड्रैग फ्लिकर शारदा नंद तिवारी ने 11वें मिनट में पीसी को बदलकर भारत का पहला गोल करने में मदद की. भारत ने 13वें मिनट में बराबरी की, जब मनमीत सिंह की मदद से अर्शदीप सिंह ने एक बेहतरीन फील्ड गोल किया. जबकि दूसरा क्वार्टर गोल रहित रहा, तीसरे क्वार्टर में काफी एक्शन देखने को मिला.

# सबसे बड़े हिटर तलाशेंगे शिखर धवन

- हॉटशॉट्स' देश के 10 सर्वश्रेष्ठ शौकिया बल्लेबाजों की हिटिंग क्षमता को आंकता है

**एजेंसी। मुंबई**




मेजर लीग बेसबॉल और डिज्नी प्लस स्टार ने लगातार दूसरे साल भारत में बेसबॉल के विकास को दर्शाने वाली एक रियलिटी स्पोर्ट्स सीरीज़ बनाने के लिए सहयोग किया है. हॉटशॉट्स दुनिया के दो सबसे लोकप्रिय बैट-एंड-बॉल खेलों के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले सवाल का जवाब देता हैः क्या भारत के कुछ बेहतरीन शौकिया क्रिकेटर छक्के मारने जितना होम रन मार सकते हैं? हॉटशॉट्स देश के 10 सर्वश्रेष्ठ शौकिया बल्लेबाजों की हिटिंग क्षमता का परीक्षण करता है, जिसमें विजेता को 15 लाख रुपये का शीर्ष पुरस्कार दिया जाता है. चार एपिसोड की इस सीरीज़ में शिखर धवन, पूर्व भारतीय क्रिकेटर, एडम जोन्स, 5 बार ऑल-स्टार स्लगर, जिन्होंने अपना ज़्यादातर एमएलबी करियर बाल्टीमोर ओरिओल्स के साथ बिताया, और स्टार स्पोर्ट्स के कमेंटेटर जतिन सप्रू शामिल हैं. शिखर और एडम मिलकर 10 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करते हैं.

**गुड न्यूज**

### बिहार सरकार ने किया बड़ा फैसला, आने वाले सालों में बड़े खिलाड़ी आएंगे राजधानी

# पटना के मोईन-उल-हक स्टेडियम का होगा कायाकल्प, होंगे इंटरनेशनल मैच

**संवाददाता। पटना**

बिहार में 1996 से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं हुआ है. पटना के मोइन-उल-हक क्रिकेट स्टेडियम में पिछला इंटरनेशनल मुकाबला 1996 में हुआ था. इस मैदान पर अब तक तीन वनडे मैच हुए हैं और तीनों में ही एक टीम जिम्बाब्वे की रही है. उसका मुकाबला दो बार केन्या और एक बार श्रीलंका से हुआ. 28 सालों से बिहार के क्रिकेट फैंस को इंटरनेशनल मैच का इंतजार है. अब लग रहा है कि यह आने वाले समय में समाप्त हो जाएगा. अगर सबकुछ ठीक रहा तो वहां के फैंस भी रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत जैसे स्टार खिलाड़ियों को देख सकते हैं.

#### स्टेडियम में बढ़ेंगी नई सुविधाएं

स्टेडियम में एक मानक आकार का क्रिकेट मैदान होगा. इसके अलावा यहां टेनिस, बास्केटबॉल, तैराकी, जिम और स्पा जैसी सुविधाएं भी होंगी. स्टेडियम में एक पांच सितारा होटल और छह कॉर्पोरेट बॉक्स भी होंगे. बीसीसीआई स्टेडियम के निर्माण और रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. यह सुनिश्चित करेगा कि स्टेडियम देश के अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियमों के बराबर हो.



#### बीसीसीआई से होगा करार

दरअसल, बिहार सरकार ने मोइन उल हक स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. राज्य कैबिनेट ने बीसीसीआई के साथ मिलकर इस स्टेडियम के पुनर्विकास और आधुनिकीकरण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है. स्टेडियम अब अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बन जाएगा. यहां डे-नाइट मैच और अन्य खेल आयोजन भी होंगे.

**कब शुरू होगा काम?**

इस समझौते पर जल्द ही हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके तुरंत बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, जिसे 36 महीने में पूरा किया जाएगा. निर्माण पूरा होने के बाद बीसीसीआई सात साल तक मैच और अन्य खेल गतिविधियों का आयोजन करेगा. उसके बाद लाभ राज्य सरकार के साथ साझा किया जाएगा. यह योजना बिहार में क्रिकेट को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. इससे रोजगार और टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा.

▼ ब्रीफ खबरें

## अपराधी जॉनसन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** दर्जनों संगीन कांड का आरोपी और मुजफ्फरपुर पुलिस के टॉप 20 की सूची में शामिल कुख्यात अपराधकर्मी जॉनसन को मुजफ्फरपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. बता दे की जिले के ब्रह्मपुरा थाना की पुलिस के द्वारा देर रात थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के कृष्ण टोला वार्ड संख्या 2 का रहने वाला दर्जनों संगीन कांड का आरोपी और शशांक राज उर्फ जॉनसन मौर्य को गिरफ्तार किया गया है. मालूम हो कि पुलिस जांच अभियान चला रही थी.

## बीजेपी कार्यालय पहुंचे पशु मैत्री, दी चेतावनी

**पटना।** बुधवार की सुबह सुबह बीजेपी कार्यलय के बाहर बड़ी संख्या में पशु मैत्री पहुंचे व जमकर हंगामा किया. पशु मैत्री पशुपालन मंत्री से मुलाकात के लिए पहुंचे थे. पशु मैत्री ने बीजेपी कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की. पशुपालन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि उनलोगों को कई वर्षों तक काम करने के बाद भी मानदेय नहीं मिला है. पशु मैत्री का कहना है कि उनको आश्वासन दिया जाता है लेकिन करते कुछ नहीं है. 18 साल से काम कर रहे हैं, लेकिन अब तक हमने मानदेय नहीं दिया गया है. पशु मैत्री का कहना है कि 2017 से लेकर उनको अब तक पैसा नहीं मिला है.

## अज्ञात युवक का शव बरामद, नहीं हुई पहचान

**वैशाली।** जंदाहा थाना क्षेत्र के रंगरेज चौड़ में तेजाब से जला हुआ एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया. जंदाहा थाने की पुलिस को सूचना मिली कि रंगरेज चौड़ा में एक युवक का शव पड़ा हुआ है. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करने की बहुत कोशिश की लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली . पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे तक पहचान के लिए शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखा जाएगा. स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि युवक की हत्या कहीं और कर शव को रंगरेज चौड़ में फेंक दिया है.

### नोटिस जारी : जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) ने शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा

# कार से ऑनलाइन हाजिरी सेल्फी लेकर अपलोड की

**संवाददाता। गोपालगंज**

बिहार में शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के लिए ऑनलाइन हाजिरी लगाने का आदेश दिया. वहीं शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन हाजिरी लगाने में कई गड़बड़ी की जा रही है. ऐसा ही एक मामला एक बार फिर सामने आया है. जहां एक शिक्षिका ने स्कूल की जगह कार में बैठे हुए ही ऑनलाइन हाजिरी सेल्फी लेकर अपलोड कर दी. दरअसल, मामला गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर प्रखंड का है, जहां एक शिक्षिका पर ऑनलाइन हाजिरी में गड़बड़ी करने का आरोप लगा है. मध्य विद्यालय, नरवार कन्या की


शिक्षा सचिव

शिक्षिका रेणु कुमारी पर आरोप है कि उन्होंने कई दिनों तक गाड़ी में बैठकर सेल्फी लेकर ऑनलाइन हाजिरी बनाई. इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी ( डीईओ ) ने शिक्षिका से

**खास बातें**

- शिक्षकों को मिला है ऑनलाइन हाजिरी बनाने का आदेश
- ऑनलाइन हाजिरी में गड़बड़ी के मामले सामने आ रहे हैं

स्पष्टीकरण मांगा है.

**क्या है पूरा मामला?** शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षकों को ई-शिक्षा कोष ऐप पर ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करने का निर्देश दिया है. इसके लिए शिक्षकों को विद्यालय प्रांगण में खड़े होकर सेल्फी लेकर ऐप पर अपलोड करना होता है. लेकिन, रेणु कुमारी ने इस नियम का उल्लंघन करते हुए कई दिनों तक गाड़ी में बैठकर सेल्फी ली और ऐप पर अपलोड कर दी. विभागीय जांच में यह बात सामने आई और डीईओ ने कार्रवाई शुरू कर दी.

### ...तो कार्रवाई की जा सकती है

डीईओ योगेश कुमार ने मध्य विद्यालय नरवार कन्या के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया है कि शिक्षिका से स्पष्टीकरण का जवाब लेकर दो दिनों के अंदर डीईओ कार्यालय में उपलब्ध कराएं. यदि शिक्षिका संतोषजनक जवाब नहीं दे पाती है तो उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी. डीईओ ने अपने आदेश के साथ शिक्षिका के आठ दिनों की ऑनलाइन हाजिरी की तस्वीरें भी संलग्न की हैं, जिनमें स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि शिक्षिका गाड़ी में बैठकर सेल्फी ले रही है. डीईओ की इस कार्रवाई के बाद जिले के अन्य शिक्षकों में हड़कंप मच गया है. कई शिक्षक ऐसे हैं जो पहले भी इस तरह की गड़बड़ी कर चुके हैं. उन्हें डर है कि उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है.

# तेजस्वी यादव को क्लीन चिट

**संवाददाता। पटना**

- बंगले से सामान चोरी का मामला, कहा– अधिकारियों ने अभी तक नहीं भेजा नोटिस

बिहार सरकार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के 5 देशरत्न मार्ग को खाली करने के बाद बवाल सियासी बवाल मच गया था. आरोप था की तेजस्वी यादव बंगले से एसी सहित कई सामान अपने साथ ले गए हैं. हालांकि तेजस्वी यादव ने इस आरोप को सिरे से खारिज किया था. अब बिहार सरकार ने भी तेजस्वी यादव को क्लीन चिट दे दिया है. भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने आज कहा की डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के सरकारी आवास से सामान चोरी की मुझे कोई जानकारी नहीं है. अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है अगर आयेगा तो अधिकारी इसकी नोटिस देंगे. अभी तक कोई नोटिस नहीं दिया गया है.

### 19 साल के शासन में कुछ नहीं हुआ, चिंतामुक्त रहें

दो समुदायों के बीच दंगा कराने का डर दिखाकर सीएम नीतीश कुमार पर आरोप लगानेवाले तेजस्वी यादव को अब बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने जवाब दिया है. जयंत राज ने कहा कि पिछले 19 वर्षों से बिहार में नीतीश कुमार की सरकार है,और उनके राज्य में अभी तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है .एक दो घंटे लिए हुआ था,लेकिन प्रशासन ने इसे संभाल लिया है,किसी को भी आशंकित होने की आवश्यकता नहीं है .बिहार में कानून का राज्य है .

### बिहार विस उपचुनाव : ओवैसी बिगाड़ेंगे जदयू-राजद का खेल!

# गढ़ बचाने में कामयाब होंगे सुरेंद्र या मिलेगी शिकस्त

**संवाददाता। पटना**

बिहार की चार विधानसभा सीट रामगढ़, तरारी, इमामगंज और बेलागंज में 13 नवबंर को मतदान होना है. वहीं अब बिहार विधानसभा उपचुनाव का मुकाबला रोचक होता जा रहा है. उपचुनाव में अब तक त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा था. लेकिन अब उपचुनाव के मैदान में ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने ताल ठोंक दी है, जिससे मुकाबले का रोमांच और बढ़ गया है. ओवैसी की पार्टी ने बिहार विधानसभा उपचुनाव में दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं. जल्द ही बाकी दो सीटों पर भी ओवैसी की पार्टी उम्मीदवार उतारने वाली है. जानकारी अनुसार ओवैसी की पार्टी ने बेलागंज और इमामगंज से अपने उम्मीदवार उतारे हैं. पार्टी ने गया की दो विधानसभा सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की है. बेलागंज से ओवैसी की पार्टी ने मोहम्मद जमीन अली को एआईएमआईएम का उम्मीदवार बनाया है तो वहीं इमामगंज से कंचन पासवान को मैदान में उतारा है.



### चारों विधानसभा सीटों पर उतारा उम्मीदवार

चुनावी मैदान में ओवैसी की पार्टी के आने से मुकाबला और रोमांचक हो गया है. एनडीए गठबंधन की बात करे तो इन दोनों सीट में एक बेलागंज की सीट जदयू तो इमामगंज की सीट हम पार्टी के पास है. वहीं जनसुराज ने भी इन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रखे हैं. ऐसे में अब देखना दिलचस्प होगा कि बिहार विधानसभा उपचुनाव में कौन बाजी मारता है. बता दें कि, 13 नवंबर को मतदान होना है वहीं 23 नवंबर को रिजल्ट घोषित हो जाएंगे.

### त्रिकोणीय मुकाबला

बता दें कि बेलागंज सीट राजद नेता सुरेंद्र यादव का गढ़ रहा है. पिछले 6 बार से सुरेंद्र यादव यहां लगातार विधायक रहे हैं. ऐसे में इस बार मैदान में सुरेंद्र यादव के बेटे अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. अब देखना होगा कि बेलागंज में सुरेंद्र यादव अपनी गढ़ बचाने में कामयाब होते हैं या फिर नहीं. दरअसल, बेलागंज में मुस्लिम और यादव वोटर्स अधिक हैं ऐसे में जदयू ने यादव उम्मीदवार और एआईएमआईए और जनसुराज ने मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर राजद का समीकरण बिगाड़ दिया है.

### पीके ने बदले प्रत्याशी

**आरा।** बिहार विधानसभा उपचुनाव से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है. मिली जानकारी अनुसार जन सुराज ने तरारी और बेलागंज से अपना उम्मीदवार बदल दिया है. चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की पहली रणनीति ही फेल हो गई है. प्रशांत किशोर ने 2 अक्टूबर को अपनी पार्टी जन सुराज का गठन किया था. इसके बाद उन्होंने बिहार विधानसभा उपचुनाव में अपने उम्मीदवारों को उतारने की घोषणा भी की. प्रशांत किशोर ने अपनी रणनीति के अनुसार तरारी से सबसे पहले उम्मीदवार को उतारा लेकिन अब उन्हें अपने पहले ही उम्मीदवार को बदलना पड़ रहा है. यही नहीं पीके ने बेलागंज से उम्मीदवार भी बदल दिए गए है. तरारी से जन सुराज ने एसके सिंह की जगह अब किरण सिंह को उम्मीदवार बनाया है. वहीं बेलागंज से मो. अमजद पीके की पार्टी के नए उम्मीदवार होंगे.

# अवैध संबंध के विरोध पर जिंदा जलाया

**संवाददाता। हाजीपुर**

भगवानपुर थाना क्षेत्र के मांगनपुर गांव में ससुराल वालों ने एक विवाहिता की शरीर पर तेल छिड़ककर आग लगा दी. उस महिला का कसूर बस इतना ही था कि वह अपने पति की गैर महिला से संबंध का विरोध कर रही थी. इसी को लेकर उसके पति ने उसके साथ पहले मारपीट किया था. इसके बाद लड़की के मायके वालों को घटना की जानकारी मिली तो वे अपने पुत्री को मायके ले आए थे. हालांकि उसके पति के द्वारा आरजू विनती और पंचायती के बाद विवाहिता को मायके से विदा करवाकर पति अपने घर ले



गया था. लेकिन घर जाते हैं उसके साथ पुणे मारपीट ससुराल वालों के द्वारा शुरू कर दी गई थी. मृतका के 14 साल के बेटा है. इधर घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 के पुलिस से इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया है जहां से बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है. मृतका प्रियंका कुमारी के पिता चंद्रशेखर साह सराय थाना क्षेत्र के पौंड़ा गांव की है.

उसके पिता चंद्रशेखर साह ने बताया कि भगवानपुर क्षेत्र के मांगनपुर में निवासी राम रामनरेश साह के बेटे धनजीत साह से पिछले साल 2008 में बेटी की शादी किए थे. लेकिन लड़के का किसी गैर महिला से संपर्क हो गया था जिससे लड़के मिलाजुला करता था. जब इसकी जानकारी बेटी ने हमलोगों को दी और वे विरोध की थी उसी समय से उसके पति उसके साथ उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था.

## शिक्षकों की स्कूल में घुस कर लाठी-डंडे से पिटाई

**जमुई।** जमुई के चकाई ब्लॉक के सिमुलतल्ला थाना क्षेत्र के यूएचएस बसतपुर, लाहाबान के शिक्षकों से स्कूल में दबंगों द्वारा मारपीट की बात कही गई. बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम करीब 4.30 बजे यूएचएस बसतपुर के स्कूल जो कि सुदूरवर्ती इलाके में आता है में जब शिक्षक विद्यालय से निकल रहे थे तभी कुछ युवक आते है और बेवजह गाली देते हुए लाठी डंडों से जमकर उनकी पिटाई कर देते है. जिससे कई शिक्षक घायल हो जाते हैं. जैसे तैसे सभी शिक्षक अपनी जान बचाकर वहां से भागे खड़े होते हैं.

# ड्यूटी में कोताही करना पड़ा भारी सात दारोगा सस्पेंड, एक बर्खास्त

**संवाददाता। बांका**

बिहार के बांका जिले के रजौन थाने के दारोगा गुलशन कुमार ,कटोरिया थाने के दारोगा दीपक सिंह और कृष्णा कुमार, पुलिस लाइन के मु. मकसूद, उदय कुमार, अलका कुमारी और आर्यन कुमार को निलंबित कर दिया गया .है वहीं सिपाही पूजा कुमारी को बर्खास्त कर दिया गया है. दुर्गा पूजा के दौरान ड्यूटी से गायब पाए गए सात दारोगाओं को निलंबित कर दिया गया है. इसके अलावा, एक सिपाही को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है और नौ अन्य सिपाहियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है. बांका के पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैनात ये पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी छोड़कर गायब पाए गए थे. इस गंभीर लापरवाही के लिए उनके खिलाफ यह कड़ी कार्रवाई की गई है.

## कारोबार

## पेटीएम को क्यूएफएस में 930 करोड़ का नेट प्रॉफिट

**मुंबई।** पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 930 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 290.5 करोड़ का घाटा हुआ था. कंपनी के नेट प्रॉफिट में 1,345 करोड़ का एकमुश्त योगदान रहा. मूवी टिकटिंग बिजनेस की बिक्री से मिले अमाउंट को छोड़कर पेटीएम को इस तिमाही में 415 करोड़ का घाटा हुआ है, जो पिछले साल की इसी तिमाही में दर्ज किए गए नुकसान से ज्यादा है.

## बायजू को सुप्रीम कोर्ट से लगा बड़ा झटका

**नयी दिल्ली।** एडुटेक कंपनी बायजू को बड़ा झटका लगा है. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण के उस फैसले को बुधवार को खारिज कर दिया, जिसमें उसने संकटग्रस्त बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक लगा दी गई थी. प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनसीएलएटी के उस आदेश को भी पलट दिया, जिसमें बायजू को बीसीसीआई के साथ 158.9 करोड़ के बकाया भुगतान को मंजूरी दी गई थी.


## जोमैटो ने प्लेटफॉर्म शुल्क में वृद्धि की

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने अपने प्लेटफॉर्म शुल्क में वृद्धि की है. जोमैटो के ऐप पर एक नोटिफिकेशन के अनुसार, अब यह शुल्क 7 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया गया है. कंपनी ने बताया कि, यह शुल्क हमें जोमैटो को सुचारू रूप से चलाने के लिए हमारे खर्चों को पूरा करने में मदद करता है. त्योहारों के दौरान सेवाओं को बनाए रखने के लिए इसमें थोड़ी वृद्धि की गई है. जोमैटो ने सबसे पहले अगस्त 2023 में 2 रुपये का प्लेटफॉर्म शुल्क शुरू किया था, जिसके बाद इसे 3 रुपये कर दिया गया. फिर 1 जनवरी को यह शुल्क बढ़ाकर 4 रुपये कर दिया गया था. अब इस वृद्धि के साथ यह 10 तक पहुंच गया है.

# ग्रीन हाइड्रोजन मिशन केंद्र सरकार की सकारात्मक पहल : एक्सपर्ट्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इलेक्ट्रिक वाहनों को सड़कों पर पूरी तरह से उतारने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन मिशन भारत सरकार की एक सकारात्मक पहल है. बिलियनई के सह-संस्थापक मुस्तफा वाजिद ने मंगलवार को यह बयान दिया. ''एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024'' के साइड लाइन में आईएएनएस से बात करते हुए मुस्तफा वाजिद ने कहा कि "सही मायने में सरकार ने सबसे पहले हाइड्रोजन पर ध्यान केंद्रित किया है जो इस्पात उद्योग, उर्वरक उद्योग, अमोनिया और इसी तरह की औद्योगिक प्रक्रियाओं में आवश्यक है. यह शुरुआती दिन हैं क्योंकि राजमार्गों पर इलेक्ट्रिक वाहन लगाने के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, मॉनिटरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म, संचार इत्यादि जैसी कई अन्य चीजों की भी जरूरत होती है. मुस्तफा ने आगे कहा, सब कुछ ठीक चल रहा है और हम अगले दो से तीन वर्षों में भारी वृद्धि और तेजी देखेंगे. हम ग्रीन इलेक्ट्रिसिटी को इलेक्ट्रिक वाहन के साथ इंटीग्रेट कर सकते हैं. इस तरह पूरे चक्र को पूरी तरह से सस्टेनेबल बना सकते हैं.




उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग और अनुकूलन क्षमता में सुधार की उम्मीद जताई है. उनका मानना है कि सरकार का अगला फोकस परिवहन होगा. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अगला फोकस परिवहन पर होगा. यह विशेष रूप से लंबी दूरी के संचालन के लिए बड़े वाहनों में होगा और हम देखेंगे कि यह कैसे विकसित होता है लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि परिवहन या कोई भी औद्योगिक गतिविधि या कोई भी आर्थिक गतिविधि इकॉनमी के हिसाब से ठीक होनी चाहिए और विशेष रूप से लॉजिस्टिक उद्योग बहुत लागत संवेदनशील है. उन्होंने आगे कहा कि हाइड्रोजन की उपलब्धता, हाइड्रोजन तक पहुंच और हाइड्रोजन की लागत यह निर्धारित करेगी कि इसे कितनी स्वीकृति मिलेगी और यह अभी देखा जाना बाकी है. इसके अलावा, एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024 में पहुंचे सस्टेनेबिलिटी और क्लाइमेट चेंज पार्टनर अजय पिल्लई ने आईएएनएस से बातचीत में भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया भर में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बताया. उन्होंने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से बढ़ रही है और यह दुनिया भर में सबसे अच्छी बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है. इसलिए, हर किसी की तरह, मैं भी देखता हूं कि हम अच्छे हाथों में हैं और अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं.

## भारत की जीडीपी में हो रही है वृद्धि : सर्वे

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और डेलोइट जैसे शीर्ष वैश्विक वित्तीय संस्थानों ने बुधवार को भारत के विकास दर के अनुमानों की सराहना की. शीर्ष अर्थशास्त्रियों ने इस पर खुशी जताते हुए कहा है कि देश की जीडीपी वृद्धि में ग्रामीण खपत को मुख्य कारक के रूप में देखा जाना चाहिए. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर का अनुमान 7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है. डेलॉइट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-2025 में भारत की वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर 7 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान के अनुरूप है. आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025 में देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था. अर्थशास्त्री और भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता संजू वर्मा ने आईएएनएस को बताया कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के हालिया सर्वे के अनुसार, भारत में ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय में पिछले पांच वर्षों में लगभग 58 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में त्योहारी सीजन की बिक्री के आंकड़ों से साफ हुआ है. उन्होंने कहा, क्रय शक्ति निश्चित रूप से बरकरार रही.



मुंबई में मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने दीवाली की पार्टी दी थी. पार्टी में बड़े-बड़े सेलेब्रिटी शामिल हुए. शिल्पा शेट्टी बहन शमिता शेट्टी के साथ नजर आईं. वहीं हुमा कुरैशी और फातिमा सना शेख साथ नजर आईं.

### फैसला : अडाणी समूह ने अपने साम्राज्य का किया विस्तार

# 8100 करोड़ में ओरिएंट सीमेंट खरीदने का ऐलान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अडाणी समूह की अंबुजा सीमेंट ने सेक्टर में अपने दबदबे को बढ़ाते हुए ओरिएंट सीमेंट के अधिग्रहण का एलान किया है. अंबुजा सीमेंट इस अधिग्रहण के लिए 8100 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है. कंपनी अपने पास उपलब्ध फंड के जरिए इस खरीदारी को पूरा करेगी. इस अधिग्रहण के बाद अडानी सीमेंट का कुल ऑपरेशनल कैपेसिटी सालाना 97.4 एमटीपीए टन हो जाएगा और मार्च 2025 तक कंपनी अपने उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 100 मिलियन करने जा रही है. स्टॉक एक्सचेंज के पास रेगुलेटरी फाइलिंग में अंबुजा सीमेंट ने बताया कि




ओरिएंट सीमेंट के अधिग्रहण के बाद अंबुजा सीमेंट को दक्षिण और पश्चिम भारत में प्रोडेक्शन कैपेसिटी को बढ़ाकर सालाना 8.5 मिलियन टन करने में मदद मिलेगी. साथ ही अडानी सीमेंट के मार्केट शेयर में 2 फीसदी का इजाफा होगा. इस खबर के बावजूद बाजार के बिगड़े सेंटीमेंट के चलते अंबुजा सीमेंट का स्टॉक 1.49 फीसदी की गिरावट के साथ 563.15 रुपये पर कारोबार कर रहा है.

3-4 महीने में अधिग्रहण होगा पूरा : रेगुलेटरी फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि, ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड की 37.90 फीसदी हिस्सेदारी जो 7,76,49,413 इक्विटी शेयर्स को खरीदने के लिए करार किया है. इसके अलावा कंपनी 8.90 फीसदी हिस्सेदारी जो 1,82,23,750 इक्विटी शेयर्स के बराबर है उसका भी अधिग्रहण करेगी. अंबुजा सीमेंट इसके अलावा 26 फीसदी हिस्सेदारी के तहत 5,34,19,567 शेयर्स ओरिएट सीमेंट के मौजूदा शेयरधारकों से खरीदने के लिए 395.40 रुपये प्रति शेयर के भाव पर ओपन ऑफर लेकर आएगी.

### 2028 तक 140 मिलियन टन का टारगेट

ओरिएंट सीमेंट के अधिग्रहण के बाद 2025 तक अंबुजा सीमेंट का सालाना कैपेसिटी 100 मिलियन टन हो जाएगा. जिसे साल 20028 तक बढ़ाकर कंपनी ने 140 मिलियन टन रखने का टारगेट फिक्स किया है. इससे पहले अडानी समूह ने सांघी सीमेंट लिमिटेड का अधिग्रहण दिसंबर 2023 में किया था. इस वर्ष समूह ने पेन्ना सीमेंट को भी खरीदने का एलान किया था. इस अधिग्रहण पर अंबुजा सीमेंट के डायरेक्ट करण अडानी ने कहा, सही समय पर किया ये अधिग्रहण अंबुजा सीमेंट के ग्रोथ को रफ्तार देने में मदद करेगी साथ ही दो वर्षों में 30 मिलियन टन क्षमता और बढ़ाया जा सकेगा.

# हुंडई मोटर इंडिया की लिस्टिंग पर शेयरधारकों को हुआ नुकसान

**एजेंसी। मुंबई**

हुंडई मोटर इंडिया की लिस्टिंग का इंतजार आज खत्म हो गया है. देश की दूसरी सबसे बड़ी कार कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के आईपीओ वाले शेयरों की लिस्टिंग मंगलवार को बीएसई-एनएसई पर हो गई है. बीएसई पर हुंडई मोटर इंडिया की लिस्टिंग 1931 रुपये प्रति शेयर पर हुई है और एनएसई पर हुंडई मोटर इंडिया की लिस्टिंग 1934 रुपये पर हुई है.

हुंडई मोटर के आईपीओ में शेयरों का प्राइस बैंड 1960 रुपये प्रति शेयर पर था. सपाट लिस्टिंग के बाद इसके शेयर नीचे की तरफ 1844.65 रुपये प्रति शेयर पर ट्रेड कर रहे थे और 4.50 फीसदी से ज्यादा टूट गए थे. शेयर बाजार में जैसा देखा गया है कि बेहद विशाल आईपीओ की लिस्टिंग पर उस तरह का लिस्टिंग गेन नहीं मिल पाया था, कमोबेश वैसा ही हुंडई मोटर इंडिया की लिस्टिंग के साथ हुआ है. इसके शेयर डिस्काउंट पर लिस्ट हुए हैं और इस लिस्टिंग को फ्लैट लिस्टिंग कहा जाएगा क्योंकि निवेशकों को इसकी लिस्टिंग से अच्छा सपोर्ट मिलने की उम्मीद थी.

एनएसई पर 1934 रुपये प्रति शेयर के आईपीओ प्राइस के सामने हुंडई मोटर इंडिया की लिस्टिंग 1934 रुपये पर हुई जो कि 1.3 परसेंट के डिस्काउंट पर है. वहीं बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 1931 रुपये पर है जो कि 1.5 परसेंट का डिस्काउंट है.

## न्यूज अपडेट

### इंडिया ब्लॉक आगामी चुनाव जीतेगा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को एक बयान में कहा कि डीएमके के नेतृत्व वाला इंडिया ब्लॉक राज्य में होने वाले आगामी सभी चुनावों में जीत हासिल करेगा. उन्होंने गठबंधन के मजबूत होने का हवाला दिया. सीएम स्टालिन ने बुधवार को एक समारोह में कहा कि इंडिया गठबंधन विचारधारा से एकजुट है और इसे सिर्फ चुनावी लाभ के लिए नहीं बनाया गया है. विपक्ष के नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने दावा किया था कि डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन आंतरिक कलह का सामना कर रहा है.

### अब मेट्रो में भी करिए मोबाइल चार्ज

**नोएडा।** यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए, नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने नोएडा मेट्रो नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर पावर बैंक सुविधा शुरू की है. यह सेवा, बुधवार से शुरू हुई है. इस सुविधा का उद्देश्य यात्रियों को यात्रा के दौरान उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चार्ज करने में मदद देना है. इस सुविधा का शुभारंभ सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन पर एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. लोकेश एम. ने किया. यह सुविधा ए3 चार्ज द्वारा प्रदान की जाएगी, जो दिल्ली-एनसीआर स्थित कंपनी है.

### आग लगने से पांच झुलसे, एक की मौत

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के किशनगढ़ इलाके में बुधवार को एक फ्लैट में आग लग गई. आग की चपेट में आने से एक ही परिवार के पांच सदस्य झुलस गए, जिसमे से एक की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है. आग लगने की घटना किशनगढ़ थाना के सनी बाजार रोड स्थित नंद भवन नामक बिल्डिंग की है. किराए पर रहने वाले परिवार के सभी सदस्य आग की चपेट में आ गए. फिलहाल बिल्डिंग में कैसे आग लगी है, अभी इसका पता नहीं चला है.

### पीकेके के तीन सदस्य हिरासत में लिये

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन ने प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय समूह के प्रमुख सदस्यों ज़ेनेप तस्कीरन और ज़ुबेदे तस्कीरन को इस्तांबुल में हिरासत में लिया गया, जबकि पीकेके के तीसरे सदस्य हतिन साहबाज को उत्तर-पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया. तीनों को खुफिया विभाग और पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया, हालांकि अभियान की समय-सीमा के बारे में जानकारी नहीं दी गई.

### ट्रक-कार की टक्कर में छह की मौत

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के कैरौअन प्रांत में एक ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया गया है. कैरौअन में नागरिक सुरक्षा के क्षेत्रीय निदेशक कर्नल हमदी लुसिफ ने बताया कि चेबिका और कैरौअन शहर को जोड़ने वाले हाईवे पर आज एक ट्रक और अंतरप्रांतीय परिवहन टैक्सी के बीच टक्कर हो गई. जिस सड़क पर दुर्घटना हुई है, उसे क्षेत्र की सबसे खतरनाक सड़कों में से एक माना जाता है.

### सैटेलाइट लॉन्च करेगा दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया दिसंबर में अपना तीसरा सैन्य टोही सैटेलाइट लांच करेगा. सरकारी हथियार खरीद एजेंसी ने बुधवार को कहा कि उत्तर कोरिया पर अपनी निगरानी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है. रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन (डीएपीए) ने कहा कि उपग्रह को ले जाने वाला स्पेसएक्स रॉकेट दिसंबर के तीसरे या चौथे सप्ताह में लांच किया जाएगा. साथ ही, यह भी कहा कि वह लॉन्च के विवरण पर अमेरिकी कंपनी के साथ काम कर रहा है.

### नेपाल में प्लास्टिक की बोतलों पर बैन

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने चार सितारा और उससे ऊपर के होटलों में प्लास्टिक की बोतलों पर प्रतिबंध लगा दिया है. पर्यटन विभाग के महानिदेशक नारायण प्रसाद रेग्मी ने कहा कि प्लास्टिक की बोतलों पर प्रतिबंध सभी चार सितारा, पांच सितारा, पांच सितारा डीलक्स, डीलक्स और लग्जरी होटलों और रिसॉर्ट्स पर लागू होता है. एक निर्देश जारी कर उच्च श्रेणी (लग्जरी) के होटलों और रिसॉर्ट्स को प्लास्टिक की बोतलों में पानी देना बंद कर कांच की बोतलों और धातु के बर्तनों में पानी देने का निर्देश दिया है.

### मलयालम अभिनेता ने की दूसरी शादी

**कोच्चि।** मलयालम अभिनेता बाला ने अपनी पहली पत्नी अमृता सुरेश से अलग होने के बाद दूसरी शादी कर ली है. अभिनेता ने पत्नी का नाम कोकिला बताया. फिलहाल एक्टर जमानत पर बाहर हैं. उन पर किशोर न्याय अधिनियम के तहत दर्ज एक मामला दर्ज कराया गया था. अभिनेता ने बुधवार को यहां के एक स्थानीय मंदिर में दूसरी शादी की. इस शादी में बाला की 74 साल की मां शामिल नहीं हुईं. बाला ने आगे कहा कि हमें आप सभी का आशीर्वाद चाहिए, कृपया हमारे लिए प्रार्थना करें.

### पंजाब : कर्मचारियों का विरोध-प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब में सरकार बनने से पहले वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद सबसे पहले कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा. प्रदेश में पार्टी की सरकार बने दो साल से भी ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी भी कच्चे कर्मचारी को पक्का करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है, जिसे लेकर कर्मचारियों में खासा रोष देखने को मिल रहा है. कर्मचारियों ने बुधवार को पठानकोट सहित अन्य इलाकों में अपनी इसी मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया.

**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन : प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा-आतंकवाद पर डबल स्टैंडर्ड की कोई जगह नहीं**

# भारत युद्ध नहीं, बल्कि संवाद की कूटनीति का घोर समर्थक : मोदी

एजेंसियां। कजान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत युद्ध का नहीं, बल्कि कूटनीति और संवाद का समर्थन करता है. साथ ही उन्होंने चीन और रूस जैसे बड़े देशों के राष्ट्रपतियों के सामने आतंकवाद पर प्रहार किया. मोदी ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर लोगों का दोहरा रवैया नहीं चलेगा. हमारी बैठक एक ऐसे समय में हो रही है जब विश्व युद्धों, संघर्षों, आर्थिक अनिश्चितता, क्लाइमेट चेंज, आतंकवाद जैसी अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है. विश्व में नॉर्थ-साउथ और पूर्व-पश्चिम डिवाइड की बात हो रही है. महंगाई की रोकथाम, फूड सिक्योरिटी, एनर्जी सिक्योरिटी, हेल्थ सिक्योरिटी, वाटर सिक्योरिटी, सभी देशों के लिए प्राथमिकता के विषय हैं और टेक्नोलॉजी के युग में साइबर सिक्योरिटी, डीप फेक, डिसइन्फॉर्मेशन जैसी नई चुनौतियां बन गई हैं. ऐसे में, ब्रिक्स को लेकर बहुत अपेक्षाएं हैं.

पीएम मोदी ने कहा, आतंकवाद और टेरर फाइनेंनसिंग से निपटने के लिए हम सभी को एक मत हो कर दृढ़ता से सहयोग देना होगा. ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं है. हमारे देशों के युवाओं में कट्टरता को रोकने के लिए हमें सक्रिय रूप से कदम उठाने चाहिए. यूएन में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक अभिसमय के लंबित मुद्दे पर हमें मिलकर काम करना होगा. उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि एक डायवर्स और इंक्लूसिव प्लेटफॉर्म के रूप में, ब्रिक्स सभी विषयों पर सकारात्मक भूमिका अदा कर सकता है. इस संदर्भ में हमारी एप्रोच पीपुल सेंट्रिक रहनी चाहिए. हमें विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि ब्रिक्स विभाजनकारी नहीं, जनहितकारी समूह है. दुनिया को लेकर भारत के रवैया पर बोलते हुए उन्होंने कहा, हम युद्ध नहीं, डायलॉग और डिप्लोमेसी का समर्थन करते हैं और जिस तरह हमने मिलकर कोविड जैसी चुनौती को परास्त किया, उसी तरह हम भावी पीढ़ी के सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध भविष्य के लिए नए अवसर पैदा करने में पूरी तरह सक्षम हैं. हम युद्ध नहीं, बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करते हैं.

### ब्रिक्स के नए देशों के स्वागत के लिए भारत तैयार

इस दौरान पीएम ने कहा कि भारत भागीदार देशों के रूप में ब्रिक्स में नए देशों का स्वागत करने के लिए तैयार है. उन्होंने कहा, इस संबंध में, सभी निर्णय आम सहमति से लिए जाने चाहिए और ब्रिक्स के संस्थापक सदस्यों के विचारों का सम्मान किया जाना चाहिए. मोदी ने कहा, जोहान्सबर्ग शिखर सम्मेलन के दौरान अपनाए गए मार्गदर्शक सिद्धांतों, मानकों, मानदंडों और प्रक्रियाओं का सभी सदस्यों और भागीदार देशों की तरफ से अनुपालन किया जाना चाहिए. मोदी ने इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक निकायों में सुधार की भी वकालत की. उन्होंने कहा, जब हम ब्रिक्स में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सावधान रहना चाहिए कि यह संगठन वैश्विक संस्थानों की जगह लेने की कोशिश करने वाले संगठन की छवि न बना ले. बता दें कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग समेत ब्रिक्स देशों के शीर्ष नेताओं ने भाग लिया.

**बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना बना गहरा दबाव चक्रवाती तूफान में तब्दील**

# आज ओडिशा-बंगाल के तट से टकराएगा 'दाना'

**भारतीय वायु सेना और तटरक्षक बल भी अलर्ट, एहतियाती उपाय किए गए**

एजेंसी। भुवनेश्वर

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना बना गहरा दबाव बुधवार सुबह चक्रवाती तूफान 'दाना' में तब्दील हो गया. इसके गुरुवार को इसके ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों से टकराने की आशंका है. इसको लेकर ओडिशा सरकार ने 13 जिलों में 51 ओडीआरएएफ, 19 एनडीआरएफ और 178 अग्निशमन सेवा टीमों सहित 288 बचाव दल तैनात किए गए हैं. वहीं पश्चिम बंगाल सरकार ने आसन्न संकट को देखते हुए एहतियाती उपायों की घोषणा की.

मौसम विभाग ने कहा कि पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी पर मंगलवार को बना गहरा दबाव क्षेत्र पिछले छह घंटों के दौरान 18 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ा और चक्रवाती तूफान दाना में बदल गया. इसके और अधिक तीव्र होकर 24 अक्टूबर (रात) से 25 अक्टूबर की सुबह तक पुरी जिले और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तट पर पहुंचने की आशंका है. इस दौरान 100-110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और यह 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती हैं. इसको लेकर ओडिशा सरकार ने कई एहतियाती कदम उठाए हैं, जिसमें प्रभावित जिलों में करीब 3,000 चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर रहने वाले निवासियों को निकालने के साथ इन जिलों में ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अग्निशमन सेवा कर्मियों की तैनाती शामिल है.



कोलकाता में यातायात पुलिस अधिकारी बुधवार हुगली नदी पर चक्रवात दाना के पहुंचने के संबंध में नदी के किनारे एक आधिकारिक चेतावनी जारी करता हुआ.

### आडिशा में 6,000 चक्रवात आश्रय व राहत केंद्र बनाए गए

वहीं प्रभावित जिलों में संवेदनशील स्थानों से निकाले गए लोगों के लिए ओडिशा सरकार द्वारा लगभग 6,000 चक्रवात आश्रय और राहत केंद्र बनाए गए हैं. इन केंद्रों पर महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है. जिला प्रशासन ने राहत केंद्रों और चक्रवात आश्रयों में खाद्य सामग्री, आवश्यक दवाओं, पानी और बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की है. राज्य सरकार ने करीब 10 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है. सरकार ने 8,000 से अधिक गर्भवती महिलाओं की भी पहचान की है, जिन्हें सुरक्षित प्रसव के लिए नजदीकी अस्पतालों में भेजा जा रहा है. चक्रवात के बाद बिजली की त्वरित बहाली के लिए प्रभावित जिलों में करीब 700 इलेक्ट्रिकल गैंगमैन तैनाती के लिए तैयार हैं.

### तटीय जिलों में भारी बारिश की संभावना

चक्रवाती तूफान दाना के आने से पूर्वी मिदनापुर, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना के तीन तटीय जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है. इस बीच पश्चिम बंगाल सरकार ने दक्षिण बंगाल के नौ जिलों में शैक्षणिक संस्थान 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक बंद दिए हैं. राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष खोले गए हैं. मछुआरों को समुद्र में जाने से रोका जा रहा है. जिला प्रशासन से निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने को कहा गया है.

### पश्चिम बंगाल : चक्रवात 'दाना' का प्रभाव 2020 के 'अम्फान' से कम होगा

**कोलकाता।** कोलकाता में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक चक्रवात दाना का प्रभाव 2020 के चक्रवात अम्फान से कम होगा. तबाही भी उस हद तक नहीं होगी. बता दें कि अम्फान 1999 के ओडिशा चक्रवात के बाद सबसे शक्तिशाली था. उपलब्ध नवीनतम जानकारी के अनुसार, चक्रवात दाना वर्तमान में ओडिशा के पारादीप से 560 किलोमीटर, पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप समूह और बांग्लादेश के खेपुपारा से 700 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित है.

पूर्वानुमान के अनुसार, चक्रवात दाना धीरे-धीरे शक्तिशाली होने लगा है. पश्चिम बंगाल के विभिन्न तटीय क्षेत्रों में आसमान में पहले से ही काले बादल छाए हुए हैं. राज्य की राजधानी कोलकाता में भी आसमान में बादल छाए हुए हैं. अगले दो दिनों के लिए दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों, विशेषकर तटीय जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, यहां पहले से ही भारी वर्षा का पूर्वानुमान है. चक्रवात के आने के बाद पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में हवा की गति लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है, जबकि कोलकाता में उस समय हवा की अधिकतम गति 80 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की उम्मीद है.

## महाराष्ट्र विस चुनाव : उद्धव गुट ने जारी की पहली सूची

- कांग्रेस, एनसीपी (शरद) और शिवसेना (यूबीटी) ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करके 85-85 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा भी की



एजेंसी। बई

महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शिवसेना (यूबीटी) ने बुधवार को अपने 65 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे को शिवसेना यूबीटी ने वर्ली से टिकट दिया है. लंबे वक्त से राज्य में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं हो पा रहा था. लेकिन, बुधवार को एमवीए के बीच आखिरकार सहमति बन गई. इसके साथ ही कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (यूबीटी) ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करके 85-85 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा भी की.

शिवसेना (यूबीटी) ने अपनी पहली लिस्ट में चालीसगांव से उन्मेश पाटील, पाचोरा से वैशाली सूर्यवंशी, मेहकर (अजा) सिद्धार्थ खरात, बालापूर से नितिन देशमुख, अकोला पूर्व से गोपाल दातकर, वाशिम (अजा) से डॉ. सिद्धार्थ देवले, बडनेरा से सुनील खराटे, रामटेक से विशाल बरबटे, वणी से संजय देरकर, लोहा से एकनाथ पवार, कलमनुरी से डॉ. संतोष टारफे, परभणी से डॉ. राहुल पाटील, गंगाखेड से विशाल कदम, सिल्लोड से सुरेश बनकर को टिकट दिया है. दूसरी तरफ, कन्नड से उदय सिंह राजपूत, संभाजीनगर मध्य से किशनचंद तनवाणी, संभाजीनगर. प. से (अजा) राजू शिंदे, वैजापूर से दिनेश परदेशी, नांदगांव से गणेश धात्रक, मालेगांव बाहरी से अद्व्य हिरे, निफाड से अनिल कदम, नासिक मध्य से वसंत गीते, नासिक पश्चिम से सुधाकर बडगुजर, पालघर (अज) से जयेंद्र दुबला, बोईसर (अज) से डॉ. विश्ववास वलवी, भिवंडी ग्रामीण (अज) से महादेव घाटल और अंबरनाथ (अजा) से राजेश वानखेडे ताल ठोकेंगे.

### अजित पवार बारामती और छगन भुजबल येवला से लड़ेंगे चुनाव

**मुंबई।** एनसीपी (अजीत पवार गुट) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को 38 उम्मीदवारों की सूची जारी की. इस सूची में येवला से छगन भुजबल, कागल से हसन मुश्रीफ को चुनावी मैदान में उतारा है. वहीं, अजीत पवार खुद बारामती सीट से चुनाव लड़ेंगे. वहीं, कोपुरगव से आशुतोष काले, अकोले से किरण लहामटे, बसमत से चंद्रकांत उर्फ राजू नवघरे, चिपलूण से शेखर निकम और मावल से सुनील शेलके को चुनावी मैदान में उतारा गया है. आंबेगाव से दिलीप वलसे-पाटील, परली से धनंजय मुंडे, दिंडोरी से नरहरी झिरवाल को टिकट दिया गया है. अजीत पवार गुट ने कांग्रेस से एनसीपी में आए दो विधायकों को भी टिकट दिया है, जिसमें इगतपुरी से हीरामन खोसकर, अमरावती शहर से सुलभा खोडके का नाम शामिल हैं.

## 4,24,78,689 रुपये की चल संपत्ति प्रियंका गांधी के पास

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करके अपनी चुनावी पारी का आगाज किया.

**केस और पढ़ाई :** प्रियंका गांधी ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में बताया है कि उन पर तीन मुकदमे चल रहे हैं. इसमें धारा 420, 469, 188, 269, 270, 9 और 51 हैं. दो मामले यूपी के हैं और एक मध्य प्रदेश का है. 1989 में दिल्ली के जीसस एंड मैरी से बारहवीं पास की. 1993 में डीयू के जीसस एंड मैरी कॉलेज से साइकोलॉजी में ग्रैजुएशन की. 2010 में इंग्लैंड से बुद्धिस्ट स्टडीज में पोस्ट ग्रैजुएशन डिप्लोमा किया है.

**कितना सोना-चांदी :** प्रियंका गांधी की कुल चल संपत्ति 4,24,78,689 रुपये है. वहीं उनके पति रॉबर्ट वाड्रा के पास 37,91,47,432 रुपये की चल संपत्ति है. सोना उनके पास 1,15,79,065 रुपये की कीमत का है. वहीं चांदी 29,55,581 रुपये की है. उनके पास होंडा सीआरवी कार है और ये गिफ्ट में उनके पति ने दी है.

**कितने खेत-मकान :** प्रियंका के पास दिल्ली के महरौली में सुल्तानपुर गांव में खेती की जमीन है. इसकी कीमत 2,10,13,598 रुपये है. वहीं शिमला में 7,74,12,598 रुपये का रिहायशी मकान और जमीन है.

### सिनवार की मौत का बंधकों की रिहाई पर पड़ सकता है सकारात्मक प्रभाव

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास नेता याह्या सिनवार की मौत से इजराइल के बंधकों की रिहाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और इजराइल को युद्ध के उद्देश्यों को हासिल करने में मदद मिल सकती है. प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात के दौरान नेतन्याहू ने कहा कि सिनवार की मौत से बंधकों की वापसी और युद्ध के बाद की वास्तविकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है. मंगलवार को जारी इस बयान में बताया गया है कि दोनों के बीच यरूशलम में मैत्रीपूर्ण बैठक हुई, जिसमें गाजा को लेकर चर्चा की गई. अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ब्लिंकन ने बैठक के दौरान इजराइल की सुरक्षा के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराई है. बैठक के बाद ब्लिंकन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि उन्होंने और नेतन्याहू ने गाजा में युद्ध समाप्त करने, सभी बंधकों को वापस करने और इजराइल-फिलिस्तीनियों के लिए स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग तैयार करने के महत्व के बारे में भी बात की.

# हिज़्बुल्लाह नेता नसरल्लाह के उत्तराधिकारी सैफ़िद्दीन की मौत

### इजराइल की सेना का दावा- हज़ीमा के साथ तीन सप्ताह पहले हवाई हमले में मारे गये

लगातार न्यूज नेटवर्क

इजराइल की सेना ने दावा किया है कि उसने हिज़्बुल्लाह के नेता हसन नसरल्लाह के उत्तराधिकारी माने जाने वाले हाशिम सैफ़िद्दीन को मार दिया है. पिछले महीने हसन नसरल्लाह भी इजराइली हमले में मारे गए थे. हालांकि हिज़्बुल्लाह ने सैफ़िद्दीन के मारे जाने की पुष्टि नहीं की है. इस बीच, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कैसरिया स्थित घर पर हुए ड्रोन हमले की जिम्मेदारी हिजबुल्लाह ने ली है. वहीं ईरान के एक वरिष्ठ कमांडर का कहना है कि इजराइल ईरान के खिलाफ कोई 'बड़ी और महत्वपूर्ण' सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा.

मंगलवार को आईडीएफ ने एक बयान जारी कर कहा कि सैफ़िद्दीन को अली हुसैन हज़ीमा के साथ तीन सप्ताह पहले लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाके में एक हवाई हमले में मार दिया गया है. हज़ीमा को हिज़्बुल्लाह के इंटेलिजेंस मुख्यालय का कमांडर बताया गया है. आईडीएफ ने कहा है कि बेरूत में हिज़्बुल्लाह के प्रमुख इंटेलिजेंस मुख्यालय पर हमला करके हज़ीमा को मारा गया. आईडीएफ ने ये भी कहा है कि सैफ़िद्दीन ''वर्षों से इजराइल के ख़िलाफ़ आतंकवादी हमले'' करते आए थे. वो हिज़्बुल्लाह में केंद्रीय स्तर पर फैसले लेने की प्रक्रिया में भी शामिल रहते थे. हाशिम सैफ़िद्दीन हिज़्बुल्लाह की एग्जीक्यूटिव काउंसिल के प्रमुख थे. जबकि अली हुसैन हज़ीमा हिज़्बुल्लाह के इंटेलिजेंस मुख्यालय के कमांडर थे. इन लोगों को लगभग तीन सप्ताह पहले दाहिया में मारा गया. हाशिम सैफ़िद्दीन हिज़्बुल्लाह के सबसे बड़े सैन्य-राजनीतिक फोरम शूरा काउंसिव के सदस्य भी थे. हिज़्बुल्ला में नीतिगत फैसले यही काउंसिल लेती है. हाशिम सैफ़िद्दीन हसन नसरल्लाह के कज़िन थे और उनका हिज़्बुल्लाह की ओर लिए जाने वाले फैसले में काफी दखल होता था. जब नसरल्लाह लेबनान में नहीं थे तब हाशिम ही हिज़्बुल्लाह के सेक्रेट्री जनरल का पद संभाल रहे थे.



### इजराइल ईरान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई नहीं करेगा : कमांडर

वहीं, ईरान के एक वरिष्ठ कमांडर मोहम्मद अली जाफरी ने मंगलवार को कहा कि इजराइल ईरान के 1 अक्टूबर मिसाइल ऑपरेशन के जवाब में 'एक हताश, सीमित और छोटे पैमाने पर हमला' करने की संभावना है, ताकि यह दिखा सके कि उसने हमले के खिलाफ कार्रवाई की है या उसका जवाब दिया है. इजराइल तेहरान के हमले के बराबर कोई कार्रवाई नहीं कर पाएगा. ईरान की प्रतिक्रिया काफी हद तक इजराइल के हमले की तीव्रता पर निर्भर करेगी. यदि दुश्मन कोई बड़ी और महत्वपूर्ण कार्रवाई करता है, तो उसे कई गुना अधिक तीव्रता से जवाब दिया जाएगा.

### हिजबुल्लाह ने पीएम नेतन्याहू के घर पर हमले की जिम्मेदारी ली

इस बीच, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कैसरिया स्थित घर पर हुए ड्रोन हमले की जिम्मेदारी हिजबुल्लाह ने ली है. हिजबुल्लाह के मीडिया कार्यालय के प्रमुख मोहम्मद अफीफ ने बेरूत के दक्षिणी इलाके के दहिएह में एक संवाददाता सम्मेलन में यह जिम्मेदारी ली. उन्होंने कहा कि नेतन्याहू के घर को निशाना बनाने की जिम्मेदारी हम लेते हैं. अफीफ ने धमकी भरे अंदाज में कहा कि यदि पिछली बार हमारे हाथ आप (इजराइल) तक नहीं पहुंचे, तो दिन, रात और मैदान (युद्ध का) हमारे बीच है. जब तक इजराइल के साथ लड़ाई जारी रहेगी, तब तक कोई बातचीत नहीं होगी .हिजबुल्लाह पलटवार करने में माहिर हैं .समूह उत्तरी इजराइल पर लगातार बमबारी जारी रखते रहेंगे. अफीक ने यूनाइटेड स्टेट्स की भूमिका पर भी सवाल उठाए.

**वायु प्रदूषण की मार** **आनंद विहार में एक्यूआई 407 और गाजियाबाद में 320 अंक पहुंचा**

# दिल्ली की हवा हुई जहरीली, आम जनजीवन प्रभावित

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली में तापमान गिरने के साथ ही वायु प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है. राष्ट्रीय राजधानी के 25 इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 300 और 400 के बीच में पहुंच चुका है. इसके चलते आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों के स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक स्थिति बनी हुई है.

केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड सीसीबी के अनुसार बुधवार सुबह 7:30 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 354 अंक बना हुआ है, जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 181, गुरुग्राम में 248, गाजियाबाद में 320, ग्रेटर नोएडा में 196 और नोएडा में 304 अंक बना हुआ है. दिल्ली के जहांगीरपुरी में 417 और आनंद विहार में 402 एक्यूआई लेवल सबसे अधिक बना हुआ है, जबकि दिल्ली के 25 इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर 400 के बीच में बना हुआ है. अलीपुर में 372, अशोक विहार में 359, बवाना में 391, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 346, डीटीयू में 320, द्वारका सेक्टर 8 में 367, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 358, मंदिर मार्ग में 355, मुंडका में 373, नजफगढ़ में 342, नरेला में 357, नेहरू नगर में 365, एनएसआईटी द्वारका में 389, ओखला फेस टू में 346, पटपड़गंज में 373, पंजाबी बाग में 365, पूसा में 305, आरके पुरम में 352, रोहिणी में 388, शादीपुर में 322, सिरी फोर्ट में 344, श्री अरविंदो मार्ग में 322, विवेक विहार में 399, वजीरपुर में 387 अंक बना हुआ है, जबकि दिल्ली के तीन इलाकों में एक्यूआई लेवल 200 से ऊपर 300 के बीच में है.



### सड़कों को साफ करने के लिए चल रहीं मशीनें, छिड़का जा रहा पानी

आईएमडी के अनुसार, दिल्ली का दैनिक औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स अगले कुछ दिनों में 'बहुत खराब' श्रेणी में रहने की संभावना है. इसके पीछे मौसम और जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियां जिम्मेदार हैं. पड़ोसी राज्यों हरियाणा और पंजाब में इन दिनों पराली जलाने को भी दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के लिए अक्सर दोषी ठहराया जाता है. दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण कम करने के लिए ग्रैप 2 के नियम को तहत प्रतिबंध लगाया गया है. इसके तहत कोयला, लकड़ी और डीजल जनरेटर कम इस्तेमाल होंगे. सड़कों को साफ करने के लिए मशीनें चल रही हैं और पानी छिड़का जा रहा है. निर्माण स्थलों पर धूल उड़ने से रोका जा रहा है. ट्रैफिक पुलिस की भी ज्यादा तैनात की जा रही है और गाड़ी पार्क करने के पैसे बढ़ाए जा रहे हैं ताकि लोग अपनी गाड़ियां कम चलाएं. बस और मेट्रो सेवाएं भी बढ़ाई जा रही हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)